सच, सिर्फ सच

**

# वॉयस ऑफ लखनऊ

गुरुवार, 27 अगस्त, 2026 लखनऊ, महानगर, वर्ष 22, अंक 50, पेज 12, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com


## सेंसेक्स में 183 अंकों की गिरावट

शेयरों में बिकवाली से घरेलू शेयर बाजार बुधवार को अपनी बढ़त को बरकरार नही रख पाये और सेंसेक्स 183 अंक टूटा व निफ्टी 127 अंक के नुकसान में रहा। } 10

## भारत सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था

वित मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि भारत आज दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था है निरंतर वृद्धि तेजी से विकसित हो रहे पूंजी बाजारों का अनूठा संयोजन निवेश के अवसर प्रदान करता है। } 10



# नेपाल में बाढ़ का कहर, 95 लोगों की मौत

### 105 भारतीयों समेत 500 लोग लापता, 1643 बच्चों का स्कूल चढ़ा सैलाब की भेंट, राहत और बचाव कार्य जारी







एजेंसी

काठमांडू। नेपाल में भोटे कोशी नदी में आई विनाशकारी बाढ़ से 95 लोगों की मौत हो गई जबकि 105 भारतीयों समेत करीब 500 लोग लापता बताए जा रहे हैं। मध्य नेपाल के कई जिले बुधवार को तिब्बत में अचानक आई भीषण बाढ़ की चपेट में आ गए हैं। बागमती प्रांत पुलिस कार्यालय के प्रवक्ता राजेंद्र प्रसाद धमाला के अनुसार, चितवन जिले से 18, धादिंग से 16, नुवाकोट से 11 और रसुवा से एक शव बरामद किया गया है।

अधिकारियों ने बताया कि स्थानीय समयानुसार सुबह करीब नौ बजे भोटे कोशी नदी में अचानक बाढ़ आने से तिब्बत की सीमा से लगे रसुवा और धादिंग जिले प्रभावित हुए। इसके बाद बाढ़ धादिंग, नुवाकोट और चितवन जिलों तक फैल गई तथा कम से कम चार स्थायी एवं कुछ अस्थायी पुल क्षतिग्रस्त हो गए। नेपाल के नुवाकोट में बुधवार सुबह त्रिशूली नदी का पानी अचानक बढ़ा तो बिदुर स्थित त्रिभुवन त्रिशूली माध्यमिक विद्यालय में अफरातफरी मच गई। उस समय स्कूल में 1643 छात्र पढ़ाई कर रहे थे। सुबह 9:15 बजे बाढ़ की चेतावनी मिली और महज 10 मिनट बाद 9:25 बजे नदी का तेज पानी और बड़ी लहर इलाके तक पहुंच गई। स्कूल प्रशासन ने छात्रों को तुरंत सुरक्षित स्थान पर भेजा, जिससे बड़ी संख्या में बच्चों को खतरे से बाहर निकाल लिया गया। हालांकि बाढ़ से पहले पुल पार कर घर जाने वाले कुछ छात्रों का अब तक पता नहीं चल सका है।

धमाला ने बताया कि प्रभावित इलाकों के विभिन्न हिस्सों से कम से कम 93 लोगों को बचाया गया है। इनमें से 30 लोगों का काठमांडू के त्रिभुवन विश्वविद्यालय शिक्षण अस्पताल में इलाज किया जा रहा है। लापता लोगों में कम से कम 105 भारतीय और 37 अप्रवासी भारतीय (एनआरआई) शामिल हैं। इनमें से अधिकतर तिब्बत में कैलाश मानसरोवर यात्रा के लिए जा रहे थे। बाढ़ से प्रभावित इलाकों में तलाशी और बचाव अभियान जारी है। अधिकारियों की टीमें लापता लोगों की तलाश में जुटी हैं। राहत और बचाव कार्य के बीच मृतकों की संख्या और बढ़ने की आशंका बनी हुई है। रसुवा, नुवाकोट, धादिंग और चितवन समेत कई निचले जिलों में हाई अलर्ट जारी किया गया है। नेपाल सेना ने एक बयान में बताया कि अचानक जलस्तर बढ़ने से रसुवा जिले के तिमुरे और पास के स्याफ्रुबेसी इलाके में भारी तबाही हुई तथा वाहन, सामान और अन्य संपत्ति बह गई। सबसे अधिक प्रभावित रसुवा जिला है, जो काठमांडू से करीब 125 किलोमीटर उत्तर-पूर्व में तिब्बत सीमा के पास स्थित है। बागमती प्रांत पुलिस कार्यालय के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एवं प्रवक्ता ने पीटीआई-भाषा को बताया कि अचानक आई बाढ़ के बाद नुवाकोट जिले की बिदुर नगरपालिका से तीन पुरुषों और एक महिला के शव बरामद किए गए। बाढ़ के तुरंत बाद उनके शव त्रिशूली नदी के पास पड़े मिले। नेपाल के राष्ट्रीय आपदा जोखिम न्यूनीकरण एवं प्रबंधन प्राधिकरण ने एक बयान में रसुवा, नुवाकोट, धादिंग, चितवन और गोरखा में नदी किनारे रहने वाले लोगों से अगली सूचना तक हाई अलर्ट पर रहने और सुरक्षा ...शेष पृष्ठ 10 पर

### नेपाल को सहायता भेज रहा भारत

नयी दिल्ली। भारत पड़ोसी देश नेपाल के उत्तरी जिलों में बुधवार सुबह आई अचानक बाढ़ के बाद भारतीय वायु सेना के विमानों से राहत सामग्री भेज रहा है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सरकार की मानवीय सहायता एवं आपदा राहत (एचएडीआर) पहल के तहत नेपाल को दवाइयों और राशन समेत आपातकालीन सहायता की खेप भेजी जाएगी। अधिकारियों के अनुसार, सरकार प्रभावित इलाकों में राहत एवं बचाव अभियान शुरू करने के लिए राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) के बचावकर्मियों को भी नेपाल भेजने की योजना बना रही है।

### पीएम मोदी ने की बालेंद्र शाह से बात

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को नेपाल के अपने समकक्ष बालेंद्र शाह से बात की और वहां बाढ़ से हुई जान-माल की क्षति पर संवेदना व्यक्त की। साथ ही, उन्होंने कहा कि भारत पड़ोसी देश को हरसंभव मानवीय सहायता देने के लिए तैयार है। पीएम मोदी ने यह भी कहा कि भारत के लोग इस कठिन समय में नेपाल के अपने भाइयों और बहनों के साथ एकजुटता से खड़े हैं। बुधवार सुबह तिब्बत की सीमा से लगे मध्य नेपाल के दो ज़िलों में अचानक आई भीषण बाढ़ से चार लोगों की मौत हो गई। इससे नदी के किनारे बसे इलाकों में भारी तबाही हुई और कम से कम एक दर्जन पनबिजली परियोजनाओं को नुकसान पहुंचा। मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि प्रधानमंत्री बालेंद्र शाह से बात की और नेपाल में बाढ़ से हुई जान-माल की क्षति पर संवेदना व्यक्त की। इस मुश्किल समय में भारत के लोग नेपाल के अपने भाइयों और बहनों के साथ एकजुटता से खड़े हैं। प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि भारत नेपाल को हरसंभव मानवीय सहायता देने के लिए तैयार है। हमारी टीम बचाव और राहत कार्यों में मिलकर काम कर रही हैं। नेपाल पर्यटन बोर्ड ने मदद के लिए टोल-फ्री आपातकालीन नंबर 1234, हॉटलाइन नंबर 1144 और पर्यटक पुलिस का नंबर भी जारी किया है।

### यूपी के नागरिकों की मदद के लिए 1070 हेल्पलाइन जारी

लखनऊ। नेपाल में आई भीषण बाढ़ और प्राकृतिक आपदा के बीच उत्तर प्रदेश सरकार ने वहां फंसे प्रदेश के नागरिकों की मदद के लिए हेल्पलाइन नंबर 1070 जारी कर दिया है। उत्तर प्रदेश राहत आयुक्त कार्यालय के मुताबिक अगर कोई यूपी का नागरिक नेपाल में फंसा है या उसे किसी प्रकार की सहायता की आवश्यकता है, तो उसके परिजन तत्काल 1070 पर संपर्क कर सकते हैं। प्रदेश सरकार ने नागरिकों की सुरक्षित वापसी और उन्हें तत्काल सहायता उपलब्ध कराने के लिए दूतावास स्तर पर भी संपर्क शुरू कर दिया है। मुख्यमंत्री के निर्देश पर राहत आयुक्त कार्यालय ने भारतीय और नेपाल दूतावासों से संपर्क किया है। दोनों दूतावासों से कहा गया है कि नेपाल में फंसे उत्तर प्रदेश के नागरिकों की जानकारी मिलने पर उसे तत्काल यूपी के राहत आयुक्त कार्यालय के साथ साझा किया जाए। इससे संबंधित व्यक्ति तक जल्द से जल्द आवश्यक मदद पहुंचाई जा सकेगी। लोगों से अपील की है कि नेपाल में फंसे अपने परिजनों की सूचना बिना देरी किए हेल्पलाइन नंबर 1070 पर दें। नेपाल के रसुवा क्षेत्र में भोटेकोशी नदी में आई भीषण बाढ़ को देखते हुए यूपी के सीमावर्ती महाराजगंज और कुशीनगर में सतर्कता बढ़ा दी गई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नेपाल में हुई क्षति को चिंताजनक बताते हुए दोनों जिलों के प्रशासन को जरूरी तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। गंडक और नारायणी नदियों के जलस्तर पर लगातार नजर रखने को कहा गया है। मुख्यमंत्री ने सभी के सकुशल रहने की प्रार्थना की है।

# 50 हजार बेटियों को मिलेगी स्कूटी: सीएम



विशेष संवाददाता

लखनऊ। रक्षाबंधन से पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश की महिलाओं और बेटियों के लिए कई बड़ी घोषणाएं कीं। मुख्यमंत्री ने ऐलान किया कि स्नातक में पढ़ने वाली 50 हजार बेटियों को अक्टूबर-नवंबर में स्कूटी दी जाएगी। साथ ही लोकमाता अहिल्याबाई मातृशक्ति यात्रा योजना का शुभारंभ किया गया। इसके तहत प्रदेश की 60 वर्ष और उससे अधिक उम्र की महिलाएं परिवहन निगम की बसों में निशुल्क यात्रा कर सकेंगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि रक्षाबंधन के अवसर पर आज से 29 अगस्त तक महिलाओं और उनके एक सहकर्मी को भी निशुल्क बस यात्रा की सुविधा मिलेगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश की महिलाएं अब चूल्हे से चेक, चेक से कारोबार और कारोबार से टेक्नोलॉजी तक पहुंच रही हैं। इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश में करीब साढ़े 12 करोड़ की आधी आबादी है। सरकार महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान, स्वावलंबन और नेतृत्व की यात्रा में सहभागी बन रही है।

उन्होंने कहा कि बेटी के जन्म से लेकर उसकी पढ़ाई, सुरक्षा, रोजगार, आय और उसके सपनों की उड़ान तक सरकार ने पूरा इकोसिस्टम तैयार किया है। मुख्यमंत्री ने महिलाओं से अपील की कि रक्षाबंधन पर भाइयों के साथ सैनिकों, पूर्व सैनिकों और पुलिस जवानों को भी रक्षासूत्र बांधें। मुख्यमंत्री ने लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर को महिला स्वावलंबन और सुशासन की मिसाल बताया। उन्होंने कहा कि अहिल्याबाई ने देश की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक विरासत के संरक्षण में महत्वपूर्ण योगदान दिया। लखनऊ, कानपुर, आगरा, गाजियाबाद, मुरादाबाद, ...शेष पृष्ठ 10 पर

### खेती में तकनीक और बाजार के मेल से लाभान्वित होंगे 28 जिलों के किसान

लखनऊ। प्रदेश में कृषि को आधुनिक तकनीक, बेहतर बाजार और जलवायु अनुकूल खेती से जोड़ने की दिशा में बड़ा कदम उठाया गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मौजूदगी में विश्व बैंक वित्तपोषित यूपी-एग्रीज परियोजना के तहत यूपीडीएएसपी के साथ गूगल एवं नेटवर्क फॉर ह्यूमैनिटी, आईटीसी और एक्वाब्रिज के बीच समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। मुख्यमंत्री ने कहा कि इन साझेदारियों का उद्देश्य केवल कृषि उत्पादन बढ़ाना नहीं, बल्कि किसानों की आय में वृद्धि, जलवायु अनुकूल खेती, तकनीक, बाजार और ग्रामीण उद्यमिता को एक साथ मजबूत करना है। परियोजना पूर्वी उत्तर प्रदेश के 21 और बुंदेलखंड के 7 यानी कुल 28 जिलों में लागू की जा रही है। सीएम योगी ने बताया कि करीब 4 हजार करोड़ रुपये की विश्व बैंक समर्थित यूपी-एग्रीज परियोजना के तहत 28 जिलों के 123 विकासखंडों में काम किया जा रहा है। परियोजना के तहत करीब 6 लाख हेक्टेयर क्षेत्र को कवर करते हुए 10 लाख ...शेष पृष्ठ 10 पर

# बिहार और यूपी में अलर्ट, खोले गये गंडक बैराज के 36 फाटक

एजेंसी

पटना। बिहार और यूपी सरकार ने पड़ोसी देश नेपाल के कई जिलों में बुधवार को अचानक आयी बाढ़ के बाद गंडक नदी में जलप्रवाह अचानक बढ़ने की आशंका को देखते हुए पूरे तंत्र को हाई अलर्ट पर रखा है। स्थिति से निपटने के लिए वाल्मीकिनगर स्थित गंडक बैराज के सभी 36 फाटक खोल दिए गए हैं।

यह जानकारी अधिकारियों ने दी। बिहार के उपमुख्यमंत्री एवं जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी ने बताया कि बुधवार दोपहर तक वाल्मीकिनगर गंडक बराज से लगभग 86 हजार क्यूसेक पानी छोड़ा गया था और जलप्रवाह लगातार बढ़ने के संकेत मिल रहे हैं। उन्होंने कहा कि एहतियाती कदम के तौर पर बैराज के सभी 36 फाटक खोल दिए गए हैं तथा अधीक्षण अभियंता के नेतृत्व में तकनीकी टीम तैनात की गई है। उन्होंने कहा कि गंडक नदी के बेसिन में आने वाले सभी जिलों को भी अलर्ट जारी कर दिया गया है। विभाग के अधिकारियों के अनुसार, सभी फाटक खोलने से पानी का प्रवाह सुचारु रहेगा और बाढ़ की स्थिति को नियंत्रित करने में मदद मिलेगी। सरकार की ओर से जारी बयान के अनुसार, सभी विभागों को संभावित आपात स्थिति के मद्देनजर आवश्यक सामग्री का भंडारण, तटबंधों का नियमित निरीक्षण तथा चौबीसों घंटे निगरानी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है। जल संसाधन मंत्री ने बताया कि नेपाल के देवघाट गेज स्टेशन पर नारायणी नदी ...शेष पृष्ठ 10 पर

### बारिश से नुकसान पर सीएम ने लिया संज्ञान, 24 घंटे में मुआवजे के निर्देश

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में लगातार हो रही बारिश और अतिवृष्टि से उत्पन्न स्थिति का मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संज्ञान लिया है। उन्होंने वरिष्ठ अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे फील्ड में उतरकर प्रभावित क्षेत्रों का जायजा लें और जरूरतमंद परिवारों को हर संभव सहायता उपलब्ध कराएं। मुख्यमंत्री ने विशेष रूप से जलभराव वाले क्षेत्रों में लोगों को किसी तरह की परेशानी न होने देने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री योगी ने अति वर्षा और आकाशीय बिजली से हुई जनहानि, ...शेष पृष्ठ 10 पर

### 944 हेक्टेयर जमीन घोटाले पर दो कंपनियों का आवंटन रद्द

**कानपुर देहात।** कानपुर देहात में पावर प्लांट लगाने के नाम पर आवंटित की गई 944 हेक्टेयर से अधिक सरकारी और अधिग्रहीत भूमि को बैंकों में गिरवी रखकर ऋण लेने के मामले में योगी सरकार ने सख्त कार्रवाई की है। सरकार ने मैसर्स लैन्को अनपरा पावर लिमिटेड और मैसर्स हिमावत पावर प्राइवेट लिमिटेड को आवंटित पूरी भूमि का आवंटन रद कर उसे सरकार के पक्ष में वापस लेने का अंतिम आदेश जारी कर दिया है।

राज्यपाल की अनुमति के बाद ऊर्जा विभाग ने कानपुर देहात के जिलाधिकारी को निर्देश दिया है कि राजस्व अभिलेखों यानी खतौनी से दोनों कंपनियों के नाम हटाकर 944.029 हेक्टेयर भूमि उत्तर प्रदेश सरकार और ऊर्जा विभाग के नाम दर्ज की जाए। मामला वर्ष 2011 का है। 28 जून ...शेष पृष्ठ 10 पर

विशेष खबर

### स्क्रैप पॉलिसी में नंबर–1; 23 बस अड्डे एयरपोर्ट की तर्ज पर होंगे विकसित

# यूपी बना देश की सबसे नयी बस फ्लीट वाला राज्य

विशेष संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की परिवहन व्यवस्था को आधुनिक, सुरक्षित और सुविधाजनक बनाने की दिशा में योगी सरकार लगातार कदम उठा रही है। प्रदेश की बसों की औसत आयु अब 5 साल 3 महीने रह गई है। इसके साथ ही उत्तर प्रदेश देश की सबसे युवा बस फ्लीट वाला राज्य बन गया है। स्क्रैप पॉलिसी के मामले में भी यूपी देश में पहले स्थान पर पहुंच गया है।

परिवहन मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा लोकमाता अहिल्याबाई मातृशक्ति यात्रा योजना के शुभारंभ और विशेष बसों को फ्लैग ऑफ किए जाने के अवसर पर



परिवहन विभाग की उपलब्धियों की जानकारी दी। परिवहन मंत्री ने बताया कि उत्तर प्रदेश परिवहन निगम की बसों की औसत आयु 5 साल 3 महीने है। योगी सरकार की ओर से 3 हजार करोड़ रुपये स्वीकृत किए जाने के बाद निगम के बेड़े में इलेक्ट्रिक बसें भी शामिल की गई हैं। मंगलवार को हुई कैबिनेट बैठक में 250 नई इलेक्ट्रिक बसों की खरीद के लिए निगम को 400 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं। दयाशंकर ...शेष पृष्ठ 10 पर

### ईवी चार्जिंग इन्फ्रास्ट्रक्चर में यूपी देश में तीसरे स्थान पर

लखनऊ। उत्तर प्रदेश इलेक्ट्रिक मोबिलिटी के क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा है। प्रदेश में इलेक्ट्रिक वाहनों की बढ़ती संख्या के साथ पब्लिक ईवी चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर का भी लगातार विस्तार किया जा रहा है। इसी का नतीजा है कि सार्वजनिक इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर के मामले में उत्तर प्रदेश देश में तीसरे स्थान पर पहुंच गया है। प्रदेश में इलेक्ट्रिक वाहनों की स्वीकार्यता भी लगातार बढ़ रही है। अब तक उत्तर प्रदेश में 17.67 लाख इलेक्ट्रिक वाहन पंजीकृत हो चुके हैं। बढ़ती संख्या से संकेत मिलता है कि लोग पेट्रोल-डीजल से चलने वाले पारंपरिक वाहनों के विकल्प के तौर पर इलेक्ट्रिक वाहनों को तेजी से अपना रहे हैं। इलेक्ट्रिक वाहनों के बढ़ते इस्तेमाल से पेट्रोल और डीजल पर निर्भरता कम करने में मदद मिल रही है। विशेष रूप से शहरी क्षेत्रों में ई-रिक्शा, इलेक्ट्रिक दोपहिया और चार पहिया वाहनों के साथ-साथ अन्य इलेक्ट्रिक वाहनों की संख्या में वृद्धि हुई है। इससे परिवहन क्षेत्र में स्वच्छ ऊर्जा के इस्तेमाल को बढ़ावा मिल रहा है। इलेक्ट्रिक वाहनों का संचालन पारंपरिक पेट्रोल-डीजल वाहनों की तुलना में अलग ऊर्जा व्यवस्था पर आधारित होने के कारण जीवाश्म ईंधन की खपत कम करने में सहायक है। इससे ऊर्जा के क्षेत्र में वैकल्पिक एवं टिकाऊ विकल्पों को बढ़ावा मिल रहा है। यूपी नेडा के डायरेक्टर रविन्दर सिंह ने बताया कि इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देने के लिए मजबूत चार्जिंग नेटवर्क बेहद जरूरी है। इसी को ध्यान में रखते हुए प्रदेश में पब्लिक ईवी चार्जिंग इन्फ्रास्ट्रक्चर को लगातार मजबूत किया जा रहा है। चार्जिंग स्टेशनों की उपलब्धता बढ़ने से इलेक्ट्रिक वाहन चालकों को लंबी दूरी की यात्रा के दौरान चार्जिंग की ...शेष पृष्ठ 10 पर

# आतंकी साजिश नाकाम, कुलगाम में पांच आतंकवादी गिरफ्तार

एजेंसी



कुलगाम। दक्षिण कश्मीर के कुलगाम जिले में आज एक संयुक्त घेराबंदी और तलाशी अभियान चलाया गया। इसमें पांच कथित आतंकी सहयोगियों को गिरफ्तार किया गया। दक्षिण कश्मीर के कुलगाम जिले में बुधवार को एक संयुक्त घेराबंदी और तलाशी अभियान चलाया गया। इस अभियान के दौरान पांच संदिग्ध आतंकी सहयोगियों को गिरफ्तार किया गया। अधिकारियों ने बताया कि उनके पास से भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद भी बरामद किया गया है। यह अभियान कुलगाम पुलिस, नौ राष्ट्रीय राइफल्स और 18 बटालियन सीआरपीएफ ने मिलकर चलाया। अधिकारियों के अनुसार, यह कार्रवाई विशिष्ट सूचनाओं के आधार पर की गई थी। बुगम ऑर्चर्ड क्षेत्र में यह संयुक्त अभियान सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। ...शेष पृष्ठ 10 पर

C M Y K

# 'अब जब चाहेंगे, अयोध्या-काशी जायेंगे'

## मुफ्त बस सफर की सौगात पर भावुक हुईं बुजुर्ग महिलाएं ‖ विशेष बसों को दिखाई हरी झंडी

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रक्षाबंधन के अवसर पर प्रदेश की माताओं, बेटियों और बहनों को विशेष उपहार दिया। इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में बुधवार को आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने बारिश के बीच झंडी दिखाकर विशेष बसों को रवाना किया। बसों में बैठी महिलाओं ने इस उपहार के लिए हाथ जोड़कर सीएम का अभिनंदन किया तो सीएम योगी ने भी हाथ हिलाकर उनके प्रति आभार जताया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने बस में यात्रा करने वाली महिलाओं के साथ सेल्फी भी ली। बुर्जुग महिलाओं के लिए निशुल्क बस यात्रा की सुविधा शुरू होने पर महिलाओं में खुशी और उत्साह देखने को मिला।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से संवाद के दौरान कई बुजुर्ग महिलाएं भावुक हो गईं। उन्होंने कहा कि अब उन्हें यात्रा के लिए परिवार के किसी सदस्य पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा। किराये की चिंता खत्म होने से अब वे अपनी इच्छा के मुताबिक अयोध्या, काशी और प्रदेश के अन्य धार्मिक व पर्यटन स्थलों की यात्रा कर सकेंगी।



### स्मार्ट कार्ड, बैग, साड़ी व मिठाई देकर मातृशक्ति को किया सम्मानित

मुख्यमंत्री को सामने देखते ही कार्यक्रम में मौजूद महिलाओं ने हर-हर महादेव का उद्घोष किया। वहीं छात्राओं ने भी सरकार की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि उन्हें योगी सरकार पर गर्व है। गोसाईंगंज की गणेश देवी ने कहा कि निशुल्क यात्रा की सुविधा मिलने से अब वह निश्चिंत होकर सफर कर सकेंगी। राजरानी ने कहा कि अब जहां जाने की इच्छा होगी, वहां जा सकेंगी। उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को महिलाओं के लिए बड़ी सौगात देने के लिए धन्यवाद दिया। लखनऊ के निजामपुर की मिठाना देवी ने कहा कि सरकार ने ऐसी सुविधा दी है, जिससे अब यात्रा के लिए किसी दूसरे पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा। कई बुजुर्ग महिलाओं ने अयोध्या और काशी की यात्रा करने की इच्छा भी जताई। उनका कहना था कि किराये की चिंता खत्म होने से अब तीर्थयात्रा करना आसान हो जाएगा।

**रक्षाबंधन पर भाई को राखी बांधने जाएंगी छात्राएं :** निशुल्क बस यात्रा की सुविधा को लेकर छात्राओं में भी खासा उत्साह नजर आया। मुंशी पुलिया निवासी और नारी शिक्षा निकेतन पीजी कॉलेज की बीएससी द्वितीय वर्ष की छात्रा अंजली श्रीवास्तव ने कहा कि वह रक्षाबंधन पर अपने भाई को राखी बांधने जाएंगी और इस सुविधा का लाभ लेंगी। जानकीपुरम की आस्था राजपूत ने बताया कि वह अपनी मां के साथ भाई को राखी बांधने जाएंगी। खदरा की शगुन निषाद ने भी योजना को महिलाओं के लिए उपयोगी बताया। कार्यक्रम में महिलाओं को साड़ी और मिठाई भी उपहार में दी गई। अहमामऊ की रचना रावत ने कहा कि पहली बार मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिलकर उन्हें बेहद खुशी हुई। उन्होंने कहा कि महिलाओं के लिए सरकार की योजनाओं के बारे में जानकर उत्साह बढ़ा है।

**महिलाओं और बच्चों की चिंता करते हैं मुख्यमंत्री :** फैजुल्लागंज की हिना परवीन ने कहा कि महिलाओं और बच्चों के लिए मुख्यमंत्री की सोच और योजनाएं देखकर गर्व महसूस होता है। सिद्धार्थनगर की दिव्या पाठक ने कहा कि महिलाओं के सम्मान और सुविधा को लेकर सरकार की ओर से लगातार योजनाएं चलाई जा रही हैं।

कार्यक्रम में सरोजनीनगर की कृष्णावती, जनक दुलारी और उबराजा समेत बड़ी संख्या में बुजुर्ग महिलाएं शामिल हुईं। उम्र के इस पड़ाव पर भी महिलाओं का उत्साह देखते ही बना। इनमें कई महिलाएं स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी हैं और सिलाई, कताई-बुनाई जैसे कार्यों के जरिए आत्मनिर्भर बनने की दिशा में आगे बढ़ रही हैं।

**अब किसी के मोहताज नहीं रहेंगे :** उन्नाव की सुनीता अवस्थी ने मुख्यमंत्री से संवाद के दौरान सरकार का आभार जताते हुए कहा कि निशुल्क यात्रा की सुविधा मिलने से महिलाओं को बड़ी राहत मिलेगी। उन्नाव की पुष्पा ने भी कहा कि मुख्यमंत्री के प्रयास से महिलाओं को सफर की बड़ी सुविधा मिली है। लखनऊ की उषा पाल ने कहा कि अब महिलाओं को कहीं आने-जाने के लिए किसी का मोहताज नहीं रहना पड़ेग मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जब लोग अच्छे लोगों को चुनते हैं तो अच्छा ही होता है। सीतापुर की रीता सक्सेना ने कहा कि अब सीतापुर से लखनऊ आना-जाना आसान हो जाएगा और महिलाओं को किसी पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा। रीता ने कहा कि अब जब भी इच्छा होगी, महिलाएं मंदिर, अयोध्या या बनारस कहीं भी जा सकेंगी।

# योगी की अध्यक्षता में आज होगा यूपी स्टार्टअप इकोसिस्टम इवेंट

- यूपी स्टार्टअप मिशन वेबसाइट होगी लॉन्च, 7 स्टार्टअप्स का होगा सम्मान

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में गुरुवार को लोक भवन में उत्तर प्रदेश स्टार्टअप इकोसिस्टम इवेंट 2026 आयोजित किया जाएगा। योगी सरकार की ओर से प्रदेश में नवाचार और उद्यमिता को प्रोत्साहित करने, स्टार्टअप इकोसिस्टम को और मजबूत बनाने के उद्देश्य से आयोजित इस कार्यक्रम में स्टार्टअप्स, इनक्यूबेटर्स और इकोसिस्टम से जुड़े विभिन्न हितधारक शामिल होंगे। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मुख्य संबोधन देंगे।

कार्यक्रम के दौरान उत्तर प्रदेश स्टार्टअप नीति-2026 पुस्तिका का विमोचन और यूपी स्टार्टअप मिशन वेबसाइट का शुभारंभ किया जाएगा। साथ ही यूपी स्टार्टअप मिशन और यू-हब पर वीडियो प्रस्तुति भी होगी। भारत इनोवेट्स में चयनित उत्तर प्रदेश के सात स्टार्टअप्स को सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश नीति के तहत 107 स्टार्टअप्स को विभिन्न प्रोत्साहनों का वितरण किया जाएगा। इसके अलावा नौ इनक्यूबेटर्स को प्रोत्साहन राशि दी जाएगी और 12 नए इनक्यूबेटर्स को मान्यता प्रदान की जाएगी। कार्यक्रम की शुरूआत आईटी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग के प्रमुख सचिव आलोक कुमार का स्वागत उद्बोधन और विभागीय मंत्री सुनील कुमार शर्मा का विशेष संबोधन होगा। मुख्यमंत्री योगी का मुख्य संबोधन भी प्रस्तावित है। कार्यक्रम में प्रदेश के स्टार्टअप इकोसिस्टम के मान्यता प्राप्त इनक्यूबेटर्स, विभिन्न समितियों के सदस्य, सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के प्रतिनिधि और सिडबी के प्रतिनिधि भी मौजूद रहेंगे। उत्तर प्रदेश में स्टार्टअप और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए योगी सरकार ने उत्तर प्रदेश स्टार्टअप नीति-2026 के साथ नए प्रोत्साहनों और संस्थागत व्यवस्था का विस्तार किया है। वर्ष 2017 में प्रदेश में केवल 120 स्टार्टअप पंजीकृत थे, जबकि अब डीपीआईटी द्वारा सत्यापित स्टार्टअप्स की संख्या बढ़कर 24,243 और इनक्यूबेटर्स की संख्या 88 हो गई है। नई नीति के तहत स्टार्टअप्स को 20 हजार रुपये प्रतिमाह निर्वाह भत्ता, 10 लाख रुपये तक प्रोटोटाइप अनुदान और 15 लाख रुपये तक सीड अनुदान मिलेगा। निवेश के अनुरूप 5 करोड़ रुपये तक समतुल्य अनुदान और 2 करोड़ रुपये तक के ऋण पर 4 प्रतिशत ब्याज सहायता का भी प्रावधान है। डीप-टेक स्टार्टअप्स के लिए 40 करोड़ रुपये तक दीर्घकालिक पूंजी की व्यवस्था की गई है। लखनऊ और नोएडा में डीप-टेक यू-हब स्थापित किए जाएंगे।

# चुनाव आते ही मुफ्त यात्रा का वादा, चुनाव खत्म होते ही वसूली का डर : सुनील सिंह

**लखनऊ।** लोकदल अध्यक्ष चौधरी सुनील सिंह ने बुधवार को बयान जारी कर सरकार द्वारा 60 वर्ष से अधिक उम्र की महिलाओं के लिए मुफ्त तीर्थयात्रा की घोषणा पर सवाल उठाते हुए कहा कि चुनाव के समय महिलाओं को मुफ्त सुविधाओं का लालच देना सरकार की पुरानी चुनावी राजनीति का हिस्सा बन गया है। उन्होंने कहा कि 60 वर्ष से अधिक उम्र की महिलाएं आखिर कितनी बार और कितनी यात्राएं करेंगी? सरकार को महिलाओं के स्वास्थ्य, पेंशन, इलाज और आर्थिक सुरक्षा की चिंता करनी चाहिए, लेकिन चुनाव आते ही मुफ्त तीर्थयात्रा जैसी घोषणाएं कर वोट साधने की कोशिश की जा रही है। सुनील सिंह ने तंज कसते हुए कहा कि चुनाव के समय सरकार मुफ्त टिकट देगी और चुनाव खत्म होने के बाद कहीं ऐसा न हो कि निजी कंपनियों के माध्यम से टिकट का बिल जनता से वसूला जाए। उन्होंने बिहार का उदाहरण देते हुए कहा कि वहां मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के तहत महिलाओं के खातों में 10,000 रुपये की सहायता राशि भेजी गई थी। बाद में कुछ अपात्र खातों में गलत तरीके से राशि पहुंचने के मामले में वसूली की कार्रवाई की खबरें भी सामने आईं। बिहार की योजना के तहत महिलाओं को रोजगार शुरू करने के लिए 10,000 रुपये की प्रारंभिक सहायता दी गई थी। लोकदल अध्यक्ष ने कहा कि महिलाओं को चुनावी मौसम में लाभ देना और बाद में नियम-कायदों व वसूली का डर दिखाना बंद होना चाहिए। सरकार को महिलाओं के सम्मान और अधिकारों के लिए स्थायी योजनाएं बनानी चाहिए, न कि चुनाव के समय वोट पाने के लिए घोषणाओं की राजनीति करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि जनता अब चुनावी मुफ्तखोरी और वास्तविक जनकल्याण के बीच का अंतर समझने लगी है।




# सपा ने एक बार फिर खोला झूठे वादों का पिटारा : पंकज चौधरी

## भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने सपा की घोषणाओं पर किया पलटवार

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एवं केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने बुधवार को सपा की नई घोषणाओं पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि अपने पुराने पाप और नाकामियों को छिपाने के लिए सपा एक बार फिर झूठे वादों का पिटारा लेकर जनता के सामने आई है।

उन्होंने कहा कि जिस सपा के शासनकाल में कानून-व्यवस्था और महिला सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल उठते थे, वही पार्टी आज महिला सम्मान, सुरक्षा और विकास की बातें कर रही है। उन्होंने सवाल किया कि सत्ता में रहते हुए महिलाओं की सुरक्षा, बेहतर अस्पताल और कॉलेज जैसी सुविधाओं के लिए ठोस कदम क्यों नहीं उठाए गए? उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश की जनता सपा की पुरानी वादाखिलाफी और उसके शासन का रिकॉर्ड भूली नहीं है।

अब खोखली घोषणाओं और चुनावी लॉलीपॉप से जनता को बहकाना संभव नहीं है। 2027 में जनता सपा को उसकी राजनीति और पुराने रिकॉर्ड का जवाब देगी। पंकज चौधरी ने कहा कि सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव आज महिलाओं के सम्मान, सुरक्षा और सशक्तीकरण की बड़ी-बड़ी बातें कर रहे हैं।

महिलाओं को सालाना 40 हजार रुपये देने की घोषणा भी कर रहे हैं लेकिन उत्तर प्रदेश की माताएं-बहनें उनसे एक सीधा सवाल पूछना चाहती हैं क्या केवल चुनाव से पहले घोषणाएं करने से महिलाओं का सम्मान और सुरक्षा सुनिश्चित हो जाएगी? उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव नजदीक आता देखकर सपा महिला वोटरों को लुभाने के लिए बड़ी-बड़ी बातें कर रही है, लेकिन सपा प्रमुख अखिलेश यादव को इन बड़ी-बड़ी बातों से पहले बताना चाहिए कि जब प्रदेश में सपा की सरकार थी, तब महिलाओं की सुरक्षा की स्थिति को लेकर प्रदेश में भय का वातावरण क्यों था? आखिर वह कौन सा शासन था, जिसमें बेटियों और महिलाओं को घर से बाहर निकलने में डर लगता था और उत्तर प्रदेश में कानून-व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त थी।

# सीएम धामी और गीता को बहनों ने बांधा रक्षा सूत्र

प्रमुख संवाददाता



**देहरादून।** रक्षाबंधन भारतीय संस्कृति में भाई-बहन के रिश्ते की आत्मीयता, विश्वास और कर्तव्यबोध को अभिव्यक्त करने वाला पर्व है। राखी का यह धागा केवल भावनात्मक रिश्ते का प्रतीक नहीं, बल्कि एक-दूसरे के प्रति सम्मान, सहयोग और जिम्मेदारी की भावना को भी मजबूत करता है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड की मातृशक्ति का स्नेह और आशीर्वाद उन्हें प्रदेश की जनता के हित में कार्य करने तथा विकास की गति को आगे बढ़ाने की प्रेरणा देता है।

यह बात मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रक्षाबंधन के अवसर पर प्रदेश भर से राखी बांधने आई महिलाओं को संबोधित करते हुए कही। बहनों व मातृशक्ति ने मुख्यमंत्री तथा उनकी धर्मपत्नी गीता पुष्कर धामी को राखी बांधकर उनके स्वस्थ, दीघार्यु और सुखमय जीवन की कामना की। मुख्यमंत्री ने बहनों के स्नेह और शुभकामनाओं को आत्मीयता से स्वीकार करते हुए सभी का आभार जताया। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड की महिलाओं ने विपरीत परिस्थितियों में परिवार और समाज की जिम्मेदारियों को जिस मजबूती से निभाया है, वह प्रदेश की विशिष्ट पहचान है। पहाड़ों में कृषि कार्य, पशुपालन, वनोपज संग्रह और घरेलू आजीविका से लेकर परिवार की देखभाल तक महिलाओं ने महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां संभाली हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज प्रदेश की महिलाएं पारंपरिक कार्यों के साथ-साथ नए क्षेत्रों में भी तेजी से आगे बढ़ रही हैं। शिक्षा, स्वास्थ्य, सरकारी सेवा, व्यवसाय, कृषि आधारित उद्यम, स्वरोजगार और सामाजिक क्षेत्र में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी प्रदेश के बदलते सामाजिक स्वरूप को दशार्ती है। उन्होंने कहा कि अनेक महिलाएं अपने लिए रोजगार का साधन तैयार करने के साथ अन्य लोगों को भी रोजगार दे रही हैं। यह बदलाव केवल महिलाओं की आर्थिक स्थिति में सुधार नहीं, बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों में आत्मनिर्भरता की नई संस्कृति को जन्म दे रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि महिला की आर्थिक स्थिति मजबूत होने का प्रभाव पूरे परिवार पर पड़ता है। अपनी आय होने से महिला के आत्मविश्वास और निर्णय क्षमता में वृद्धि होती है।

परिवार की आर्थिक जरूरतों को पूरा करने में सहयोग मिलने के साथ बच्चों की शिक्षा, स्वास्थ्य और पोषण पर भी सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। उन्होंने कहा कि इसलिए महिला सशक्तीकरण को केवल कल्याणकारी कार्यक्रम के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए। यह प्रदेश की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने और विकास को समाज के व्यापक वर्ग तक पहुंचाने का महत्वपूर्ण माध्यम है।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री की धर्मपत्नी गीता पुष्कर धामी, विधायक सविता कपूर, आशा नौटियाल, भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष रुचि भट्ट सहित प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंची बड़ी संख्या में बहनें एवं मातृशक्ति उपस्थित रहीं।

# सपा-कांग्रेस ने पिछड़े वर्गों को केवल वोट बैंक के रूप में किया इस्तेमाल : अमरपाल मौर्य

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के नवनियुक्त राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद अमरपाल मौर्य के प्रथम लखनऊ आगमन पर बुधवार को पार्टी कार्यकर्ताओं एवं पिछड़ा वर्ग मोर्चा के पदाधिकारियों ने भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया। चारबाग रेलवे स्टेशन पर बड़ी संख्या में उपस्थित कार्यकर्ताओं ने ढोल-नगाड़ों, पुष्पवर्षा और नारों के साथ राष्ट्रीय अध्यक्ष का स्वागत किया। इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष नीरज सिंह, प्रदेश महामंत्री संजय राय, पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष प्रकाश पाल सहित मोर्चा के अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। स्वागत के बाद अमरपाल मौर्य ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। इसके बाद विश्वेश्वरैया सभागार में आयोजित अभिनंदन समारोह में अमरपाल मौर्य का प्रदेश पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा स्वागत किया गया।



अभिनंदन समारोह को संबोधित करते हुए अमरपाल मौर्य ने कहा कि भाजपा केवल राजनीतिक संगठन नहीं, बल्कि समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति के जीवन में परिवर्तन लाने का संकल्प लेकर काम करने वाला संगठन है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछड़ा वर्ग के हितों को केवल चुनावी मुद्दा नहीं बनाया, बल्कि उन्हें विकास और शासन की मुख्यधारा में सम्मानजनक भागीदारी देने का काम किया है। पिछड़ा वर्ग आयोग को संवैधानिक दर्जा देना, शिक्षा और रोजगार में अवसरों का विस्तार करना, गरीब परिवारों को आवास, शौचालय, उज्ज्वला गैस, आयुष्मान भारत, नल से जल तथा जनधन जैसी योजनाओं से जोड़ना सामाजिक न्याय की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार ने भी पिछड़े वर्गों के कल्याण और सामाजिक सशक्तीकरण के लिए अनेक योजनाओं को प्रभावी ढंग से जमीन पर उतारा है। सरकार का लक्ष्य है कि विकास का लाभ बिना किसी भेदभाव के समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंचे।

श्री मौर्य ने कांग्रेस और सपा पर निशाना साधते हुए कहा कि लंबे समय तक सत्ता में रहने के बावजूद इन दलों ने पिछड़ा वर्ग के उत्थान के लिए कोई ठोस और स्थायी कार्य नहीं किया। इन दलों ने पिछड़े वर्गों को केवल वोट बैंक के रूप में इस्तेमाल किया, जबकि भाजपा ने उन्हें सम्मान, अवसर और भागीदारी देने का काम किया है।

संक्षेप

## अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम लागू न हुआ तो विधानसभा का होगा घेराव

प्रतापगढ़। अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम को लेकर सितंबर माह से निकाली जाने वाली तीसरे चरण की प्रदेशव्यापी यात्रा को लेकर बुधवार को यहां वकीलों की रणनीतिक बैठक हुई। बैठक को संबोधित करते हुए एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने कहा कि सरकार और सभी जिम्मेदार संस्थान अधिवक्ताओं की सुरक्षा और सुविधाओं को लेकर लगातार खामोशी बरते हुए है। उन्होंने कहा कि एसोसिएशन द्वारा दो चरणों में निकाली गयी सुरक्षा यात्रा को प्रदेश के साथियों का भरपूर समर्थन मिला। राष्ट्रीय महासचिव अनिल तिवारी महेश ने साथियों को बताया कि तीसरे चरण की यात्रा के बाद एडवोकेटस प्रोटेक्शन एक्ट को लंबित रखने के विरोध में विधानसभा का घेराव किया जाएगा। बैठक की अध्यक्षता प्रान्तीय संयोजक विकास मिश्र व संचालन विपिन शुक्ल ने किया। इस मौके पर संतोष पाण्डेय, शिव नारायण शुक्ल, आशीष तिवारी, सत्येन्द्र श्रीवास्तव, सुमित त्रिपाठी, प्रभाकर पाल, रमेश पाण्डेय, संजय सिंह, जितेन्द्र कनौजिया, राम अभिलाष यादव, पारसनाथ सरोज आदि अधिवक्ता रहे।

## किशोरी के साथ दुष्कर्म, बाल अपचारी के खिलाफ केस

प्रतापगढ़। किशोरी के साथ दुष्कर्म को लेकर लालगंज पुलिस ने आरोपी बाल अपचारी के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस बाल अपचारी को पूछताछ के लिए कोतवाली ले आयी है। लालगंज कोतवाली के एक गांव में बीती बीस अगस्त की शाम बाल अपचारी द्वारा घर में ही किशोरी के साथ दुष्कर्म की वारदात अंजाम दी गयी। गांव में घटना को लेकर बाल अपचारी द्वारा रिश्ते को लेकर कलंकित करने की भी चर्चा देखी सुनी गयी। परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी बाल अपचारी के खिलाफ केस दर्ज किया है। प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार का कहना है कि केस दर्ज किया गया है, आरोपी बाल अपचारी को सक्षम न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा।

## बाइक चोरी, अज्ञात पर केस दर्ज

खेसरहा सिद्धार्थनगर जिले के खेसरहा थाना क्षेत्र के बेलौहा बाजार से एक सुपर स्प्लेंडर बाइक चोरी हो गई। शुक्रवार बाजार स्थित मछली बाजार के पास खड़ी यह बाइक मालिक के वापस लौटने पर गायब मिली। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ग्राम चिडटा निवासी अबू नोमान पुत्र मकसूद अहमद ने पुलिस को बताया कि 24 जुलाई को दोपहर करीब तीन बजे वह अपनी काले रंग की सुपर स्प्लेंडर बाइक (नंबर वढ55 अख 8642) से बेलौहा बाजार के शुक्रवार बाजार पहुंचे थे। उन्होंने अपनी बाइक मछली बाजार के पास खड़ी की और किसी काम से चले गए। कुछ समय बाद जब वह वापस लौटे, तो बाइक वहां नहीं मिली। नोमान ने बाजार और आसपास के क्षेत्र में काफी खोजबीन की, लेकिन बाइक का कोई सुराग नहीं मिल पाया। बाइक का पता न चलने पर पीड़ित ने खेसरहा थाने में तहरीर दी, जिसमें वाहन की बरामदगी और चोरी की घटना पर कार्रवाई की मांग की गई। पुलिस ने 26 अगस्त को इस तहरीर के आधार पर भारतीय न्याय संहिता की धारा 303(2) के तहत अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। मामला दर्ज होने के बाद पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। एफआईआर के अनुसार, विवेचना की जिम्मेदारी खेसरहा थानाध्यक्ष को सौंपी गई है। पुलिस घटना से जुड़े तथ्यों की जांच कर रही है और चोरी हुई बाइक को बरामद करने का प्रयास कर रहा है।

## महिला जिला कार्यकारिणी का गठन

इटावा। अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल की एक बैठक पक्का तालाब स्थित साईं मंदिर पर जिला प्रभारी मनोज अग्रवाल जिला महामंत्री धर्मेंद्र जैन के नेतृत्व में आयोजित की गई बैठक की। अध्यक्षता वरिष्ठ व्यापारी जिला संरक्षक संतोष पटेल ने की इस अवसर पर महिला जिला कार्यकारिणी का गठन किया गया जिसमें मीरा तिवारी प्रीति दुबे को जिला संरक्षक अर्चना कुशवाहा जिला अध्यक्ष सुशीला राजावत जिला प्रभारी वर्षा दुबे जिला महामंत्री रेनू शुक्ला कोषाध्यक्ष अंजना दोहरे रिचा कुशवाहा को जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्रद्धा यादव कबीता कुशवाहा सुलेखा तिवारी को जिला उपाध्यक्ष अर्चना भदौरिया जिला संगठन मंत्री दिव्या गर्ग मीडिया प्रभारी अमिता अग्रवाल रंजना सोनी कंचन तिवारी को जिला मंत्री कल्पना देवी देवी रानी को जिला कार्यकारिणी में सदस्य की जिम्मेदारी दी गई।

# जिले भर में शांति से निकले बारावफात के जुलूस

## पुलिस की सतर्क निगरानी ने कायम रखा अमन-चैन



एस.पी.सिंह परिहार

श्रावस्ती। बारावफात त्योहार के अवसर पर जनपद में निकाले गए जुलूसों को लेकर पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा एवं कानून-व्यवस्था के मोर्चे पर पूरी मुस्तैदी दिखाई। पुलिस अधीक्षक राहुल भाटी के निर्देशन में जिलेभर में व्यापक पुलिस प्रबंध किए गए। पुलिस अधिकारियों और थाना प्रभारियों ने अपने-अपने क्षेत्रों में लगातार भ्रमणशील रहकर जुलूस मार्गों, संवेदनशील स्थानों और प्रमुख बाजारों पर कड़ी निगरानी रखी। पुलिस की सजगता और प्रभावी सुरक्षा व्यवस्था के बीच बारावफात के सभी जुलूस शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो गए। त्योहार के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक चंद्रकेश सिंह के साथ क्षेत्राधिकारी एवं थाना प्रभारियों ने सुरक्षा व्यवस्था की कमान संभाले रखी। क्षेत्राधिकारी इकौना आलोक कुमार सिंह तथा क्षेत्राधिकारी अवधेश कुमार सिंह ने पुलिस बल के साथ विभिन्न क्षेत्रों में भ्रमण कर मौके की स्थिति का जायजा लिया। अधिकारियों ने ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों को सतर्कता बरतने, जुलूस मार्गों पर विशेष निगरानी रखने तथा किसी भी स्थिति में त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए। भिनगा क्षेत्र में थानाध्यक्ष राज प्रकाश सिंह, इकौना में थानाध्यक्ष परमानंद तिवारी, नवीन मॉडर्न थाना में थानाध्यक्ष जय हरि मिश्रा, सिरसिया में थानाध्यक्ष सौरभ सिंह, गिलौला में थानाध्यक्ष आशीष कुमार, गिरंट में थानाध्यक्ष महिमानाथ उपाध्याय तथा मल्हीपुर में थानाध्यक्ष महेंद्र सिंह पुलिस बल के साथ अपने-अपने क्षेत्रों में लगातार भ्रमण करते रहे। पुलिस टीमों ने जुलूस के निर्धारित मार्गों पर सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के साथ-साथ लोगों से शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रखने की अपील की।

पुलिस प्रशासन की चाक-चौबंद व्यवस्था, सतर्क निगरानी और निरंतर गश्त के चलते पूरे जिले में शांति एवं कानून-व्यवस्था बनी रही। जुलूसों के दौरान पुलिस अधिकारियों ने भीड़ की गतिविधियों पर नजर रखी और आवश्यकतानुसार मौके पर पुलिस बल की मौजूदगी सुनिश्चित की। संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष सतर्कता बरती गई, जिससे किसी भी अप्रिय स्थिति की आशंका को समय रहते नियंत्रित किया जा सके। बारावफात के जुलूसों के सकुशल और शांतिपूर्ण समापन के बाद पुलिस प्रशासन ने राहत की सांस ली। जिले में कहीं से भी किसी अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली। पुलिस की प्रभावी रणनीति और अधिकारियों की सक्रिय निगरानी की आमजन में भी सराहना हुई। पुलिस प्रशासन ने त्योहार के शांतिपूर्ण आयोजन में सहयोग के लिए जिलेवासियों का आभार व्यक्त किया। अधिकारियों ने कहा कि शांति, सद्भाव और आपसी भाईचारा ही समाज की सबसे बड़ी ताकत है। सभी लोग इसी प्रकार एक-दूसरे की भावनाओं का सम्मान करते हुए सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रखें। बारावफात के दौरान श्रावस्ती में कायम रहा अमन-चैन पुलिस प्रशासन की मुस्तैदी के साथ-साथ जनता के सहयोग और सामाजिक सौहार्द का भी परिचायक है।

## फार्मेसी क्षेत्र में बढ़ रहे रोजगार के अवसर : डॉ. राजशेखरन

गोरखपुर। महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर (एमजीयूजी) के पांचवें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित ब्रह्मलीन महंत दिग्विजयनाथ जी महाराज एवं महंत अवेद्यनाथ जी महाराज स्मृति सप्तदिवसीय व्याख्यानमाला के अंतर्गत बुधवार को पंचकर्म ऑडिटोरियम में आईसीएफएआई विश्वविद्यालय, हिमाचल प्रदेश के कुलाधिपति डॉ. राजशेखरन पिल्लई का व्याख्यान हुआ। भारत में फार्मास्युटिकल, स्वास्थ्य सेवा शिक्षा और अनुसंधान से अकादमिक सहयोग विषय पर अपनी बात रखते हुए डॉ. राजशेखरन पिल्लई ने कहा कि मेडिकल सेक्टर में आ रही बहु आयामी मजबूती से फामेर्सी के क्षेत्र में रोजगार के अवसर तेजी से बढ़ रहे हैं। फामेर्सी में हो रहे अनुसंधान और नवाचार ने विद्यार्थियों के लिए करियर बनाने के कई विकल्प उत्पन्न किए हैं। इससे इंडस्ट्री और रोजगार, दोनों क्षेत्र में नए अवसर बढ़ रहे हैं। उन्होंने विद्यार्थियों का आह्वान किया कि बेहतर भविष्य निर्माण के लिए उन्हें निरंतर ज्ञान एवं कौशल पर ध्यान देते रहना होगा। विशिष्ट वक्ता मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय गोरखपुर में फार्मास्युटिकल साइंस एंड टेक्नोलॉजी विभाग की प्रोफेसर डॉ. स्मृति ओझा ने दवाओं की कखोज में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के आधुनिक उपयोगों पर विस्तार से चर्चा की।

# अजगरा महान को लेकर परिचर्चा में नैतिक मूल्यों पर दिया गया जोर



प्रतापगढ़। अजगरा महान 2026 को लेकर बुधवार को स्थानीय नगर पंचायत सभागार में वृहद परिचर्चा का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में पहुंचे परियोजना निदेशक दयाराम ने डीएम की ओर से आयोजन को लेकर उददेश्य पर प्रकाश डाला। चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी तथा ईओ इन्द्र प्रताप ने परियोजना निदेशक समेत प्रतिभागियों का सम्मान किया। परिचर्चा में प्रतिभागियों ने यक्ष युधिष्ठिर संवाद की आज के परिप्रेक्ष्य में प्रासंगिकता पर सार्थक विचार रखे। प्रतिभागी डॉ0 शिवमूर्ति शास्त्री, आचार्य विनय शुक्ल, जेपी पाण्डेय, अंजनी अमोघ, डॉ0 प्रतिमा उपाध्याय, डॉ0 अम्बिकेश त्रिपाठी, डॉ0 राजकुमार पाण्डेय, दीपक कुमार, अपूर्वा शुक्ला, प्रियांशु पाण्डेय, निधि तिवारी, अनुराग पाण्डेय, कशिश वैश्य, शुभम शुक्ला, अभय मिश्र ने वैदिक इतिहास के विभिन्न बिंदुओ पर संवाद प्रस्तुत किया। निर्णायक मण्डल के राकेश त्रिपाठी, रोशन सिंह, पूनम ओझा, वंदना मिश्रा, शशिबाला, कंचन सिंह ने प्रतिभागियों से उनके द्वारा प्रस्तुत संवाद को लेकर प्रश्नोंत्तरी के जरिए मूल्यांकन किया। विशिष्ट वक्ता आचार्य डॉ0 शक्तिधरनाथ पाण्डेय रहे। इस मौके पर संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष राजेशचंद्र तिवारी, उपाध्यक्ष नामवर सिंह, विनोद मिश्र, शैलेन्द्र मिश्र, अभिनव शुक्ला, शास्त्री सौरभ, छोटू तिवारी, चंदन पाण्डेय, संजय सोनी, प्रशान्त मिश्र आदि ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया।

# डीएम ने सिसवारा घाट और दोंदरा तटबंध का किया निरीक्षण

## सड़क को कटान से बचाने के लिए जरूरी इंतजाम जल्द पूरा करने के निर्देश

श्रावस्ती। जिलाधिकारी अन्नपूर्णा गर्ग ने संभावित बाढ़ को देखते हुए विकासखंड गिलौला के सिसवारा घाट स्थित पुल के एप्रोच रोड का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने सड़क और आसपास के क्षेत्र में कटान की स्थिति का जायजा लिया।



जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सड़क को कटान से बचाने के लिए हर जरूरी कदम तत्काल उठाए जाएं। उन्होंने सेतु निगम के अभियंता को बाढ़ कार्य खंड के अधिशासी अभियंता से समन्वय कर ड्रेजिंग कराने तथा कटान रोकने के लिए आवश्यक सामग्री की व्यवस्था पूरी करने के निर्देश दिए।

उन्होंने जियो शीट, बांस के क्रेट सहित अन्य जरूरी उपायों का प्रयोग करने को कहा, ताकि संभावित बाढ़ के दौरान सड़क को क्षतिग्रस्त होने से बचाया जा सके। डीएम ने कहा कि कटान रोधी कार्य समय से पूरा कर लिए जाएं, जिससे बाढ़ आने पर लोगों को आवागमन में परेशानी न हो। इसके बाद जिलाधिकारी ने तहसील भिनगा क्षेत्र में नवनिर्मित दोंदरा तटबंध का भी निरीक्षण किया। अधिशासी अभियंता बाढ़ कार्य खंड अखिलेश कुमार गौतम ने बताया कि तटबंध के गैप का कार्य पूरा हो चुका है और तटबंध को एचएफएल स्तर तक बनाया जा चुका है। फ्री बोर्ड की ऊंचाई के लिए मिट्टी का कुछ कार्य अभी शेष है। जिलाधिकारी ने शेष कार्य को निर्धारित समय सीमा में पूरा कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बाढ़ से बचाव के लिए तटबंधों को पूरी तरह मजबूत और सुरक्षित रखा जाए।

इस दौरान अधिशासी अभियंता बाढ़ कार्य खंड अखिलेश कुमार गौतम सहित अन्य अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

# रक्षाबंधन पर महिलाओं को मुफ्त बस यात्रा का तोहफा

## 60 वर्ष से अधिक उम्र की महिलाओं को आजीवन निःशुल्क बस यात्रा की घोषणा



श्रावस्ती। रक्षाबंधन के पावन पर्व पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश की माताओं, बहनों और बेटियों को सुरक्षित और आसान यात्रा का बड़ा तोहफा दिया है। लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित ‍‍ह्यमातृशक्ति को सम्मानह्न कार्यक्रम का सजीव प्रसारण श्रावस्ती के कलेक्ट्रेट सभागार, तहसील इकौना और तहसील जमुनहा में किया गया।

कलेक्ट्रेट सभागार में कार्यक्रम के दौरान पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्य घनश्याम चौहान और जिलाधिकारी अन्नपूर्णा गर्ग मौजूद रहीं। इस दौरान महिलाओं को त्योहार के उपलक्ष्य में उपहार भी दिए गए। 27 से 29 अगस्त तक मुफ्त यात्रा पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्य घनश्याम चौहान ने कहा कि मुख्यमंत्री ने रक्षाबंधन पर महिलाओं को सुरक्षित और सुलभ यात्रा का उपहार दिया है। उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम की सभी श्रेणी की बसों में 27 अगस्त सुबह 6 बजे से 29 अगस्त की मध्य रात्रि 12 बजे तक महिलाओं को मुफ्त यात्रा की सुविधा मिलेगी। जिलाधिकारी अन्नपूर्णा गर्ग ने बताया कि महिला यात्रियों को शून्य किराये का टिकट दिया जाएगा। खास बात यह है कि महिला के साथ आने वाले एक सहयात्री को भी मुफ्त यात्रा की सुविधा मिलेगी। इससे भाइयों को राखी बांधने जाने वाली बहनों को काफी राहत मिलेगी। अतिरिक्त बसों की भी व्यवस्था

रक्षाबंधन पर यात्रियों की बढ़ती भीड़ को देखते हुए परिवहन निगम ने अतिरिक्त बसों और विशेष फेरों की व्यवस्था की है। अधिक भीड़ वाले मार्गों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी, ताकि यात्रियों को बस के लिए ज्यादा इंतजार न करना पड़े। बस अड्डों और यात्रा के दौरान महिलाओं की सुरक्षा, सुविधा और स्वच्छता का भी विशेष ध्यान रखा जाएगा।

कार्यक्रम में अपर जिलाधिकारी न्यायिक अशोक कुमार, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी मो. अजीम, भाजपा महिला मोर्चा की उपाध्यक्ष पूजा पाण्डेय सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी और बड़ी संख्या में महिलाएं मौजूद रहीं।

# कूरियर कंपनी के दफ्तर में चोरी : चोर लैपटॉप प्रिंटर सहित 88 हजार से अधिक नकदी ले गये

सिद्धार्थनगर इटवा थाना क्षेत्र के बेनीपुर नानकार स्थित एक डिलीवरी कूरियर कंपनी के कार्यालय में चोरी हो गई। चोर रोशनदान के रास्ते कार्यालय में घुसे और लैपटॉप, प्रिंटर, गद्दा तथा 88,584 रुपये नकद ले गए। यह घटना 23 अगस्त की रात से 24 अगस्त की सुबह के बीच हुई। पीड़ित की शिकायत पर इटवा पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। अंबेडकरनगर जिले के राजेसुल्तानपुर निवासी संजय पाल डिलीवरी कूरियर कंपनी में टीम लीडर (टीएल) के पद पर कार्यरत हैं। उनका कार्यालय इटवा थाना क्षेत्र के बेनीपुर नानकार में स्थित है। संजय पाल ने पुलिस को बताया कि उन्होंने 23 अगस्त की रात करीब 8:33 बजे कार्यालय बंद किया था। 24 अगस्त को जब वह अगले दिन कार्यालय पहुंचे, तो उन्हें पीछे के रोशनदान से किसी अज्ञात व्यक्ति के घुसने का पता चला। कार्यालय के अंदर जांच करने पर संजय पाल ने पाया कि लैपटॉप, प्रिंटर, गद्दा और 88,584 रुपये नकद गायब थे। चोरी की जानकारी होते ही उन्होंने तत्काल पुलिस को सूचित किया। पुलिस ने उनकी शिकायत के आधार पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज किया। इस मामले की जांच उपनिरीक्षक हरिओम कुशवाहा को सौंपी गई है। पुलिस कार्यालय में चोरों के प्रवेश मार्ग और घटना से जुड़े अन्य साक्ष्यों की जांच कर रही है। इसके अतिरिक्त, पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर चोरों की पहचान करने का प्रयास कर रही है। पुलिस के अनुसार, जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# सिद्धार्थनगर में बारावफात जुलूस में नाबालिगों ने फोड़े हाथगोले

सिद्धार्थनगर के शोहरतगढ़ में बुधवार को बारावफात के जुलूस के दौरान सड़क पर प्रतिबंधित हाथगोले फोड़कर आतिशबाजी की गई। बड़ी संख्या में नाबालिग लड़के खुलेआम हाथगोले फोड़ते नजर आए। इससे इलाके में धुआं फैल गया। घटना के वीडियो सामने आने के बाद सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठ रहे हैं। बारावफात का जुलूस शोहरतगढ़ की जामा मस्जिद से शुरू हुआ। यह कुजड़ा मोहल्ला, रमजान गली, निबियादोहनी, पुरानी तहसील रोड और तिरंगा चौराहा होते हुए वापस जामा मस्जिद पहुंचा। जुलूस में हजारों लोग शामिल हुए थे।



वीडियो फुटेज में सड़क पर नाबालिग लड़के हाथगोले फोड़ते दिखाई दे रहे हैं। आसपास मकान और दुकानें होने के बावजूद काफी देर तक आतिशबाजी जारी रही। गनीमत रही कि कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ, लेकिन इस तरह की आतिशबाजी से आग लगने या किसी के घायल होने का खतरा बना रहा। हाथगोले छोड़े जाने के बाद पूरे इलाके में धुआं छा गया। हाथगोले छोड़े जाने के बाद पूरे इलाके में धुआं छा गया। नाबालिग भी हाथ में हथगोले लेकर छोड़ते नजर आए। शोहरतगढ़ संवेदनशील इलाकों में शामिल है। यहां पहले भी विवाद और दंगे की घटनाएं हो चुकी हैं। ऐसे क्षेत्र में हजारों लोगों की भीड़ के बीच सड़क पर विस्फोटक पटाखों का इस्तेमाल गंभीर मामला है। आसपास मकान और दुकानें होने से आग जैसी घटना का खतरा और बढ़ जाता है।

पुलिस-प्रशासन की ओर से जुलूस के दौरान भारी पुलिस बल तैनात किया गया था। भीड़ को देखते हुए पुलिस की प्राथमिकता जुलूस को शांतिपूर्वक संपन्न कराना रही। प्रभारी निरीक्षक नवीन कुमार सिंह ने बताया कि जुलूस सकुशल संपन्न हुआ और कोई विवाद नहीं हुआ। पुलिस फोर्स तैनात रही और लगातार लोगों पर नजर रखी गई।

हालांकि, जुलूस के शांतिपूर्वक समाप्त होने के बावजूद सड़क पर प्रतिबंधित हाथगोले फोड़ने का मामला गंभीर है। पुलिस को वीडियो में नजर आ रहे लोगों की पहचान के साथ ही हाथगोलों की उपलब्धता और उनके स्रोत की जांच करनी चाहिए। इससे यह पता चल सकेगा कि जुलूस में इतनी बड़ी मात्रा में प्रतिबंधित आतिशबाजी कैसे पहुंची। मामला सिर्फ एक दिन की आतिशबाजी तक सीमित नहीं है। संवेदनशील क्षेत्र में हर साल जुलूस के दौरान सुरक्षा व्यवस्था की निगरानी की जाती है। ऐसे में इस घटना की जांच से यह भी स्पष्ट होना जरूरी है कि प्रतिबंधित आतिशबाजी को रोकने के लिए जुलूस से पहले और दौरान क्या इंतजाम किए गए थे। घटना के बाद सबसे बड़ा सवाल यह है कि प्रतिबंधित हाथगोले इतनी बड़ी संख्या में जुलूस तक कैसे पहुंचे। इन्हें किसने उपलब्ध कराया और क्या जुलूस से पहले इसकी जानकारी पुलिस-प्रशासन को थी? संवेदनशील क्षेत्र में निगरानी और भारी पुलिस बल की तैनाती के बावजूद विस्फोटक पटाखों का इस्तेमाल होना सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े करता है।

## बारावफात पर गाजे बाजे के साथ निकला जुलूस, मांगी गयी मुल्क में मोहब्बत की दुआ



प्रतापगढ़। वरावफात पर ग्रामीण एवं नगरीय इलाकों में जुलूसे मोहम्मदी सल्लाहू अलहे वसल्लम को लेकर अकीदतमंदों में उत्साह का माहौल देखा गया। लालगंज टाउन एरिया में गाजे बाजे के साथ निकले जुलूस में लोग परवर दिगार ए आलम से मुल्क में मोहब्बत की दुआ भी करते देखे गये। जुलूस मे बड़ी संख्या में बुजुर्गो के साथ युवाओं का भी जोश देखा गया। हजरत मोहम्मद साहब की यौमे पैदाइश पर निकले जश्नी जुलूस मे बुजुर्ग व बच्चे जोश के साथ शामिल हुए। खानापटटी स्थित मदरसा दारूल उलूम बाबुननबी से निकले जुलूस में बडी तादात में लोग शामिल हुए। डीजे की धुन पर उत्साहित युवाओं को शामिल हुए देखा गया। जुलूस की अगुवाई हजरत मौलाना रहमानी मियां ने किया। यह जुलूस घुइसरनाथ रोड होते हुए चौक से तहसील तथा कालाकांकर रोड होते हुए संगम चौराहे से मदरसा वापस पहुंचा। इधर बाजार मे भी बरावफात का जुलूस शानोशौकत से निकला। जुलूस के रास्ते में भारी फोर्स को भी मुस्तैद देखा गया। एसडीएम वाचस्पति सिंह व सीओ राजीव द्विवेदी, लालगंज कोतवाल आलोक कुमार भी फोर्स के साथ सुरक्षा बंदोबस्त में मशक्कत करते दिखे। नगर पंचायत की चेयरपर्सन अनीता द्विवेदी के निर्देश पर ईओ इंद्र प्रताप की अगुवाई में कार्यदायी संस्था द्वारा जुलूस के रास्ते साफ सफाई के खास इंतजाम भी नजर आये। इधर इलाके के रामपुर बावली, जलेशरगंज बाजार, रानीगंज कैथौला, सगरा सुंदरपुर, डीहमेंहदी, दीवानगंज, भैंसना, अठेहा, सेमरा, कुम्भीआइमा, नसीरपुर आदि इलाकों में भी बरावफात का जुलूस धूमधाम से निकला।

## श्रावण माह में बाबा का भव्य शृंगार भक्तो के लिए मनोहारी, उमड़े श्रद्धालु



प्रतापगढ़। श्रावण माह को लेकर बुधवार को पौराणिक स्थली बाबा घुइसरनाथ धाम में शिव भक्तों के द्वारा श्री रूद्राभिषेक एवं ऊँ नमः शिवाय के जाप में श्रद्धालुओं की भीड़ देखी गयी। वहीं श्रावण माह को लेकर बाबा के गर्भगृह व मंदिर परिसर में विशेष सजावट को भी श्रद्धालु निहारते दिखे। मंदिर परिसर में जगह जगह वैदिक मंत्रोच्चारण के मध्य भक्तों ने रूद्राभिषेक कर भगवान शिव का पूजन अर्चन किया। धाम में श्रद्धालुओं ने पूजन अर्चन कर आयोजित भण्डारों में प्रसाद भी ग्रहण किया। बुधवार को अयोध्या श्रीधाम से भी भक्तों का समूह वाहनों में बाबा का जयघोष करते दर्शन पूजन को उमड़ा दिखा। महंत मयंक भाल गिरि के संयोजन में हुई बाबा की मंगला आरती में श्रद्धालुओं की भीड़ हर हर महादेव के जयघोष में मंत्रमुग्ध दिखी। वहीं बाहर से आये श्रद्धालुओं ने बाबा का जलाभिषेक कर धाम में बने गंगा सरोवर व सई के मध्य विराजे भगवान शिव प्रतिमा व पैदल सेतु आदि को भी निहारते दिखे।

## ठेला हटाने को लेकर दो पक्ष भिड़े : मारपीट के बाद पुलिस ने दोनों पक्षों को हिरासत में लिया



इटवा कस्बे के मुख्य चौराहे पर मंगलवार शाम ठेला हटाने को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। कहासुनी के बाद दोनों पक्षों में मारपीट शुरू हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके पर स्थिति संभाली और दोनों पक्षों के कुछ लोगों को हिरासत में लेकर थाने पहुंचाया। दोनों पक्षों ने पुलिस को तहरीर दी है। घटना गोविंद सोनी की आभूषण की दुकान के सामने हुई। बताया जा रहा है कि दुकान के कर्मचारी और ठेला लगाने वाले के बीच ठेला हटाने को लेकर कहासुनी हो गई। देखते ही देखते विवाद बढ़ गया और दोनों पक्षों के लोग मौके पर जुट गए। इसके बाद मारपीट शुरू हो गई। मारपीट की सूचना मिलते ही इटवा पुलिस मौके पर पहुंच गई। थाना नजदीक होने के कारण पुलिस टीम कुछ ही देर में घटनास्थल पर पहुंची और दोनों पक्षों को अलग किया। मारपीट में शामिल कुछ लोगों को पुलिस जीप से थाने ले जाया गया। पुलिस दोनों पक्षों के लोगों से पूछताछ कर रही है। मामले में दोनों पक्षों की ओर से तहरीर दी गई है। पुलिस तहरीर और घटनास्थल पर मिले तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई कर रही है। विवाद के बाद कस्बे में कुछ समय के लिए अफरा-तफरी का माहौल रहा। पुलिस के पहुंचने के बाद स्थिति नियंत्रण में आ गई। मामले को लेकर स्थानीय स्तर पर तरह-तरह की चचाएं भी सामने आ रही हैं, हालांकि पुलिस की ओर से अभी तक कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है। मामले में संबंधित अधिकारी का पक्ष जानने के लिए फोन पर संपर्क किया गया, लेकिन समाचार लिखे जाने तक उनका पक्ष नहीं मिल सका। अधिकारी का पक्ष मिलने पर समाचार को अपडेट किया जाएगा।

## 60 साल से अधिक उम्र की महिलाओं को मिलेगी मुफ्त रोडवेज यात्रा



सिद्धार्थनगर में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रक्षाबंधन के अवसर पर प्रदेश की माताओं और बहनों को बड़ी सौगात दी। बुधवार को लखनऊ से उन्होंने ह्यलोकमाता अहिल्याबाई मातृशक्ति यात्रा योजनाह्न का शुभारंभ किया। योजना के तहत 60 वर्ष और उससे अधिक उम्र की महिलाओं को उत्तर प्रदेश परिवहन निगम की बसों में पूरे प्रदेश में निःशुल्क यात्रा की सुविधा मिलेगी। योजना के शुभारंभ कार्यक्रम का सिद्धार्थनगर के लोहिया कला भवन में सजीव प्रसारण किया गया। कार्यक्रम में मत्स्य मंत्री डॉ. संजय निषाद, भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक मौर्या, जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन, मुख्य विकास अधिकारी बलराम सिंह समेत जनप्रतिनिधि, अधिकारी और बड़ी संख्या में महिलाएं मौजूद रहीं। रक्षाबंधन के अवसर पर 27 से 29 अगस्त तक प्रदेश की माताओं और बहनों को एक सहयात्री के साथ रोडवेज बसों में निःशुल्क यात्रा की सुविधा भी दी गई है। वहीं, 60 वर्ष या उससे अधिक आयु की महिलाएं योजना के तहत पूरे प्रदेश में परिवहन निगम की बसों में आजीवन मुफ्त यात्रा कर सकेंगी। यात्रा के दौरान उन्हें आधार कार्ड या वोटर आईडी दिखाना होगा। मत्स्य मंत्री डॉ. संजय निषाद ने कहा कि भारतीय परंपरा में मातृशक्ति का विशेष सम्मान है। सरकार महिलाओं और गरीब परिवारों को आवास, मुफ्त राशन सहित विभिन्न योजनाओं का लाभ दे रही है। महिलाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के साथ उन्हें आत्मनिर्भर बनाने पर भी जोर दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आधी आबादी को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए सरकार लगातार काम कर रही है। बेटियां अपने पैरों पर खड़ी होंगी, तभी समाज में वास्तविक समानता आएगी।

संक्षेप

## महिला सिपाही ने ई-रिक्शा चालक से की हाथापाई

इटावा। रेलवे स्टेशन बजरिया क्षेत्र में मंगलवार रात करीब 11 बजे यूपी पुलिस की वर्दी पहने एक महिला सिपाही का ई-रिक्शा चालक से मारपीट और दुकानदार से अभद्रता का वीडियो सामने आया। बुधवार सुबह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। महिला सिपाही की पहचान पिंकी श्रीवास्तव के रूप में बताई जा रही है। वायरल वीडियो में महिला सिपाही ई रिक्शा चालक से बहस करती दिखाई दे रही है। इसके बाद वह चालक के साथ मारपीट करती नजर आ रही है। मौके पर मौजूद एक दुकानदार ने बीच बचाव या विरोध करने का प्रयास किया तो उसके साथ भी अभद्रता किए जाने का आरोप है। घटना के दौरान आसपास मौजूद लोगों ने मोबाइल से वीडियो बना लिया जो बुधवार सुबह तेजी से प्रसारित होने लगा। महिला सिपाही पिंकी श्रीवास्तव के नाम से करीब 5 दिन पहले कानपुर देहात के कई वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल होने का दावा किया जा रहा है। इन वीडियो में उनके हाइवे पर वाहन सवारों व कबाड़ियों से अभद्रता करने की बात सामने आई है। कुछ वीडियो में पुलिस अधिकारियों को लेकर टिप्पणी किए जाने का दावा किया गया है।

## सदा कल्याण करती है श्रावण में शिव स्तुति

भरथना, इटावा। श्रावण मास में की गई शिव स्तुति सदैव कल्याणकारी होती है। देवों के देव महादेव बडे ही दयालु व कृपालु हैं। वह वास्तविकता में भोले हैं, इसीलिए सम्पूर्ण जगत उन्हें भोलेनाथ के नाम से स्मरण करता है। श्रद्धालु की सच्ची भक्ति व लगन से वह बहुत ही जल्द प्रसन्न होते हैं। उक्त बात कस्बा के मुहल्ला जवाहर रोड मिडिल स्कूल प्रांगण स्थित नर्मदेश्वर शिव मन्दिर पर चल रहे शिवपुराण महोत्सव के दौरान सन्त 1008 महामण्डलेश्वर रामदास महाराज दंदरौआ धाम ने उपस्थित श्रद्धालुओं से कही। उन्होंने कहा कि ईश्वर की भक्ति सदैव सकारात्मकता ही प्रदान करती है। कभी-कभी हम आपत्ति के समय विचलित हो जाते हैं। किन्तु प्रभु सदैव ही हमारे कष्टों का नाश करते हैं। इससे पहले महाराज जी ने मन्दिर में विराजमान समस्त दैवीय शक्तियों का पूजन अर्चन व दर्शन किया। तदुपरान्त मन्दिर समिति द्वारा उनका माल्यार्पण कर भक्तिपूर्ण माहौल में उनका स्वागत सम्मान किया। इस दौरान मन्दिर व्यवस्थापक गोपाल दीक्षित, पुजारी मुकेश दीक्षित, अनिल पाठक, अंकुर तिवारी, बंटी पोरवाल, संजय चैहान, सुशान्त उपाध्याय, पंकज चैहान, श्यामू तिवारी, आशीष चैहान, राजीव यादव सहित कई श्रद्धालुओं की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

### सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा हाईस्कूल प्रमाणपत्र रोल नंबर 1226387 मेजरगंज से भदौखर के बीच कहीं वास्तव में खो गया है। प्रिन्शी मौर्या पुत्री चंद्रशेन मौर्य ग्राम अनुरुद्धपुर पोस्ट मेजरगंज, जिला रायबरेली

### सूचना

सूचित हो कि मुकदमा अपराध संख्या 209/26 धारा 303(2) बीएनएस थाना कोतवाली नगर जनपद सीतापुर से संबंधित बरामद 18 साइकिलें जिसमें तीन रेंजर साइकिलें है जो थाना कोतवाली नगर जनपद सीतापुर में बरामद हुई है यदि किसी की है तो वह थाना कोतवाली नगर से संपर्क स्थापित करें।

### आवश्यकता

**आवश्यकता है**

फ्रेंड्स कोऑपरेटिव हाउसिंग सोसाइटी लिमिटेड, इटावा में सचिव के पद के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। नियुक्ति मानदेय के साथ अस्थायी आधार पर की जाएगी। **शैक्षणिक योग्यता :-** ग्रेजुएट, **DOEACC 'A'** लेवल या समकक्ष होना वांछनीय है। इच्छुक उम्मीदवार 03/09/2026 तक सुबह 10.00 बजे से शाम 4.00 बजे के बीच समित के कार्यालय में अपने आवेदन जमा करें। 03/09/2026 के बाद किसी भी आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा। अधिक जानकारी के लिए कृपया समित के कार्यालय में संपर्क करें।

# शिद्दत से मनाया गया ईद मिलादुन्नबी

## पिपरौली बाजार में निकला भव्य जुलूस, चारों मोहल्लों में गूंजा नबी की आमद का पैगाम



पिपरौली, गोरखपुर। क्षेत्र के कस्बा पिपरौली बाजार में बुधवार को ईद मिलादुन्नबी (बारावफात) का पर्व बड़ी अकीदत, शिद्दत एवं उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर कस्बे में भव्य जुलूस-ए-मोहम्मदी निकाला गया, जिसमें बच्चों, नौजवानों एवं बुजुर्गों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। जुलूस में शामिल लोगों ने नबी-ए-पाक हजरत मोहम्मद साहब की पैदाइश की खुशी में नात-ए-पाक एवं धार्मिक नारों के साथ माहौल को खुशनुमा बना दिया। जुलूस पिपरौली बाजार के विभिन्न मोहल्लों से होकर गुजरा। जुलूस में शामिल लोग हाथों में तख्तियां लेकर चल रहे थे। गाजे-बाजे के साथ निकले जुलूस में बड़ी संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने भाग लिया। जगह-जगह लोगों ने जुलूस का स्वागत किया तथा नबी-ए-पाक हजरत मोहम्मद साहब की शिक्षाओं को याद किया।

ईद मिलादुन्नबी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए लोगों ने कहा कि यह दिन मुस्लिम समुदाय के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। इसी दिन पैगंबर-ए-इस्लाम हजरत मोहम्मद साहब की विलादत हुई थी और इसी तारीख को उनके विसाल का भी उल्लेख मिलता है। यही वजह है कि मुस्लिम समुदाय इस दिन को अकीदत एवं शिद्दत के साथ मनाता है और पैगंबर-ए-इस्लाम के बताए इंसानियत, भाईचारे, अमन एवं मोहब्बत के रास्ते पर चलने का संदेश देता है। जुलूस के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस प्रशासन भी पूरी तरह मुस्तैद रहा। एहतियातन गीडा एसएसआई राकेश कुमार पांडेय तथा पिपरौली चौकी प्रभारी अमरेश कुमार सिंह मय फोर्स मौके पर मौजूद रहे। पुलिसकर्मियों ने जुलूस के मार्ग पर निगरानी रखते हुए सुरक्षा व्यवस्था संभाली, जिससे कार्यक्रम शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। इस अवसर पर ग्राम प्रधान अब्दुल खालिक, हाफिज अब्दुल मावूद, हाफिज इरशाद, हाफिज सलीम, एकरार खान, सेराज आलम, शकिल, नसीम, अज्जू भाईया, शहनवाज खान सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## हर्षोल्लास से मनाया गया ईदमिलादुन्नबी



गोला, गोरखपुर। उपनगर गोला के गोपालपुर कस्बे में हर्षोल्लास के साथ ईदमिलादुन्नबी का त्यौहार मनाया गया। पैगंबर ए इस्लाम हजरत मुहम्मद साहब के जन्मदिन पर कौमी के लोगों ने जगह जगह जुलूस निकाल कर भाईचारे का पैगाम दिया। त्यौहार के मौके पर चारों ओर रौनक नजर आयी। ईदमिलादुन्नबी (बारावफात) त्यौहार को कौम के लोग हजरत मोहम्मद साहब के जन्मदिन के रूप में मनाते है। बुधवार को त्यौहार के मौके पर नगर पंचायत गोला नगर के गोपालपुर में सलीम शेख के नेतृत्व में गोपालपुर मदरसा दारूल उलूम अमजदिया अनवारुल उलूम से जुलूस निकाला गया ।जुलूस के माध्यम से लोगों को आपसी भाईचारे व सौहार्द का सन्देश दिया गया। इस दौरान लोगो ने इस्लामी झंडा लेकर पैगम्बर मोहम्मद साहब के प्रति समर्पित दिखे ।वही जुलूस में विभिन्न प्रकार की बनी झांकियां आकर्षण का केंद्र रही। इस अवसर पर ? प्रिंसिपल शमसुल वरा, मुमताज हाफिजी, इमामुद्दीन हाफिज, रईस शेख, शमशाद, डॉ एसए कुरैशी, इसराइल कुरैशी, नियाज, इरसाद, सकलेन; गुड़िया, जैनब बानो, अकबर कुरैशी, अबू हसन, शाह नसीम, शाह कलीम, शाह अमजद, समीर सलमान मदरसा व नौजवान कमेटी के लोग व गणमान्य लोग भी शामिल रहे।

## गंगा का बढ़ता जलस्तर बढ़ा रहा कटरीवासियों की चिंता



फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। गंगा के बढ़ते जलस्तर ने कटरीवासियों की चिंता बढ़ा दी है। पिछले साल बरसात के दौरान कटे शिवराजपुर-काली मिट्टी मार्ग की अब तक मरम्मत न होने से कटान स्थल पर दोबारा सड़क कटने का खतरा मंडराने लगा है। हालांकि कटान स्थल पर पत्थर की बोरियां लगाकर कटान रोकने के प्रयास किए जा रहे हैं, लेकिन गंगा का जलस्तर लगातार बढ़ने की स्थिति में आरपार रोड को बचाना चुनौतीपूर्ण हो सकता है। गत वर्ष हिंदूपुर और सरैया घाट पुल के बीच करीब एक किलोमीटर सड़क बाढ़ के पानी में कट गई थी। इसके चलते आवागमन पूरी तरह बंद करना पड़ा था। काफी प्रयासों के बाद मुख्य मार्ग के समानांतर वैकल्पिक रास्ता बनाकर पैदल यात्रियों और छोटे वाहनों के लिए आवागमन शुरू कराया गया था। लेकिन बरसात शुरू होते ही यह वैकल्पिक मार्ग भी बंद कर दिया गया और गंगा पुल पर दीवार खड़ी कर आवागमन रोक दिया गया। मार्ग बंद होने से कटरीवासियों को शिवराजपुर और कानपुर जाने के लिए उन्नाव अथवा बिल्हौर होकर लंबा चक्कर लगाना पड़ रहा है। अब गंगा का जलस्तर बढ़ने के साथ सड़क के दोबारा कटने और खेतों में पानी भरने का खतरा भी बढ़ गया है। ग्रामीणों का कहना है कि समय रहते कटान स्थल पर स्थायी मरम्मत और सुरक्षा के इंतजाम नहीं किए गए तो आने वाले दिनों में समस्या और गंभीर हो सकती है।

## पूर्व प्रधान झल्लू महाराज के निधन से क्षेत्र में शोक



फतेहपुर चैरासी, उन्नाव। क्षेत्र के गांव जमुनिहाँ कच्छ निवासी पूर्व प्रधान रमाकान्त शुक्ल उर्फ झल्लू महाराज के आकस्मिक निधन से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। करीब 75 वर्षीय झल्लू महाराज अपनी ग्राम सभा से कई बार प्रधान रहे और सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते रहे। झल्लू महाराज की क्षेत्र में मजबूत राजनीतिक पकड़ मानी जाती थी। वह जनपद के दो कद्दावर नेताओं पूर्व गृह मंत्री स्वर्गीय गोपीनाथ दीक्षित और पूर्व शिक्षा मंत्री स्वर्गीय सच्चिदानंद बाजपेई के साथ ही फतेहपुर चैरासी ब्लॉक के पूर्व ब्लॉक प्रमुख एवं प्रधानाचार्य स्वर्गीय विष्णु दयालु दीक्षित के भी करीबी माने जाते थे। गंगा कटरी क्षेत्र की आसपास की ग्राम सभाओं में उनका अच्छा प्रभाव रहा। राजनीतिक पहुंच के साथ ही क्षेत्र और गांव के विकास कार्यों में उनकी विशेष रुचि रहती थी। इसी कारण वह जीवनभर क्षेत्रवासियों के चहेते बने रहे। बुधवार को उनके अचानक निधन की खबर मिलते ही क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। बड़ी संख्या में लोगों ने गांव पहुंचकर दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए शोकाकुल परिजनों को ढांढस बंधाया।

## अकीदत और एहतराम के साथ निकला जुलूस-ए-ईद मिलादुन्नबी

पाटन, उन्नाव। जुलूस-ए-ईद मिलादुन्नबी बारावफात बुधवार को क्षेत्र में अकीदत और एहतराम के साथ मनाया गया। सुबह से ही मस्जिदों में महफिल-ए-मिलाद का आयोजन हुआ। इसमें नबी-ए-पाक के पैगाम-ए-इंसानियत को याद करते हुए मोहब्बत, भाईचारे और अमन का संदेश दिया गया। इसके बाद पाटन, बिहार, मनिकापुर, सवाइन, लिलिया, बरवलिया, भगवंतनगर सहित विभिन्न स्थानों पर जुलूस निकाले गए। जुलूस में बच्चे, नौजवान और बुजुर्ग हाथों में हरे झंडे लेकर नात व सलाम पढ़ते हुए शामिल हुए ।जगह-जगह पानी, शरबत और हलवे की सबील लगाई गई। वहीं, मोहल्लों की छतों से अकीदतमंदों ने फूल बरसाए। ईद मिलादुन्नबी के अवसर पर घरों, इमामबाड़ों, ईदगाहों और मस्जिदों को रोशनी से सजाया गया। इससे पूरा क्षेत्र रोशनी से जगमगा उठा। अकीदतमंदों ने देश में अमन-ओ-शांति, खुशहाली और भाईचारे की दुआ की ।महफिल में शायरों और उलेमाओं ने कहा कि नबी-ए-करीम की जिंदगी पूरी इंसानियत के लिए राहे-रौशन है। उनके बताए रास्ते पर चलकर समाज में मोहब्बत, भाईचारे और सौहार्द को मजबूत किया जा सकता है ।जुलूस शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। सुरक्षा को लेकर प्रशासन की ओर से पुख्ता इंतजाम किए गए थे। विभिन्न स्थानों पर पुलिस बल तैनात रहा। अधिकारियों ने जुलूस के मार्ग का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया ।कस्बा बिहार में पत्रकार सुरेश मिश्रा तथा मनिकापुर में ग्राम प्रधान माजिद आलमगीरी हस्सानी ने अतिथियों का माल्यार्पण कर अंगवस्त्र भेंट किए और सम्मानित किया ।इस मौके पर कारी साहब रिजवान, सदर इबरार खान, निहाल, बबलू शाह, इसरार खान, सलीम, रजोली मिश्रा, अजय मिश्रा, विजय वर्मा, , प्रेम वर्मा, राजेश राजपूत, उत्कर्ष मिश्रा, हिमांशु मिश्रा, संदीप कुमार मिश्रा सहित बड़ी संख्या में दोनों समुदाय के लोग मौजूद रहे।

## जहरीला कीड़ा काटने से बालक की मौत

फतेहपुर चैरासी। क्षेत्र के गांव उत्तमान पुर में एक बालक की अचानक स्थिति बिगड़ जाने पर परिजन उसे सी एच सी बांगरमऊ ले गए जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने जहरीले कीड़े के काटने की आशंका जताई है। गाँव निवासी सुजीत अपने लगभग पांच वर्षीय पुत्र अजीत और परिवार के साथ रात में घर में सो रहे थे तभी देर रात अजीत अचानक रोने लगा। काफी देर तक शान्त कराने के प्रयास के बाद भी जब वह शान्त नहीं हुआ तो परिजन सी एच सी ले गए जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने किसी जहरीले कीड़े के काटने की आशंका जताई है।

## गंगा नदी एवं कल्याणी नदी में बढ़ा पानी

सफीपुर, उन्नाव। गंगा नदी एवं कल्याणी नदी में बढ़ा पानी। एसडीएम ने संभाली कमान ।बाढ़ संभावित क्षेत्रों का किया निरीक्षण ग्रामीणों से सावधानी बरतने की अपील करते हुए राजस्व टीम दिए आवश्यक दिशा निर्देश। आपको बताते चले कि गंगा और कल्याणी नदी का जलस्तर बढ़ने के बीच सफीपुर एसडीएम फाल्गुनी सिंह ने मोर्चा संभालते हुए बुधवार को बाढ़ संभावित क्षेत्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने जमालनगर, इब्राहिमाबाद और कल्याणी नदी पुल पहुंचकर जमीनी स्थिति का जायजा लिया। एसडीएम फाल्गुनी सिंह ने ग्रामीणों और नाविकों से बातचीत कर जलस्तर, आवागमन और संभावित खतरे की जानकारी ली, और सावधानी बरतने की अपील की। उन्होंने ग्रामीणों को भरोसा दिलाया कि प्रशासन बाढ़ की स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार है।

# अवैध मिट्टी खनन पर चला खनन विभाग का चाबुक

## जेसीबी और थार सीज



गीडा, गोरखपुर। गीडा थाना क्षेत्र के पिपरी गांव में धड़ल्ले से चल रहे अवैध मिट्टी खनन के खेल पर बुधवार को दोपहर करीब 3 बजे खनन विभाग की टीम ने बड़ी और सख्त कार्रवाई की। प्रशासनिक टीम की अचानक हुई छापेमारी से मौके पर मिट्टी खनन करा रहे माफियाओं और वाहन चालकों में अफरा-तफरी मच गई। कार्रवाई के दौरान खनन विभाग ने मौके से एक जेसीबी मशीन और एक थार वाहन को कब्जे में लेकर सीज कर दिया और अग्रिम कानूनी कार्रवाई के लिए गीडा थाना पुलिस के सुपुर्द कर दिया। जिला खनन अधिकारी अजीत कुमार पाण्डेय ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि गीडा के पिपरी क्षेत्र में बिना किसी वैध अनुमति और मानकों को दरकिनार कर अवैध मिट्टी खनन किए जाने की गुप्त सूचना मिल रही थी। सूचना को गंभीरता से लेते हुए खनन विभाग की एक विशेष टीम का गठन किया गया और चिन्हित स्थान पर छापेमारी की गई। टीम के पहुंचते ही खनन स्थल पर हड़कंप मच गया और लोग भागने का प्रयास करने लगे लेकिन टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए खनन में प्रयुक्त जेसीबी और कारोबारियों से जुड़े थार वाहन को जब्त कर लिया। अवैध कारोबार पर नकेल कसते हुए जिला खनन अधिकारी ने स्पष्ट किया कि क्षेत्र में किसी भी कीमत पर अवैध खनन या परिवहन की अनुमति नहीं दी जाएगी। उन्होंने कहा कि पर्यावरण और सरकारी राजस्व को नुकसान पहुंचाने वाले अवैध कारोबारियों के खिलाफ विभाग का यह अभियान आगे भी अनवरत जारी रहेगा। इस कार्रवाई के बाद से गीडा और आसपास के इलाकों में अवैध खनन से जुड़े लोगों में हड़कंप का माहौल है। खनन विभाग और स्थानीय पुलिस की संयुक्त टीमें अब ऐसे संभावित स्थलों पर लगातार नजर बनाए हुए हैं ताकि अवैध मिट्टी खनन पर पूरी तरह से रोक लगाई जा सके। गीडा थाना पुलिस ने सीज किए गए वाहनों को अपनी कस्टडी में लेकर संबंधित धाराओं के तहत विधिक प्रक्रिया शुरू कर दी है।

# पुलिस की पैनी नजर, डीआईजी-एसएसपी ने किया पैदल गश्त



गोरखपुर। शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था को लेकर गोरखपुर पुलिस पूरी तरह सतर्क नजर आ रही है। इसी क्रम में पुलिस उपमहानिरीक्षक गोरखपुर परिक्षेत्र एस. चनप्पा एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ ने नगर क्षेत्र में पैदल गश्त कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। दोनों अधिकारियों ने पुलिस बल के साथ विभिन्न क्षेत्रों में भ्रमण करते हुए मौके की स्थिति देखी और पुलिसकर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

पैदल गश्त के दौरान अधिकारियों ने प्रमुख बाजारों, मार्गों और सार्वजनिक स्थानों पर पुलिस की मौजूदगी का जायजा लिया। इस दौरान क्षेत्र में आने-जाने वाले लोगों तथा वाहनों की गतिविधियों पर भी नजर रखी गई। अधिकारियों ने पुलिसकर्मियों को निर्देशित किया कि कानून-व्यवस्था बनाए रखने के साथ ही आम नागरिकों से बेहतर संवाद स्थापित किया जाए और किसी भी तरह की संदिग्ध गतिविधि की सूचना मिलने पर तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। डीआईजी एस. चनप्पा और एसएसपी डॉ. कौस्तुभ ने कहा कि शहर में शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखना पुलिस की प्राथमिकता है। त्योहारों और अन्य आयोजनों को देखते हुए पुलिस की सक्रियता लगातार बढ़ाई जा रही है। पैदल गश्त का उद्देश्य आमजन में सुरक्षा की भावना को मजबूत करना और असामाजिक तत्वों में कानून का भय बनाए रखना है। गश्त के दौरान पुलिस अधीक्षक नगर निमिष पाटील, क्षेत्राधिकारी कोतवाली ओंकार दत्त तिवारी सहित अन्य पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे। अधिकारियों ने पुलिस बल को क्षेत्र में लगातार प्रभावी गश्त करने तथा कानून-व्यवस्था से जुड़े मामलों में त्वरित एवं निष्पक्ष कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

# आठवीं के छात्र का बाथरूम में मिला शव

## सीसीटीवी में गमछा लेकर अकेले बाथरूम की ओर जाता दिखा छात्र



गोरखपुर। लालडिग्गी स्थित स्पर्श राजकीय दृष्टि बाधित इंटर कॉलेज में बुधवार को उस समय हड़कंप मच गया, जब कक्षा आठ के छात्र अनूप कुमार का शव कॉलेज के बाथरूम में फांसी के फंदे से लटका मिला। घटना की सूचना मिलते ही कॉलेज परिसर में अफरा-तफरी मच गई। कॉलेज प्रशासन की ओर से तत्काल पुलिस को सूचना दी गई, जिसके बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई शुरू की। मृतक छात्र की पहचान अनूप कुमार पुत्र रामाश्रय प्रसाद, निवासी देवरिया के रूप में हुई है। वह स्पर्श राजकीय दृष्टि बाधित इंटर कॉलेज में कक्षा आठ में अध्ययनरत था। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि छात्र को सीसीटीवी फुटेज में अकेले गमछा लेकर बाथरूम की तरफ जाते हुए देखा गया था। इसके बाद कुछ समय बाद बाथरूम में छात्र के फांसी लगाए होने की जानकारी सामने आई। पुलिस अब सीसीटीवी फुटेज के साथ ही छात्र के मोबाइल फोन की डिटेल भी खंगाल रही है, ताकि घटना से जुड़े सभी पहलुओं की जानकारी जुटाई जा सके। घटना की जानकारी मिलते ही मृतक छात्र के परिजनों को तत्काल सूचना दी गई। परिजनों के पहुंचने के बाद पुलिस ने शव को अपनी कस्टडी में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्रशासन की ओर से डॉक्टरों के पैनल से पोस्टमार्टम कराने तथा पूरी प्रक्रिया की वीडियोग्राफी कराने के निर्देश दिए गए हैं। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच में सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

घटना की गंभीरता को देखते हुए एडीएम सिटी गजेंद्र कुमार और एसपी सिटी निमिष पाटील भी मौके पर पहुंचे। दोनों अधिकारियों ने घटनास्थल का निरीक्षण कर कॉलेज प्रशासन तथा पुलिस अधिकारियों से घटना के संबंध में जानकारी ली। एडीएम सिटी गजेंद्र कुमार ने बताया कि छात्र अनूप कुमार कॉलेज के बाथरूम में फांसी लगा हुआ पाया गया है। सीसीटीवी फुटेज में छात्र अकेले अपना गमछा लेकर बाथरूम की ओर जाता दिखाई दे रहा है। अधिकारियों ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण करने के साथ ही उपलब्ध साक्ष्यों को सुरक्षित रखने और जांच को गंभीरता से आगे बढ़ाने के निर्देश दिए। पुलिस छात्र के मोबाइल फोन की डिटेल का भी अवलोकन कर रही है, जिससे यह पता लगाया जा सके कि घटना से पहले उसकी किन लोगों से बातचीत हुई थी और उसके संपर्क में कौन-कौन लोग थे।

पुलिस अधिकारियों के मुताबिक अभी घटना के पीछे की वास्तविक वजह स्पष्ट नहीं है। मामले में सभी संभावित पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट, सीसीटीवी फुटेज, मोबाइल डिटेल और अन्य साक्ष्यों के आधार पर घटना की परिस्थितियों को स्पष्ट करने का प्रयास किया जा रहा है। प्रकरण में अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## बारिश के बीच जोशो खरोश के साथ निकला जुलूसे मोहम्मदी



इटावा। जश्ने ईद मीलादुन्नबी के मौके पर शहर में जुलूस-ए-मुहम्मदी बड़े ही अदबो एहतराम के साथ सरकार की आमद मरहबा, अर्श का दूल्हा आया है के नारों के साथ निकला। जुलूस में शहर के कई मोहल्लों की अंजुमनों ने झांकियों के साथ के भाग लिया। बारिश के बावजूद जुलूसे मोहम्मदी में लोगों का उत्साह और श्रद्धा देखने लायक रही। नई बस्ती आजादनगर स्थित मदरसा दारुल उलूम गौसिया तजबीदुल कुरान से आयोजक कारी सरफराज आलम निजामी एंव नया शहर से अंजुमने हुसैनिया कमेटी अध्यक्ष हाजी शेख सकलैन के नेतृत्व एवं उलेमाओं की सरपरस्ती में जुलूसे मोहम्मदी शानो शौकत से निकला। नई बस्ती से जुलूस का शुभारंभ मौलाना उबैदुर्रहमान कादरी व मौलाना वाजिद अशरफी और नया शहर से अंजुमने हुसैनिया कमेटी अध्यक्ष हाजी शेख सकलैन के नेतृत्व एवं उलेमाओं की सरपरस्ती में जुलूसे मोहम्मदी शानो शौकत से निकला। नई बरती से जुलूस का शुभारंभ मौलाना उबैदुर्रहमान कादरी व मौलाना वाजिद रजा और नया शहर से जुलूस का शुभारंभ मौलाना जहिद रजा व अध्यक्ष हाजी सकलैन खलील ने हरी झंडी दिखाकर किया। कारी शाहबाज अनवर ने तिलावत की व हाफिज कैफ रजा ने नात शरीफ पेश की। मौलाना शराफत अशरफी ने दुआ की। संचालन नदीम एडवोकेट ने किया। अंजुमने हुसैनिया कमेटी के अध्यक्ष हाजी शेख सकलैन, पूर्व चेयरमैन फुरकान अहमद ने नया शहर पर मौलाना जाहिद रजा, डीएम शुभ्रांत कुमार शुक्ल सहित सिटी मजिस्ट्रेट राजेन्द्र बहादुर, एसडीएम, सीओ सिटी अवनीश सिंह व शहर कोतवाल यशवन्त सिंह का शाल उढ़ाकर स्वागत किया। जुलूस के आयोजक कारी सरफराज आलम निजामी व अंजुमन गुलामाने हुसैन कमेटी की ओर से हाजी अजीम वारसी, हाजी रईस चिश्ती, वाईके शफी व कमाल चिश्ती, शेख नबाब ने उलमाओं सहित सनशाइन स्कूल के डायरेक्टर शिखर चतुर्वेदी का साफा व दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया। पचराहे पर मोहम्मद गुलशेर व एसएम मुस्तकीम ने जुलूसे मोहम्मदी में शामिल लोगों का जोशीला स्वागत किया। इसके अलावा शहर में जगह जगह पानी, शर्बत व प्रसाद का वितरण कर जुलूसे मोहम्मदी का स्वागत किया गया।

## भाजपा जिलाध्यक्ष ने राज्यसभा सांसद का स्वागत किया



इटावा। भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग मोर्चा राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद अमर पाल मौर्य का शताब्दी एक्सप्रेस से दिल्ली से लखनऊ जाते समय इटावा रेलवे स्टेशन पर भाजपा जिलाध्यक्ष अरुण कुमार अन्नू गुप्ता के नेतृत्व में जनप्रतिनिधियों, पार्टी पदाधिकारियों, कार्यकताओं एवं समर्थकों ने फूल मालाओं, पटको व स्मृति चिन्ह भेंटकर जोरदार व ऐतिहासिक स्वागत किया। ओबीसी मोर्चा राष्ट्रीय अध्यक्ष के स्टेशन पहुंचते ही कार्यकताओं में जबरदस्त उत्साह दिखाई दिया। भाजपा जिलाध्यक्ष अन्नू गुप्ता के नेतृत्व में बड़ी संख्या में मौजूद कार्यकताओं ने पुष्पगुच्छ व फूल माला भेंट कर उनका स्वागत किया और जोरदार नारेबाजी के बीच उनका अभिनंदन किया। इटावा रेलवे स्टेशन पर कुछ समय के लिए ऐसा माहौल बन गया, मानो पूरा स्टेशन भाजपा कार्यकताओं की उत्साहपूर्ण मौजूदगी से पार्टीमय हो गया हो। कार्यकताओं ने अमर पाल मौर्य का गर्मजोशी के साथ स्वागत करते हुए पिछड़ा वर्ग मोर्चा और संगठन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता का संदेश दिया। रेलवे स्टेशन पर हुए इस स्वागत कार्यक्रम में पूर्व सांसद प्रेमदास कठेरिया, पूर्व जिलाध्यक्ष अजय धाकरे, पूर्व प्रत्याशी विवेक शाक्य, कमलेश कठेरिया, ओबीसीमोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य प्रदीप साविता, जिला महामंत्री सतेंद्र राजपूत, जिलाउपाध्यक्ष अशोक चैबे, कृपानारायण तिवारी, बासु चैधरी, जिला मंत्री संजूबाबू शाक्य, आयुष राज, राजकमल यादव, सुरेश राजपूत, पूर्व जिला उपाध्यक्ष वीरेंद्र बघेल, निवर्तमान जिलामंत्री रजत चैधरी, समीर सक्सेना, जिला मीडिया प्रभारी रोहित शाक्य, अंकित सैनी, गिरधर दीक्षित, देवांश सक्सेना, मंडल अध्यक्ष चंदन मिश्रा सहित पार्टी पदाधिकारी, ओबीसी मोर्चा पदाधिकारी, कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में समर्थक मौजूद रहे।

## रक्षाबंधन पर बसों में निःशुल्क यात्रा की सुविधा दी जाएगी



इटावा। लोकमाता अहिल्याबाई मातृशक्ति यात्रा का शुभारंभ किया गया, जिसके अंतर्गत 60 वर्ष एवं उससे अधिक आयु की सभी महिलाओं को उत्तर प्रदेश परिवहन निगम की बसों में आजीवन निःशुल्क यात्रा की सुविधा प्रदान की जाएगी। जनपद में इस कार्यक्रम का शुभारंभ विकास भवन स्थित प्रेरणा सभागार में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता उत्तर प्रदेश लघु उद्योग निगम लिमिटेड, कानपुर के अध्यक्ष राकेश गर्ग द्वारा की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर एवं दीप प्रज्वलित करके किया गया। रक्षाबंधन पर्व के दृष्टिगत महिलाओं के लिए विशेष निःशुल्क बस यात्रा की सुविधा दी गई। 27 अगस्त 2026 की सुबह से 29 अगस्त की मध्य रात्रि तक सभी महिलाओं तथा उनके साथ एक सहयात्री को उत्तर प्रदेश परिवहन निगम की बसों में निःशुल्क यात्रा की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। इस पहल का उद्देश्य रक्षाबंधन के पावन पर्व पर महिलाओं को अपने मायके एवं परिवारजनों तक सुगम, सुरक्षित एवं निःशुल्क आवागमन की सुविधा उपलब्ध कराना है। लोकमाता अहिल्याबाई मातृशक्ति यात्रा योजना के अंतर्गत 60 वर्ष एवं उससे अधिक आयु की सभी महिलाएं वोटर आईडी कार्ड अथवा आधार कार्ड दिखाकर उत्तर प्रदेश परिवहन निगम की बसों में आजीवन निःशुल्क यात्रा कर सकेंगी। सदर विधायक सरिता भदौरिया ने कहा कि महिलाएं परिवार की जिम्मेदारियों के साथ-साथ समाज और राष्ट्र के निर्माण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। हमें अपने परिवार के प्रति जिम्मेदारियों का निर्वहन करते हुए समाज एवं देश के विकास में सक्रिय योगदान देना चाहिए। कार्यक्रम के अंत में जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल ने कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य अतिथियों एवं सभी आगंतुकों के प्रति आभार व्यक्त किया।

## अवैध रूप से पाटे गए जोकहा नाला पर एसडीएम की सख्त, कराई सफाई

गीडा, गोरखपुर। तहसील सहजनवां क्षेत्र के ग्राम पंचायत सरया, चकदाउद में वर्षों पुराने ऐतिहासिक जोकहा नाला को अवैध रूप से मिट्टी और राख से पाटकर उसकी पुलिया को बंद कर दिए जाने के मामले में प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई की है। बुधवार को ग्रामीणों द्वारा इस समस्या को लेकर उपजिलाधिकारी सहजनवां से मौखिक शिकायत की गई थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसडीएम नमन मेहता ने मामले का संज्ञान लेते हुए खुद मौके पर पहुंचकर स्थल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान नाले को अवैध कब्जे से मुक्त कराने और बहाव को सुचारू बनाने के लिए एसडीएम के निदेर्शों पर तत्काल मौके पर जेसीबी मशीन बुलवाई गई। प्रशासनिक मौजूदगी में नाले में पटाई गई मिट्टी और राख को हटवाकर साफ-सफाई कराई गई और पुलिया का मार्ग बहाल किया गया। स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि लंबे समय से इस नाले के बंद होने के कारण गांव में जलभराव का सामना करना पड़ रहा था। तहसील प्रशासन की इस त्वरित और कड़े रुख वाली कार्रवाई से ग्रामीणों में खुशी का माहौल है और उन्होंने तहसील प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया है। जब्त कर लिया।

संक्षेप

## लूटपाट की घटना का खुलासा तीन आरोपियों को भेजा जेल

मोहम्मदी खीरी। गोला रोड अपर सत्र न्यायाधीश कोर्ट के सामने दिनदहाड़े बाइक पर बैठे महिला के कान का कुंडल छीन लेने की घटना से सनसनी फैल गई थी पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर लिया था आरोपियों की तलाश में पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज से पहचान कर अंतर्जनपदीय गैंग के एक सदस्य के साथ तीन लोगों को गिरफ्तार कर माल बरामद कर आरोपियों को कोर्ट में पेश किया जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है। पुलिस के अनुसार 14 दिन पूर्व सोम कुमार पुत्र मुनेश्वर थाना सदर हरदोई अपनी बाइक से पत्नी के साथ गोला से वापस लौट रहे थे कोर्ट के सामने पहुंचते ही एक लाल रंग की बाइक सवार दो युवकों उनकी पत्नी के कान से कुंडल नोच कर भाग निकले थे। सीओ अरुण कुमार के निर्देशन में एस आई रामचंद्र, मेराज,आरक्षी हुकुम सिंह, जगमोहन, प्रदीप,सुरेंद्र गोस्वामी की टीम ने सीसीटीवी फुटेज से आरोपियों की पहचान कर बुधवार को मोहम्मदी शाहजहांपुर हाईवे किनारे शंकरपुर गांव के तिराहे से रोहित गौतम गांव आवां माजरा सातवां बुजुर्ग जिला शाहजहांपुर,नितिन गौतम निवासी सुआ ताली मढैया मोहम्मदी, के कब्जे से 315 बोर तमंचा जामा तलाशी 78 00 नकदी, टीवीएस बाइक, के साथ दबोच लिया कड़ाई से पूछने पर चोरी का माल बाजार गंज सराफा व्यापारी लक्ष्मण गुप्ता से माल बरामद कर लिया है।

## करंट से युवक की मौत

सीतापुर। थाना तंबौर क्षेत्र के ग्राम छोटी कनकारी में बुधवार सुबह उस समय मातम पसर गया, जब घर में लगी पानी की मोटर चलाने गए 24 वर्षीय युवक की करंट की चपेट में आने से मौत हो गई। हादसे में नन्हूराम पुत्र मूलचंद्र बुरी तरह झुलस गया। परिजन उसे आनन-फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रेउसा लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। बताया गया कि बुधवार सुबह नन्हूराम घर में पानी की मोटर चलाने गया था। इसी दौरान मोटर में अचानक करंट उतर आया और वह उसकी चपेट में आ गया। तेज करंट लगने से युवक गंभीर रूप से झुलस गया। हादसे की जानकारी मिलते ही परिजन और ग्रामीण मौके पर पहुंचे तथा उसे तत्काल अस्पताल ले गए, लेकिन तब तक उसकी सांसें थम चुकी थीं। घटना के बाद पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। ग्रामीणों ने बताया कि नन्हूराम की मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। घटना की सूचना स्थानीय पुलिस को दे दी गई है। पुलिस ने मामले की जानकारी जुटाते हुए आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है।

## स्मार्ट बाजार की पार्किंग से बाइक चोरी

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। स्मार्ट बाजार में ड्यूटी समाप्त करने के बाद बाइक लेने पहुंचे कर्मचारी को अपनी बाइक मौके पर नहीं मिली। काफी तलाश के बाद भी बाइक का पता न चलने पर कर्मचारी ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर बाइक चोरी की रिपोर्ट दर्ज करने और कार्रवाई की मांग की है। हैदराबाद थाना क्षेत्र के बेलवा गांव निवासी दीपेंद्र कुमार गोला स्थित स्मार्ट बाजार में कर्मचारी है। उसके मुताबिक 25 अगस्त को उसकी ड्यूटी सुबह 10.30 बजे से रात आठ बजे तक थी। शाम को वह ड्यूटी समाप्त कर अपनी बाइक लेने पहुंचा, लेकिन जहां बाइक खड़ी की थी, वहां बाइक नहीं मिली। दीपेंद्र का कहना है कि उसने बाइक के संबंध में स्मार्ट बाजार के मैनेजर अकबर हुसैन और गार्ड सुधीर से जानकारी की।

# अकीदत से मना ईद-मिलाद-उन-नबी



जिला संवाददाता(vol)

सीतापुर। पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब के यौमे पैदाइश ईद-मिलाद-उन-नबी का त्योहार बुधवार को शहर में अकीदत और अदब के साथ मनाया गया। दोपहर चार बजे पुराने शहर का इलाका नारा-ए-तकबीर और सरकार की आमद मरहबा के नारों से गूंज उठा। घरों, दुकानों और प्रतिष्ठानों को रंग-बिरंगी रोशनी, झालरों और इस्लामी झंडों से सजाया गया। जोहर की नमाज के बाद पारंपरिक जुलूस-ए-मोहम्मदी निकाला गया।

जुलूस से पहले कल्लू पहलवान के आवास पर फातिहाख्वानी कर देश में अमन-चैन और तरक्की की दुआ की गई। इसके बाद मरकजी कमेटी के जनरल सेक्रेटरी इकबाल अहमद के नेतृत्व में पक्के पुल से जुलूस शुरू हुआ। जुलूस कोर्ट चौराहे समेत पुराने शहर के निर्धारित मार्गों से गुजरा। करीब पांच घंटे चले जुलूस में सैकड़ों अंजुमनों के उलेमा और अकीदतमंद शामिल हुए। इस दौरान सजे-धजे ऊंट, घोड़े और रोशनी से सजाए वाहन आकर्षण का केंद्र रहे। जगह-जगह लोगों ने ठंडे पानी और खान-पान की सबीलें लगाकर स्वागत किया। देर शाम कजियारे चौराहे पर जलसा हुआ, जहां उलेमा ने देश में अमन, भाईचारे और तरक्की के लिए सामूहिक दुआ कराई।

## डीएम-एसपी बारावफात पर कजीयारा में परखते रहे सुरक्षा व्यवस्था



सीतापुर। बारावफात/ ईद-ए-मिलाद-उन-नबी के अवसर पर बुधवार को जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर. और पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल ने कोतवाली नगर क्षेत्र के कजीयारा में सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। दोनों अधिकारियों ने ईदगाह समेत प्रमुख स्थलों और जुलूस मार्गों का निरीक्षण कर भीड़ नियंत्रण, यातायात और सुरक्षा इंतजाम परखे। डीएम-एसपी ने ड्यूटी पर तैनात पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को सतर्कता व संवेदनशीलता के साथ जिम्मेदारी निभाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि त्योहार के दौरान किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं होनी चाहिए। जुलूस मार्गों पर सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने और यातायात सुचारु रखने के निर्देश भी दिए गए। अधिकारियों ने आमजन से आपसी सौहार्द और भाईचारा बनाए रखते हुए शांतिपूर्ण माहौल में त्योहार मनाने की अपील की। निरीक्षण के दौरान क्षेत्राधिकारी नगर, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली नगर, प्रभारी निरीक्षक यातायात समेत अन्य अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

## सीएचसी परिसर से बाइक चोरी, सुरक्षा व्यवस्था पर उठे सवाल

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। शारदा नगर थाना क्षेत्र के मुकुंदा गांव निवासी गोवर्धन की बाइक गोला सीएचसी परिसर से चोरी हो गई। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने बाइक चोरी की रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गोवर्धन के मुताबिक 13 अगस्त को वह अपनी बीमार सास को देखने बाइक से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोला पहुंचा था। उसने बाइक अस्पताल परिसर में खड़ी की और सास को देखने के लिए अंदर चला गया। कुछ देर बाद वापस लौटने पर बाइक वहां से गायब मिली। बाइक नहीं मिलने पर उसने अस्पताल परिसर और आसपास के इलाके में काफी तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। इसके बाद पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। सीएचसी परिसर में 24 घंटे सुरक्षा गार्डों की तैनाती के बावजूद बाइक चोरी होने से अस्पताल की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े हो रहे हैं। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर बाइक की तलाश और घटना की जांच शुरू कर दी है।

# मोहाना नदी कटान से जसनगर के वाशिंदों में चिंता

तिकुनियां-खीरी। नदी की कल कल की आवाज के अलावा नदी के किनारे सन्नाटा पसरा हुआ है, सभी की आँखे नदी पर टिकी हुई है। घरों के किनारे पहुंची मोहाना नदी को देखकर लोगों की दिन का चैन और रातों का सकून गायब है। और



कटान थमने का नाम नही ले रहा है। जसनगर पंचायत में मोहाना नदी कोहराम मचाने पर आमादा है। नदी और बंधे के बीच बसे सैकड़ों घरों की नीद गायब हो चुकी है सभी को आशियाना उजड़ने की चिंता सता रही है। ग्रामीणों ने बताया कि बच्चों को सुलाने के बाद हम लोगो की नजरें दिन रात नदी पर टिकी रहती है, न जाने कब नदी का कहर टूट पड़े और घर नदी में समा जाए। बंधे और नदी के बीच बसे परिवारों के सामने रोजी रोटी का भी संकट है, जमीन पहले ही मोहाना नदी में समा चुकी है अब मजदूरी कर परिवार का भरण पोषण कर रहे है लेकिन जब से नदी ने कटान करना शुरू किया है तब से आर्थिक संकट बढ़ रहा है। जबकि रक्षा बंधन का त्योहार कैसे होगा इसको सोचकर भी लोग दुःखी है। नदी का कटान धीरे धीरे जारी है, सिंचाई महकमा गैवियान डालकर कटान को रोकने की कोशिश में लगे है लेकिन नदी सभी योजना को असफल बनाने में लगी हुई है। एसडीएम यदुवीर सिंह ने सिंचाई विभाग द्वारा हो रहे कटान रोके जाने के कार्य का निरीक्षण कर उचित दिशा निर्देश दिए हैं।

## ईद ए मीलाद उन नबी के मौके पर किया सम्मानित

पलियाकलां खीरी। संपूर्णानगर, ईद ए मीलाद उन नबी के मौके पर संपूर्णानगर की रजा जामा मस्जिद के सदर समाजसेवी हाजी डा इजहार अहमद खान ने बच्चों की हौसला अफजाई के लिए सभी कमेटियों को मोमेंटो देकर सम्मानित किया एवम मुफ़्ती आबिद रजा, हाजी मकबूल खान, रईस इदरीसी, नय्युम कुरैशी, मोअज्जिन आसिफ, शब्बीर बरकती को उनके अच्छे कार्यों के लिए सम्मानित किया तथा थानाध्यक्ष कृष्ण कुमार को जुलूस के मौके पर चप्पे चप्पे पर मुस्तैद रहने के लिए एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए धन्यवाद एवम् मोमेंटो देकर सम्मानित किया। हाजी डा इजहार खान ने कहा ये तेवहार सभी के साथ प्रेम भाव से रहने की सीख देता है तथा जुलूस के रास्ते पर जिन लोगों ने हलवा, कोल्ड ड्रिंक, शरबत आदि से लोगों की सेवा की उन सभी हिंदू, मुस्लिम, सिक्ख, ईसाई आदि सभी सम्मानित क्षेत्रवासियों का हिर्दय से आभार एवम्धन्यवाद।इस मौके पर व्यापार मंडल अध्यक्ष इश्तियाक खान, सरपरत सैयद मुईन, खजांची सिद्दीक खान, पर्यावरण प्रेमी एवं समाजसेवी डा ई ए खान, शमशाद खान, गुलाम रसूल, भुट्टो खान, असलम कुरैसी, यूसुफ खान, अनवर खान, राशिद, आलम अंसारी आदि सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

## जश्ने मिलादुन्नबी के मौके पर निकला जुलूस



मोहम्मदी खीरी। कस्बा में जलूसे बड़ी अकीदत के साथ जश्ने मिलादुन्नबी के मौके पर उठाया गया नगर के प्रमुख मार्गो पर बैंड बाजा की ध्वनि पर मुस्लिम के अंतिम पैगंबर मोहम्मद साहब के जन्मदिन पर निकला गया है। बुधवार को मोहम्मद साहब के जन्मदिन पर जलूसे में कमरुल हसन कादरी, मोहम्मद इलियास, मोहम्मद अब्बास नकवी, मुन्ना खां, शहनवाज सिद्दीकी, छोटे मंसूरी और समाजसेवी शिवम राठौर समेत बड़ी संख्या में लोग सम्मिलित हुए मोहम्मद साहब का जन्मदिन मानवता न्याय दया और भाईचारे की याद दिलाता है। इस दौरान रास्ते में जगह-जगह शीतल पानी, फल आदि की शबीले लगाई गई है। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सीओ अरुण कुमार, कस्बा इंचार्ज अखिलेश सिंह समेत भारी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा है। जलूसे का समापन नई बस्ती में किया गया है।

## बारावफात पर निकला जुलूस



पिपरिया धनी खीरी। वीओएल। रेहरिया क्षेत्र में बुधवार को बारावफात के अवसर पर जुलूस निकाला गया। छेड़ीपुर गांव से शुरू हुआ जुलूस गोला-मोहम्मदी रोड हाईवे होते हुए दिस्तापुर गांव पहुंचा। इसके बाद जुलूस निर्धारित मार्ग से होते हुए वापस लौटा और शांतिपूर्ण ढंग से समापन हुआ। जुलूस के दौरान क्षेत्र में आपसी भाईचारे और सामाजिक सौहार्द का संदेश दिया गया। शहीद भगत सिंह सेवा संस्थान के अध्यक्ष एवं समाजसेवी अमरजीत सिंह ने कहा कि सभी पर्व और त्योहार मिल-जुलकर मनाना हमारी गंगा-जमुनी संस्कृति की पहचान है। आपसी प्रेम, भाईचारा और सौहार्द बनाए रखना समाज की जिम्मेदारी है। जुलूस को लेकर पुलिस प्रशासन भी सतर्क रहा। रेहरिया पुलिस चैकी प्रभारी पंकज त्रिपाठी पुलिस बल के साथ मौके पर तैनात रहे और पूरे कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा व्यवस्था पर नजर रखी। इस अवसर पर शहीद भगत सिंह सेवा संस्थान, दिस्तापुर-रेहरिया के पदाधिकारी और सदस्य मौजूद रहे। जुलूस शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ।

## खाते से निकल गये 5.20 लाख, वीपीओ पर केस दर्ज





सीतापुर। विकासखण्ड हरगांव की ग्राम पंचायत सुल्तानपुर में मनरेगा के नाम पर सरकारी धन के कथित बंदरबांट का सनसनीखेज मामला सामने आया है।

कंपोजिट विद्यालय की बाउंड्रीवाल निर्माण के लिए निकाले गए 5,20,093.53 रुपये का भुगतान तो हो गया, लेकिन मौके पर बाउंड्रीवाल का कहीं अता-पता नहीं है। मामले में तत्कालीन ग्राम पंचायत अधिकारी लवकुश भारती के खिलाफ मुकदमा दर्ज होने के बाद पंचायत स्तर पर हुए इस कथित घोटाले ने जिम्मेदारों की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। वर्ष 2022 में ग्राम पंचायत की प्रधान विद्यावती थीं। आरोप है कि तत्कालीन ग्राम पंचायत अधिकारी लवकुश भारती ने विद्यालय की बाउंड्रीवाल निर्माण के नाम पर 5.20 लाख रुपये से अधिक की धनराशि निकलवा ली, जबकि मौके पर निर्माण कार्य ही नहीं कराया गया। इससे भी गंभीर बात यह है कि कार्य से संबंधित पत्रावली भी उपलब्ध नहीं कराई जा रही है। ग्रामीणों ने करीब सात माह पूर्व जिलाधिकारी से शिकायत कर मामले की जांच और कार्रवाई की मांग की थी। जिलाधिकारी के निर्देश के बाद मंगलवार देर शाम ग्राम विकास अधिकारी भानु प्रताप रावत की तहरीर पर हरगांव थाने में मुकदमा दर्ज किया गया। प्रभारी निरीक्षक आनंद नारायण त्रिपाठी ने बताया कि मामले में धारा 409 के तहत रिपोर्ट दर्ज की गई है। पुलिस अब भुगतान संबंधी अभिलेखों, सरकारी धन की निकासी और मौके पर निर्माण की वास्तविक स्थिति की जांच कर रही है।सरकारी धन निकला, दीवार नहीं उठी,अब जांच की आंच में जिम्मेदारों की भूमिका भी सामने आने की उम्मीद है।

## रक्षाबंधन से पहले मातृशक्ति को योगी सरकार की सौगात, तीन दिन मुफ्त सफर



लखीमपुर खीरी। रक्षाबंधन पर बहनों को मायके की राह आसान करने के साथ ही योगी सरकार ने मातृशक्ति के सम्मान और सुविधा को नई उड़ान दी है। रक्षाबंधन के अवसर पर 27 अगस्त को प्रातः 06 बजे से 29 अगस्त की मध्यरात्रि 12 बजे तक सभी महिलाएं अपने सहयात्री के साथ रोडवेज और सिटी बसों में निशुल्क यात्रा कर सकेंगी। इसके साथ ही 29 अगस्त से 60 वर्ष से अधिक आयु की महिलाओं को रोडवेज बसों में पूरे प्रदेश में निशुल्क यात्रा की सुविधा मिलेगी।

सरकार की इस सौगात से त्योहार पर महिलाओं के चेहरे खिल उठे। इस अवसर पर बुधवार को कलेक्ट्रेट स्थित अटल सभागार में जनपद स्तरीय कार्यक्रम आयोजित हुआ। यहां मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कार्यक्रम का लाइव प्रसारण बड़ी संख्या में मौजूद महिलाओं ने देखा और सुना। कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक योगेश वर्मा, विनोद शंकर अवस्थी और भाजपा जिलाध्यक्ष अरविंद गुप्ता, पालिकाध्यक्ष डॉ ईरा श्रीवास्तव ने डीएम अंजनी कुमार सिंह व सीडीओ अभिषेक कुमार के साथ किया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने बड़ी संख्या में मौजूद महिलाओं के साथ उत्तर प्रदेश परिवहन निगम में कार्यरत महिला परिचालकों को भी सम्मानित किया। उन्हें साड़ी और मिठाई का डिब्बा भेंट किया गया। रक्षाबंधन से पहले मिली इस सौगात और सम्मान से कार्यक्रम स्थल पर उत्साह का माहौल रहा। कार्यक्रम का सफल संयोजन सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक लखीमपुर डिपो गीता सिंह और एआरटीओ शांति भूषण पांडेय ने संयुक्त रूप से किया। संचालन पीटीओ डॉ. कौशलेंद्र यादव ने किया। इनकी रही मौजूदगी जिला महामंत्री राजेश सिंह, भाजपा जिला उपाध्यक्ष संतोष कुमारी, किरण अग्रवाल, जिला मंत्री रश्मि गुप्ता, जिलाध्यक्ष महिला मोर्चा लता श्रीवास्तव, जिला महामंत्री महिला मोर्चा कीर्ति गुप्ता प्रतिभा भदोरिया, डीसी एनआरएलएम जितेंद्र कुमार मिश्र, सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक लखीमपुर डिपो/ गोला डिपो सहित बड़ी संख्या में जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

सदर विधायक योगेश वर्मा ने कहा कि मा. मुख्यमंत्री ने रक्षाबंधन पर महिलाओं को बड़ी सौगात दी है। तीन दिन तक महिलाएं अपने सहयात्री के साथ निशुल्क बस यात्रा कर सकेंगी। इससे बहनों को भाइयों की कलाई पर राखी बांधने के लिए मायके पहुंचने में सहूलियत होगी। उन्होंने कहा कि सरकार आंगनबाड़ी कार्यकताओं, रसोइयों और शिक्षामित्रों के मानदेय में वृद्धि के साथ पात्र परिवारों को आयुष्मान गोल्डन कार्ड की सुविधा भी दे रही है। मातृशक्ति के लिए यह शुरूआत है, आगे और सौगातें मिलेंगी।

भाजपा जिलाध्यक्ष अरविंद गुप्ता ने कहा कि लोकमाता अहिल्याबाई मातृशक्ति योजना महिलाओं के सम्मान और सुविधा की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। 60 वर्ष से अधिक उम्र की महिलाओं को 29 अगस्त से पूरे प्रदेश में निशुल्क रोडवेज यात्रा की सुविधा मिलने से बुजुर्ग माताओं के लिए धार्मिक और तीर्थस्थलों की यात्रा भी सुगम होगी। उन्होंने इस सौगात के लिए मुख्यमंत्री एवं प्रधानमंत्री के प्रति आभार जताया।

## बेटे की चोरी तो पिता ने पुलिस को सूचना देकर पकड़वाया



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। चोरी का सामान घर लाकर रखना नीची भूड़ निवासी एक युवक के लिए मुसीबत बन गया। बेटे के घर चोरी का सामान लाने की जानकारी होने पर पिता ने ही पुलिस को सूचना दे दी। पुलिस युवक को पकड़कर कोतवाली ले आई, लेकिन वह पुलिस अभिरक्षा से निकलकर भाग गया। हालांकि पुलिस टीम ने पीछा कर कुछ ही देर में उसे दोबारा पकड़ लिया। जानकारी के अनुसार नीची भूड़ निवासी हारून के बेटे सुएब पर पंजाब नेशनल बैंक में लगे एसी के आउटडोर सहित कुछ अन्य सामान चोरी कर घर लाने का आरोप है। बताया जाता है कि चोरी का सामान घर पहुंचने के बाद पिता को इसकी जानकारी हुई। उन्होंने बिना देर किए पुलिस को सूचना दे दी। सूचना मिलने पर पुलिस टीम गांव पहुंची और सुएब को हिरासत में लेकर पूछताछ के लिए कोतवाली ले आई। इसी दौरान कोतवाली परिसर में पुलिस अभिरक्षा के बीच सुएब मौका पाकर पुलिसकर्मियों को चकमा देकर वहां से निकल गया। युवक के भागने की जानकारी मिलते ही पुलिसकर्मियों में हड़कंप मच गया। पुलिस टीम ने तत्काल उसका पीछा शुरू किया और कुछ ही देर बाद उसे पकड़ लिया। इसके बाद पुलिस ने चोरी के सामान और घटना से जुड़े अन्य पहलुओं को लेकर उससे पूछताछ शुरू कर दी। वहीं पुलिस अभिरक्षा से युवक के कोतवाली परिसर से भागने की घटना भी चर्चा का विषय बनी हुई है। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है और चोरी किए गए सामान के संबंध में जानकारी जुटाई जा रही है।

## अंडरपास बना राहगीरों के लिए मुसीबत




सीतापुर। महोली-हरगांव मार्ग पर बायपास स्थित अंडरपास इन दिनों राहगीरों के लिए मुसीबत का सबब बन गया है। बारिश के बाद अंडरपास में इतना पानी भर गया है कि सड़क और गहरे गड्ढों का फर्क ही मिट गया है। जिम्मेदारों की अनदेखी के चलते यह अंडरपास तालाब में तब्दील हो चुका है और जानकारी के अभाव में राहगीर लगातार हादसों का शिकार हो रहे हैं। यह मार्ग महोली को सीतापुर-लखीमपुर मार्ग से जोड़ने के साथ ही आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों के लिए प्रमुख आवागमन का रास्ता है। बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं गांवों से महोली स्थित विद्यालयों में पढ़ने आते हैं। ऐसे में जलभराव के कारण उन्हें भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। महोली विधायक शशांक त्रिवेदी के गांव ब्रह्मावली को जोड़ने वाला यह प्रमुख मार्ग होने के बावजूद इसकी बदहाली जिम्मेदारों की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर रही है। कटीली गांव निवासी सुनील ने बताया कि वह अपने सात वर्षीय बेटे करन को स्कूल भेजने के लिए महोली जा रहे थे। अंडरपास में पानी भरा होने के कारण सड़क में मौजूद गड्ढे दिखाई नहीं दिए और उनकी मोटरसाइकिल फिसलकर गिर गई। हादसे में सुनील और उनका बेटा घायल हो गए। महोली निवासी श्रीनिवास ने बताया कि खेती-बाड़ी के काम से रोहिला गांव जाना है, लेकिन मुख्य मार्ग पर पानी भरा होने के कारण आवागमन मुश्किल हो गया है। ग्रामीणों का कहना है कि समय रहते पानी की निकासी और गड्ढों की मरम्मत नहीं कराई गई तो किसी बड़े हादसे से इनकार नहीं किया जा सकता। सवाल यह है कि क्या जिम्मेदार किसी बड़े हादसे का इंतजार कर रहे हैं?

## तीन हादसों में चार की मौत, दो गंभीर ,ईद की खुशियों के बीच तीन परिवारों में मातम

सीतापुर। बुधवार को जिले की सड़कों पर रफ्तार और लापरवाही ने कई परिवारों की खुशियां छीन लीं। अलग-अलग थाना क्षेत्रों में हुए तीन सड़क हादसों में चार लोगों की मौत हो गई, जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। कहीं तेज रफ्तार कार पेड़ से जा टकराई तो कहीं अज्ञात वाहन ने बाइक सवार को रौंद दिया। रेउसा में रोडवेज बस की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौके पर ही जान चली गई। मिश्रिख कोतवाली क्षेत्र के कल्ली-नैमिष मार्ग पर सुबह करीब आठ बजे तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़े कदम्ब के पेड़ से जा टकराई। कार में सवार बनारस निवासी सगे भाई आकाश गुप्ता (30) और यश गुप्ता (25) पुत्र राजीव गुप्ता की मौत हो गई। उनकी मां नंदनी गुप्ता (50) गंभीर रूप से घायल हैं। कार चालक भी घायल हुआ है। पुलिस ने दोनों शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए। दूसरा हादसा महोली-पिसावां मोड़ पर करीब 10:30 बजे हुआ। मोहल्ला प्रेमनगर निवासी अली मोहम्मद (48) बाइक से फरीदपुर जा रहे थे। पीछे से आए अज्ञात वाहन ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। अली मोहम्मद की मौके पर मौत हो गई और चालक वाहन समेत फरार हो गया। ईद मिलादुन्नबी के उत्सव के बीच मौत की खबर से परिवार में मातम पसर गया। रेउसा में बहराइच-रेउसा मार्ग पर मुगलनपुरवा पेट्रोल पंप के सामने सीतापुर डिपो की बस यूपी34 बीटी 8727 ने बाइक को टक्कर मार दी। करसा निवासी वीरेंद्र शर्मा (38) की मौके पर मौत हो गई, जबकि पत्नी पूनम (35) गंभीर घायल हो गईं। उनका तीन वर्षीय बेटा अंश बाल-बाल बच गया। पूनम को प्राथमिक उपचार के बाद बहराइच मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया। लगातार हादसों ने एक बार फिर तेज रफ्तार, यातायात व्यवस्था और सड़क सुरक्षा पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

## गोला विधानसभा को मिली पांच नयी सड़कों की सौगात



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। गोला विधानसभा क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों में सड़क कनेक्टिविटी मजबूत होने की उम्मीद है। क्षेत्र की पांच महत्वपूर्ण सड़कों के निर्माण को मंजूरी मिली है। करीब 12 किलोमीटर लंबे इन मार्गों के निर्माण से कई गांवों को मुख्य मार्गों से बेहतर संपर्क मिलने के साथ लोगों के आवागमन में भी सुविधा होगी। विधायक अमन गिरि के प्रयासों के बाद इन सड़क परियोजनाओं को मंजूरी मिली है।

विधायक अमन गिरि ने क्षेत्र की सड़क संबंधी समस्याओं और लंबे समय से चली आ रही मांगों को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की थी। इस दौरान उन्होंने गोला विधानसभा क्षेत्र में आवश्यक सड़क मार्गों के निर्माण का प्रस्ताव मुख्यमंत्री के समक्ष रखा। इसके बाद पांच महत्वपूर्ण मार्गों के निर्माण को स्वीकृति मिली है। स्वीकृत मार्गों में सीतापुर-कस्ता-अलीगंज-बिजुआ मार्ग से विष्णुबेहड़ संपर्क मार्ग का एक किलोमीटर, सीतापुर ब्रांच कैनाल पटरी से मनिकापुर संपर्क मार्ग का 1.30 किलोमीटर तथा अजान गांव से मूड़ा जवाहर होते हुए मढ़िया संपर्क मार्ग का 1.50 किलोमीटर मार्ग शामिल है। इसके अलावा बसलीपुर से गुरुद्वारा होते हुए छैरासी तक 4.20 किलोमीटर और बहादुर नगर से पड़रिया-तिलकापुर संपर्क मार्ग का चार किलोमीटर मार्ग भी स्वीकृत किया गया है। इन पांचों मार्गों की कुल लंबाई करीब 12 किलोमीटर है। सड़कों के निर्माण से ग्रामीण क्षेत्रों में आवागमन सुगम होने की उम्मीद है।

किसानों को अपनी उपज बाजार तक पहुंचाने में सुविधा मिलेगी, वहीं विद्यार्थियों, व्यापारियों और आम नागरिकों को भी आने-जाने में सहूलियत होगी। गांवों का मुख्य मार्गों से संपर्क बेहतर होने से क्षेत्र में आवागमन व्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी। विधायक अमन गिरि ने कहा कि गोला विधानसभा क्षेत्र का विकास उनकी प्राथमिकता है। क्षेत्रवासियों की जरूरतों और समस्याओं को शासन स्तर पर लगातार उठाया जा रहा है। सड़क, बिजली, पेयजल, शिक्षा और अन्य मूलभूत सुविधाओं से जुड़े कार्यों को गति दिलाने के लिए आगे भी प्रयास जारी रहेंगे।

## रक्षाबंधन पर सरकार ने महिलाओं को दी सुविधा



सीतापुर। रक्षाबंधन के अवसर पर प्रदेश सरकार ने वरिष्ठ महिलाओं को बड़ी सौगात देते हुए लोकमाता अहिल्याबाई मातृशक्ति यात्रा योजना का शुभारंभ किया। बुधवार को खैराबाद स्थित भूमिजा हॉल में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम का सजीव प्रसारण जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और बड़ी संख्या में महिलाओं ने देखा और सुना। योजना के तहत 60 वर्ष की आयु पूरी कर चुकी महिलाओं को उत्तर प्रदेश परिवहन निगम की बसों में आजीवन निःशुल्क यात्रा की सुविधा मिलेगी। इससे प्रदेश की एक करोड़ से अधिक महिलाओं को लाभ मिलने की संभावना है। योजना से वरिष्ठ महिलाओं को सामाजिक, पारिवारिक और धार्मिक यात्राओं में आर्थिक राहत के साथ सुरक्षित आवागमन की सुविधा मिलेगी। रक्षाबंधन पर भी सरकार ने महिलाओं को विशेष सुविधा दी है। 27 अगस्त की सुबह छह बजे से 29 अगस्त की मध्यरात्रि तक यात्रा शुरू करने वाली महिलाएं एक सहयात्री के साथ परिवहन निगम की बसों में मुफ्त यात्रा कर सकेंगी। इससे बहनों को मायके और परिजनों तक पहुंचने में सहूलियत होगी। कार्यक्रम में करीब 800 महिलाओं को साड़ी और मिष्ठान वितरित किया गया। मुख्य अतिथि राज्यमंत्री सुरेश राही ने कहा कि सरकार महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और आत्मनिर्भरता के लिए लगातार काम कर रही है। भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला ने योजना को मातृशक्ति के सम्मान की दिशा में महत्वपूर्ण पहल बताया। इस दौरान जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर., मुख्य विकास अधिकारी डॉ. दीक्षा जोशी, जिला विकास अधिकारी सहित प्रशासन और परिवहन निगम के अधिकारी मौजूद रहे।

## पोस्टमार्टम में नहीं खुला बंदी की मौत का राज

सीतापुर। जिला कारागार में बंद 70 वर्षीय बंदी निसार की मौत का राज पोस्टमार्टम के बाद भी नहीं खुल सका। मंगलवार देर रात अचानक तबीयत बिगड़ने पर जेल प्रशासन ने उसे जेल अस्पताल पहुंचाया। ब्लड प्रेशर काफी कम मिलने पर हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल भेजा गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। तंबौर थाना क्षेत्र के ड्योडीडीह निवासी निसार अवैध असलहा फैक्ट्री के मामले में आठ अगस्त से जेल में निरुद्ध था। बुधवार को पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम चिकित्सकों की निगरानी में वीडियोग्राफी के साथ कराया। हालांकि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में भी मौत की स्पष्ट वजह सामने नहीं आ सकी। चिकित्सकों ने बिसरा सुरक्षित कर जांच के लिए प्रयोगशाला भेज दिया है। पुलिस के अनुसार, अब बिसरा जांच रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है। रिपोर्ट आने के बाद ही बुजुर्ग बंदी की मौत की वास्तविक वजह स्पष्ट हो सकेगी।

# सदर विधायक ने निभाया बेटी और जनप्रतिनिधि का धर्म

## 10 निर्धन परिवार की बेटियों को कन्यादान स्वरूप मुहैया करायी आर्थिक सहायता



**रायबरेली।** सदर विधायक अदिति सिंह ने विधानसभा क्षेत्र में जनसंपर्क एवं संवेदना यात्रा की। सदर विधायक अदिति सिंह ने ग्राम बालेपुर में विधायक अदिति सिंह ने 10 निर्धन परिवारों की बेटियों के विवाह हेतु कन्यादान स्वरूप आर्थिक सहायता प्रदान की। उन्होंने सभी नवविवाहित बेटियों को सुखद एवं मंगलमय दांपत्य जीवन का आशीर्वाद दिया और कहा कि हर बेटी के सम्मान और खुशी में शामिल होना उनका पारिवारिक संस्कार है। उन्होंने कहा कि उनके पूज्य पिताजी स्व. अखिलेश सिंह जी ने हमेशा कन्याओं के विवाह में बढ़-चढ़कर सहयोग किया, उसी परंपरा को वह आज भी निभा रही हैं। इसके उपरांत विधायक ने ग्राम बालेपुर में ही शिव प्रसाद पटेल जी, शुभम पटेल जी, दशवन्त गुप्ता जी, राजकुमारी जी, परमेश पासी जी की माताजी, बासदेव पटेल जी की पत्नी, राजाराम पटेल जी एवं सुखदेव पटेल जी के घर पहुंचकर उनके परिजनों से भेंट की और शोक संवेदना व्यक्त की इसी क्रम में उन्होंने ग्राम भैदपुर में गेंदालाल मौर्य जी की पत्नी एवं सचिन शर्मा जी, ग्राम मेजरगंज में लल्लू मौर्या जी तथा ग्राम ताला गोपालपुर में दीपक सिंह जी एवं ग्राम बरगदहा में हरिलाल पासवान जी के परिजनों से मिलकर उन्हें ढांढस बंधाया। वहीं विधायक ने शोकाकुल परिवारों से मिलने के बाद विधायक अदिति सिंह ने कहा -सुख-दुःख के हर अवसर पर अपने क्षेत्रवासियों के साथ खड़े रहना ही जनप्रतिनिधि के रूप में मेरा दायित्व है। मैं इस क्षेत्र की बेटी हूँ, विधायक बाद में। ईश्वर से सभी दिवंगत आत्माओं की शांति तथा शोकाकुल परिवारों को इस कठिन समय में धैर्य एवं संबल प्रदान करने की प्रार्थना करती हूँ। इस अवसर पर उनके साथ बड़ी संख्या में ग्राम प्रधान, क्षेत्रीय कार्यकर्ता एवं स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

संक्षेप

## नाले में डूबने से किशोर की मौत

**महराजगंज, रायबरेली।** नैया नाले में नहाने गए 16 वर्षीय किशोर की डूबने से मौत हो गई। किशोर के डूबने की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। स्थानीय ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद किशोर को पानी से बाहर निकाला और उपचार के लिए सीएचसी पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने परीक्षण के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मृतक किशोर के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना चंदापुर थाना क्षेत्र के पहरेमऊ गांव के पास नैया नाले की है। थाना क्षेत्र के पहरेमऊ गांव निवासी प्रेमचंद का 16 वर्षीय बेटा बबलू गांव के तीन चार लड़कों के साथ बुधवार को अपराह्न करीब डेढ़ बजे नैया नाले में नहाने गया था। गौरतलब है कि बारिश के बाद नैया नाला उफान पर है। नहाते समय बबलू गहरे पानी में जाने से डूब गया। बबलू के डूबते ही साथ नहाने गए लड़कों की चीख-पुकार सुनकर खेत में काम कर रहे ग्रामीणों की सूचना मिलने पर परिजन व आस पास के गांवों के ग्रामीण तथा चंदापुर थानाध्यक्ष अरविंद सिंह भी मौके पर पुलिस के जवानों के साथ पहुंचे। पुलिस ने स्थानीय ग्रामीणों की मदद से नैया नाले में डूबे किशोर को ढूंढ निकाला और उसे आनन फानन सीएचसी पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मृतक किशोर के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## कंटेनर से लटका मिला चालक का शव

**गोसाईगंज, सुलतानपुर।** गोसाईगंज थाना अंतर्गत पूर्वांचल एक्सप्रेस वे के माइल स्टोन 126 पर अरवल किरी करवत गांव के एयर स्ट्रीप के पास बुधवार सुबह रस्सी के सहारे कंटेनर चालक का शव कंटेनर से लटका मिला। सुबह टहलने निकले लोगों ने शव को लटकते देखकर पुलिस को सूचना दी। कंटेनर गाजीपुर से लखनऊ की ओर जा रहा था। सूचना पर सीओ जयसिंहपुर सुनील सिंह, प्रभारी निरीक्षक गोसाईगंज अखंड देव मिश्र चौकी इंचार्ज सुनील सिंह यादव पुलिस टीम और फॉरेंसिक टीम के साथ मौके पर पहुंचे। जांच-पड़ताल के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। मृतक की पहचान 43 वर्षीय ओम प्रकाश पुत्र देवी दास निवासी सीला, पोस्ट रेयाशी, सीला रेयाशी जम्मू-कश्मीर के रूप में हुई। प्रभारी निरीक्षक अखंड देव मिश्र ने बताया कि परिवार को सूचना दे दी गई है। मामले की जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## अज्ञात हमलावरों की फायरिंग में युवक घायल, ट्रामा सेंटर रेफर

**सोहावल-अयोध्या।** राष्ट्रीय राजमार्ग-27 पर रौनाही थाना क्षेत्र में टोल प्लाजा रौनाही के पास मंगलवार रात अज्ञात हमलावरों की फायरिंग में एक युवक गोली लगने से घायल हो गया। गंभीर हालत में उसे जिला चिकित्सालय से लखनऊ रेफर किया गया है। वहां उसका इलाज चल रहा है। परिजनों के अनुसार गोली युवक के पेट में फंसी हुई है। घायल के बड़े भाई शादाब पुत्र मुख्तार की तहरीर पर रौनाही पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ जानलेवा हमले की धारा में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। तहरीर के अनुसार युवक क्षेत्र में आयोजित धार्मिक कार्यक्रम से लौटते समय फौजी ढाबे के पास चाय पीने के लिए रुका था। इसी बीच बिना नंबर की थार गाड़ी से गुजर रहे लोगों ने फायरिंग कर दी। गोली युवक के पेट में लगी घायल को साथ रहे लोग स्थानीय चिकित्सक के पास ले गये जहां से उसे जिला चिकित्सालय भेजा गया। हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने उसे लखनऊ ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर जांच की और टोल प्लाजा पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। पुलिस के अनुसार फुटेज में एक बिना नंबर की थार गाड़ी दिखाई दी। जिसके सवारों का टोल देने को लेकर टोल कर्मियों से विवाद हुआ था। आरोप है कि थार सवार बिना टोल दिए आगे बढ़ गए। टोल कर्मियों द्वारा पीछा किए जाने पर गाड़ी सवारों ने फायरिंग की पुलिस ने घटनास्थल से कारतूस का एक खोखा बरामद किया है। हालांकि घायल युवक को गोली कैसे लगी? इस बिंदु पर पुलिस जांच कर रही है। पुलिस का कहना है कि सीसीटीवी फुटेज और अन्य साक्ष्यों के आधार पर हमलावरों की पहचान का प्रयास किया जा रहा है।

# 60 वर्ष से अधिक आयु की महिलाओं को मिलेगी निःशुल्क बस यात्रा की सुविधा

**रायबरेली।** प्रदेश की 60 वर्ष एवं उससे अधिक आयु की महिलाओं को निःशुल्क बस यात्रा की सुविधा प्रदान करने वाली ह्यलोकमाता अहिल्याबाई मातृशक्ति यात्राह्न योजना का शुभारंभ मुख्यमंत्री उ०प्र० योगी आदित्यनाथ द्वारा लखनऊ से किया गया। इस अवसर पर विशेष बसों को फ्लैग-ऑफ किया गया। साथ ही, रक्षाबंधन के पावन अवसर पर प्रदेश सरकार द्वारा माताओं, बहनों एवं बेटियों को उनके एक सहयात्री सहित निःशुल्क बस यात्रा की सुविधा का भी शुभारंभ किया गया। इसी क्रम में जनपद स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सामुदायिक केन्द्र, रतापुर मुख्य विकास अधिकारी अंजुलता एवं अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) सिद्धार्थ उपस्थित रहे।

● लोकमाता अहिल्याबाई मातृशक्ति यात्रा योजना

अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं आमजन द्वारा लखनऊ में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम का सजीव प्रसारण देखा गया तथा मुख्यमंत्री के उद्बोधन को सुना गया। कार्यक्रम में प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं के सम्मान, सुरक्षा एवं सशक्तिकरण के लिए संचालित विभिन्न योजनाओं तथा विशेष रूप से मातृशक्ति को सुगम एवं सुरक्षित परिवहन सुविधा उपलब्ध कराने की पहल की सराहना की गई।

कार्यक्रम में विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को हितलाभ के अंतर्गत बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग की प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र एवं महिला कल्याण विभाग की पात्र बच्चियों को मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के अंतर्गत प्रमाण पत्र तथा स्वास्थ्य विभाग की जननी सुरक्षा योजना के लाभार्थियों को 1400 रुपए के डमी चेक वितरित किए गये, इसके साथ ही उपस्थित सभी लाभार्थियों को साड़ी व मिष्ठान दिया गया। प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं को निःशुल्क यात्रा की सुविधा उपलब्ध कराना सराहनीय एवं ऐतिहासिक कदम है। उन्होंने कहा कि रक्षाबंधन के पावन पर्व पर यह सुविधा माताओं और बहनों के लिए विशेष उपहार है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं आत्मनिर्भरता के लिए निरंतर कार्य किया जा रहा है और विभिन्न योजनाओं का लाभ सीधे पात्र लाभार्थियों तक पहुंचाया जा रहा है। भाजपा जिलाध्यक्ष बुद्धिलाल पासी ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा मातृशक्ति के सम्मान एवं सशक्तिकरण के लिए निरंतर कार्य किया जा रहा है।

# कूरेभार में शानोशौकत से निकला बारावफात का जुलूस, बारिश भी नहीं रोक सकी आस्था



**कूरेभार, सुलतानपुर।** बारह रबीउल अव्वल यानी बारावफात के मौके पर बुधवार को कूरेभार कस्बे में जश्ने ईद मिलादुन्नबी के तहत भव्य जुलूस निकाला गया। पारंपरिक अंदाज में निकले जुलूस में कस्बे सहित क्षेत्र की एक दर्जन से अधिक अंजुमनों ने बड़ी संख्या में लोगों के साथ सहभागिता की। सुबह से ही कस्बे में उत्साह और उल्लास का माहौल रहा।सुबह करीब नौ बजे जामा मस्जिद कूरेभार से मौलाना मो. शफीक खां कादिरी की अगुवाई में जुलूस रवाना हुआ। विभिन्न अंजुमनों की ओर से सजाई गई आकर्षक झांकियां लोगों के आकर्षण का केंद्र रहीं। जुलूस ने कस्बे के प्रमुख चारों मार्गों का भ्रमण किया। इस दौरान गाजे-बाजे और साउंड सिस्टम पर नातिया कलाम की गूंज से पूरा कस्बा गुलजार रहा। ह्यसरकार आ गए हैंह्न और ह्यमरहबा- मरहबाह्न जैसे नारों से माहौल भक्तिमय बना रहा।कूरेभार चौक पर डॉ. भीमराव आंबेडकर जयंती समिति के दर्जनों पदाधिकारियों व कार्यकताओं ने जुलूस का पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। जुलूस के दौरान करीब आधे घंटे तक तेज बारिश होने के बावजूद लोगों का उत्साह कम नहीं हुआ। विभिन्न स्थानों पर लगाए गए स्टालों पर लंगर की व्यवस्था की गई, जहां जुलूस में शामिल लोगों को जलपान कराया गया। उधर, बारावफात को लेकर पुलिस प्रशासन भी पूरी तरह सतर्क रहा। पुलिस अधीक्षक सुलतानपुर विनीत जायसवाल ने कूरेभार पहुंचकर जुलूस मार्ग और सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों की मुस्तैदी परखी तथा सुरक्षा, यातायात और भीड़ नियंत्रण को लेकर जरूरी निर्देश दिए। थाना प्रभारी उपेंद्र सिंह, वरिष्ठ उपनिरीक्षक राजेश यादव सहित भारी पुलिस बल पूरे जुलूस के दौरान मुस्तैद रहा।कार्यक्रम के समापन पर विभिन्न अंजुमनों के स्टालों पर खैरमकदम कार्यक्रम आयोजित कर बेहतर सहभागिता करने वाली अंजुमनों को पुरस्कृत किया गया। आयोजकों ने जुलूस को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने में सहयोग के लिए पुलिस-प्रशासन और स्थानीय लोगों का आभार जताया।

# 60 वर्ष से अधिक उम्र की महिलाओं को सरकार ने निशुल्क बस यात्रा कराने का किया है ऐलान

**अयोध्या।** योगी आदित्यनाथ सरकार ने वरिष्ठ महिलाओं को राहत देते हुए 60 वर्ष से अधिक आयु की महिलाओं के लिए निशुल्क बस यात्रा की सुविधा का ऐलान किया है। इस पहल से अयोध्या परिक्षेत्र में 390 बसों का लाभ बुजुर्ग महिलाएं उठा सकेंगी। इससे रामनगरी पहुंचने वाली वरिष्ठ महिलाओं का सफर अब आसान और किराया मुक्त हो जाएगा। वरिष्ठ महिलाओं के लिए श्लोकमाता अहिल्याबाई मातृशक्ति यात्राश योजना के अन्तर्गत विशेष बसो को जनप्रतिनिधि द्वारा अयोध्या सर्किट हाउस से हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया है। पहले दिन बुधवार को दस महिलाओं ने यात्रा कर के लिए जीरो बैलेंस का टिकट दिया गया। इस योजना आज से श्रीगणेश किया। योगी सरकार की इस जनकल्याणकारी योजना के तहत अयोध्या क्षेत्र में प्रमुख मार्गों पर संचालित 390 बसें बुजुर्ग महिलाओं को निशुल्क यात्रा की सुविधा देंगी। आरएम अयोध्या परीक्षेत्र काशी प्रसाद ने बताया कि अमेठी में 64, अम्बेडकरनगर में 92, सुल्तानपुर में 156 तथा अयोध्या में 157 बसें इस योजना के अंतर्गत शामिल हैं। इन बसों के माध्यम से लखनऊ से गोरखपुर तक धार्मिक पर्यटन रूटों पर कनेक्टिविटी और मजबूत होगी। इससे न केवल स्थानीय महिलाओं बल्कि दूर-दराज से अयोध्या दर्शन के लिए आने वाली वरिष्ठ महिलाओं को भी बड़ी राहत मिलेगी। सरकार का यह कदम धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के साथ-साथ वरिष्ठ नागरिकों के प्रति संवेदनशीलता को दशार्ता है। अयोध्या जैसे पवित्र स्थल पर आने वाले श्रद्धालुओं में बड़ी संख्या में बुजुर्ग महिलाएं होती हैं। किराए की चिंता दूर होने से वे आसानी से मंदिरों, घाटों और अन्य धार्मिक स्थलों तक पहुंच सकेंगी। योजना के क्रियान्वयन से परिवहन व्यवस्था में भी सुधार होने की उम्मीद है। इस पहल से रामनगरी अयोध्या पहुंचने वाली बुजुर्ग महिलाओं को आर्थिक राहत के साथ-साथ सुविधाजनक आवागमन का लाभ मिलेगा। योगी सरकार की इस दूरदर्शी सोच से वरिष्ठ नागरिकों के प्रति सम्मान और सेवा की भावना और मजबूत हुई है। अयोध्या की स्थानीय निवासी उपासना सिंह ने सरकार की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि यह बहुत अच्छी योजना है।60 साल से ऊपर की महिलाएं अब बिना किसी आर्थिक बोझ के घर से मंदिर तक जा सकेंगी।

# 3.38 करोड़ की विकास परियोजनाओं का विधायक ने किया लोकार्पण



**परशदेपुर, रायबरेली।** नगर पंचायत नसीराबाद में विकास कार्यों को नई गति देते हुए सलोन विधायक अशोक कुमार ने बुधवार को पूर्व ब्लॉक प्रमुख नरेंद्र बहादुर सिंह, सैयद अहमद, नगर पंचायत अध्यक्ष मो. अली फाकिर के साथ संयुक्त रूप से 3.38 करोड़से कराए गए विभिन्न विकास परियोजनाओं का लोकार्पण किया। लोकार्पित परियोजनाओं में नगर पंचायत क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में नालियों के निर्माण, जलनिकासी व्यवस्था को सुदृढ़ करने, पाइप लाइन विस्तार, पेयजल आपूर्ति, बोरिंग कार्यों सहित कई महत्वपूर्ण कार्य शामिल हैं। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे विधायक अशोक कुमार व विशिष्ट अतिथि नरेंद्र बहादुर सिंह का आयोजन कर्ताओं ने माला पहना कर स्वागत किया।

विधायक अशोक कुमार कोरी ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार सबका साथ सबका विकास के तहत गांवों और कस्बों के समग्र विकास के लिए लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि नसीराबाद नगर पंचायत में कराए गए इन विकास कार्यों से स्थानीय नागरिकों को सीधा लाभ मिलेगा और क्षेत्र के बुनियादी ढांचे को मजबूती मिलेगी। नगर पंचायत अध्यक्ष मोहम्मद अली ने विधायक अशोक कुमार को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि पेयजल व जलनिकासी जैसी बुनियादी सुविधाओं को बेहतर बनाना नगर की प्राथमिकताओं में शामिल है और इन परियोजनाओं के पूरा होने से नागरिकों को काफी राहत मिलेगी। इस दौरान आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में बिरहा गायिका रूची यादव एवं सूरज यादव ने शानदार बिरहा गायन की प्रस्तुति देकर समां बांध दिया। लोकार्पण कार्यक्रम की व्यवस्थाएं समाजसेवी मोहम्मद नासिर ने संभालीं। कार्यक्रम के अंत में नगर पंचायत की ओर से सभी अतिथियों व उपस्थित नागरिकों का आभार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर अधिशाषी अधिकारी राजभान शुक्ला, प्रधान मो. आलम, परशदेपुर नगर पंचायत के पूर्व चेयरमैन जमाल अख्तर, भाजपा जिला उपाध्यक्ष राघवेंद्र पांडेय, मंडल अध्यक्ष विष्णु मौर्या, रामेश्वर प्रसाद अग्रहरि आदि मौजूद रहे।

# भरथीपुर में शानो-शौकत से निकला जुलूस-ए-मुहम्मदी, सैकड़ों लोग हुए शामिल

**गोसाईगंज, सुलतानपुर।** गोसाईगंज थाना अंतर्गत भरथीपुर गांव में बुधवार को जश्ने ईद मिलादुन्नबी के मौके पर जुलूस-ए-मुहम्मदी निकाला गया। मदरसा हमीदिया फुरकानिया से दोपहर करीब दो बजे परचम कुशाई के साथ जुलूस शुरू हुआ। डीजे और नातिया कलाम के साथ निकले जुलूस में सैकड़ों लोग शामिल हुए। गांव में जगह-जगह लोगों ने जुलूस का स्वागत किया। कार्यक्रम में हजरत सैय्यद जलालुद्दीन अशरफ बसखारी शरीफ ने इस्लाही बयान किया। उन्होंने पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब की सीरत पर प्रकाश डालते हुए अमन-चैन, भाईचारे और समाज में आपसी सौहार्द का संदेश दिया। उन्होंने बेटियों की शादी में दहेज प्रथा को समाज के लिए बड़ी समस्या बताते हुए इसे समाप्त करने की अपील की। जामा मस्जिद भरथीपुर कमेटी की ओर से जुलूस की व्यवस्था की गई थी। सुरक्षा के मद्देनजर द्वारिकागंज पुलिस बल तैनात रहा। आयोजकों और ग्रामीणों के सहयोग से जुलूस शांतिपूर्वक संपन्न हुआ। इस दौरान हाजी मुनीर खां, हाजी आशिक अली, पूर्व प्रधान मिर्जा सज्जन कमाल बेग, इदरीस रजा उर्फ गुड्डू, सिराज पठान, निसार पठान, मो. साबिर पठान, शहरयार उर्फ मुन्ना, मिर्जा सुहैल बेग, मिर्जा रेहान बेग, शेख इबरार मास्टर समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# बृजेश रावत के परिवार को सपा ने दी एक लाख की आर्थिक मदद

**मिल्कीपुर-अयोध्या।** सऊदी अरब में जान गंवाने वाले मिल्कीपुर तहसील क्षेत्र के ग्राम लिलहा रसूलपुर निवासी बृजेश रावत के पीड़ित परिवार की मदद के लिए समाजवादी पार्टी ने संवेदनशील पहल करते हुए एक लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की। बुधवार, 26 अगस्त को समाजवादी पार्टी की ओर से पीड़ित परिवार को यह आर्थिक सहयोग उपलब्ध कराया गया। बताया गया कि बुजेश रावत का पार्थिव शरीर बीते 12 अगस्त को सऊदी अरब से उनके पैतृक गांव पहुंचा था। बेटे के निधन से परिवार गहरे सदमे में था। आर्थिक संकट से जूझ रहे परिवार की स्थिति को देखते हुए मिल्कीपुर विधानसभा क्षेत्र से समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी रहे अजीत प्रसाद ने समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव से मुलाकात कर पीड़ित परिवार की मदद का आग्रह किया।

# साढ़े तीन करोड़ पानी में,पहली बारिश ने खोल दी पुल निर्माण की पोल



**महराजगंज, रायबरेली।** महराजगंज-इन्हौना मार्ग पर कैर गांव के पास कैर नइया नाले पर करीब साढ़े तीन करोड़ रुपये की लागत से बने नए पुल की पहली बारिश में ही निर्माण की पोल खुलती नजर आ रही है। पुल के ठीक पास सड़क का एक बड़ा हिस्सा अचानक धंस गया, जिससे गहरा और खतरनाक गड्ढा बन गया है। व्यस्त मार्ग पर क्षतिग्रस्त सड़क के चलते किसी भी समय बड़ा हादसा होने की आशंका बनी हुई है।

स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार, पुल का निर्माण

● हादसे के मुहाने पर महराजगंज-इन्हौना मार्ग

महज दो माह पहले पूरा हुआ था और जुलाई से इस पर वाहनों का आवागमन शुरू हुआ था। इसके बावजूद लगातार बारिश के बीच पुल के पास की मिट्टी धंसने से सड़क क्षतिग्रस्त हो गई। करोड़ों रुपये की लागत से तैयार हुए निर्माण के इतने कम समय में क्षतिग्रस्त होने से निर्माण की गुणवत्ता और पीडब्ल्यूडी की निगरानी व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं।

## जलभराव की समस्या दूर करने के लिए बना था नया पुल

ग्रामीणों ने बताया कि कैर नइया नाला पहले काफी संकरा था। बारिश के दौरान जलनिकासी प्रभावित होने से आसपास जलभराव और आवागमन में परेशानी होती थी। समस्या के स्थायी समाधान के लिए करीब साढ़े तीन करोड़ रुपये की लागत से नया और चौड़ा पुल बनाया गया।

लेकिन पहली ही बारिश में पुल के पास सड़क धंसने से ग्रामीणों में नाराजगी है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि निर्माण के दौरान मानकों और गुणवत्ता की अनदेखी की गई, जिसके चलते बारिश का पानी और मिट्टी का कटान सड़क के लिए मुसीबत बन गया। ग्रामीणों ने मांग की है कि क्षतिग्रस्त हिस्से की तत्काल मरम्मत के साथ ही निर्माण कार्य की गुणवत्ता की जांच भी कराई जाए।

## रात में बड़े हादसे का खतरा

सड़क पर बने गड्ढे के कारण वाहन चालकों को परेशानी हो रही है। ग्रामीणों का कहना है कि रात के अंधेरे में यदि कोई वाहन चालक क्षतिग्रस्त हिस्से को समय रहते नहीं देख पाया तो गंभीर हादसा हो सकता है। लोगों ने विभाग से मौके पर तत्काल सुरक्षा इंतजाम कराने की मांग की है।

## पीडब्ल्यूडी ने कहा- जल्द होगी मरम्मत

मामले में पीडब्ल्यूडी के सहायक अभियंता राजेश यादव ने बताया कि सड़क धंसने की जानकारी विभाग के संज्ञान में है। उन्होंने कहा कि एक-दो दिन के भीतर कर्मचारियों की टीम भेजकर प्रभावित स्थान की मरम्मत करा दी जाएगी। अब सवाल यह है कि करोड़ों रुपये की लागत से बने पुल के आसपास पहली बारिश में ही सड़क क्यों धंसी और क्या निर्माण कार्य में निर्धारित मानकों का पालन हुआ था? इसकी जांच के बाद ही तस्वीर साफ होगी।

## स्कॉर्पियो की टक्कर से 3 मजदूर घायल, दो गंभीर

**गोसाईंगंज, सुलतानपुर।** गोसाईंगंज थानाक्षेत्र के सैदपुर चीनी मिल के पास मंगलवार देर शाम स्कॉर्पियो की टक्कर से बाइक सवार तीन मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद चालक स्कॉर्पियो लेकर मौके से फरार हो गया। मोतिगरपुर थाना क्षेत्र के नानेमऊ टिकरे गांव निवासी अविनाश, सत्यम और शिवम सुल्तानपुर में पीओपी का कार्य करके बाइक से घर को लौट रहे थे। वह सब सैदपुर चीनी मिल के पास पहुँचे थे कि सामने से आ रही स्कॉर्पियो ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में तीनों सड़क पर गिरकर घायल हो गए। ग्रामीणों और पुलिस की मदद से घायलों को मेडिकल कालेज सुल्तानपुर ले जाया गया। जहाँ चिकित्सकों ने अविनाश और सत्यम की हालत गंभीर देखते हुए दोनों को लखनऊ ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। जबकि शिवम का इलाज सुलतानपुर में चल रहा है।

# शान-ओ-शौकत से निकला जुलूस-ए-मोहम्मदी



**अयोध्या।** जश्ने ईद मिलादुन्नबी के मौके पर बुधवार को शहर में जुलूस निकाला गया। जुलूस चैक से शुरू होकर शहर के विभिन्न प्रमुख मार्गों और स्थानों से होते हुए गुजरा। इस दौरान बड़ी संख्या में मुस्लिम समाज के लोग शामिल हुए। जगह-जगह जुलूस का स्वागत किया गया। अंजुमनों ने नात-ए-पाक और धार्मिक प्रस्तुतियां पेश कीं। आयोजन के दौरान बेहतर प्रदर्शन करने वाली कई अंजुमनों को पुरस्कृत भी किया गया। जुलूस के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस बल तैनात रहा। गोसाईगंज नगर में मदीना मस्जिद सराय से शुरू होकर जुलूस रामगंज तेलिया गढ़ होते हुए नगर के मुख्य मार्ग पर आया जहां पर कटरा तेलियागढ़ गोसाईगंज शाहिद आसपास मोहम्मदपुर में लाल मोहम्मद राईन हाजी ननकू राइन की अंजुमन ने हिस्सा लिया वहीं पकरेला, अचकवापुर, समदा, शिवगढ़ से अंसार खान व अमीर हसन की अंजुमनों ने पूरी जोर से करो उसके साथ भागीदारी की जुलूस में शामिल नन्हे मुन्ने बच्चों की झांकियां तथा नात पढ़ते हुए लोगों ने जुलूस को भव्य बनाया इस मौके पर सपा के ने वर्तमान जिला उपाध्यक्ष मोहम्मद वैस अंसारी शहर इमाम हाजी अब्दुल हक बरकाती ने जुलूस को झंडी दिखाकर रवाना किया वहीं जुलूस में हाफिज शफीक अंसारी, हाफिज नियाज अहमद, सभासद इम्तियाज उल हक कुरैशी, शकील रहमानी, तनवीर अरशद राजू, मुगीश कुरैशी, सलीम अंसारी सहित भारी संख्या में लोग मौजूद रहे मोहल्ला कटरा में मदरसा अजहरूल उलूम के पास जाकर जुलूस का समापन हुआ इस दौरान नगर कोतवाल अभिमन्यु शुक्ला पूरे दलबल के साथ मुस्तादी के साथ मौजूद रहे। सोहावल प्रतिनिधि के अनुसार इस्लाम व मुस्लिम समाज के आखिरी पैगम्बर हजरत मोहम्मद साहब के जन्मदिन की मौके पर प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी रौनाही थाना क्षेत्र के रौनाही गांव में आज सुबह 7 बजे से जुलूस ए मोहम्मदी निकला। प्रधान प्रतिनिधि खुर्शीद अहमद खान ने बताया कि जुलूस मदरसा अल्जामेतुल इस्लामिया से निकलकर प्रबंधक कारी जलुद्दीन कादरी के नेतृत्व में निकलकर पारंपरिक रास्तों से पूरे क्षेत्र में घूमा और जुलूस रोककर प्रत्येक मुस्लिम के घर जा जा कर हजरत मोहम्मद साहब की शान में मिलाद भी पढ़ा गया।

# मां की याद में सजी साहित्य की महफिल

● देर रात तक गूंजे कविता और शायरी के तराने




**मोतिगरपुर, सुलतानपुर।** श्याम कुमारी इंटर कॉलेज पेमापुर के प्रबंधक अजय कुमार सिंह की माता स्व. श्याम कुमारी की स्मृति में बुधवार को भव्य कवि सम्मेलन एवं मुशायरे का आयोजन किया गया। देश-प्रदेश से पहुंचे प्रसिद्ध कवियों और शायरों ने अपनी रचनाओं से देर रात तक श्रोताओं को बांधे रखा। कार्यक्रम में देशभक्ति, नारी सम्मान, संस्कार, हास्य और सामाजिक सरोकारों से जुड़ी प्रस्तुतियों ने खूब तालियां बटोरीं।

**मां की स्मृति में साहित्यिक आयोजन बना श्रद्धांजलि का माध्यम** कार्यक्रम से पूर्व प्रबंधक अजय कुमार सिंह, प्रशासक संजय सिंह, शैलेश सिंह और डायरेक्टर अमर प्रताप सिंह ने परिवार के साथ धार्मिक अनुष्ठान कर स्व. श्याम कुमारी को श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्य अतिथि हाईकोर्ट अधिवक्ता बीके सिंह, विधायक राजप्रसाद उपाध्याय, एमएलसी शैलेंद्र सिंह और बल्दीराय ब्लॉक प्रमुख शिव कुमार सिंह ने मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर कवि सम्मेलन का शुभारंभ किया। अतिथियों को स्मृति चिह्न भेंटकर सम्मानित भी किया गया।

**देशभक्ति से लेकर नारी सम्मान तक गूंजीं रचनाएं :** कवयित्री आयुषी त्रिपाठी ने देशभक्ति से ओतप्रोत रचना प्रस्तुत कर माहौल में जोश भर दिया। उन्होंने कहा कि हो वंदे मातरम्ही शब्द अंतिम क्षण मेरे मुख पर, मेरे भारत की खातिर खत्म मेरी जिंदगानी हो। प्रतापगढ़ की कवयित्री प्रीति पांडेय ने नारी सम्मान का संदेश देते हुए कहा कि यह मां, बहन, बेटी, पत्नियां हैं, इन्हें अपने चरणों की दासी न समझो। गाजियाबाद की कवयित्री डॉ. शिखा दीप्ति दीक्षित ने युवाओं को पारिवारिक संस्कारों का संदेश दिया। वहीं ओजस्वी कवि अपूर्व विक्रम सिंह ने वीर रस की रचनाओं से श्रोताओं में उत्साह भर दिया। प्रयागराज के हास्य कवि बिहारी लाल अंबर ने अपनी प्रस्तुतियों से लोगों को खूब गुदगुदाया। धीरज सिंह चंदन और श्रवण सुल्तानपुरी समेत अन्य कवियों ने भी देर रात तक समां बांधे रखा। प्रबंधक अजय कुमार सिंह ने कहा कि माताजी की स्मृति में यह आयोजन उनके प्रति श्रद्धांजलि और उनके संस्कारों को आगे बढ़ाने का प्रयास है। साहित्य समाज को जोड़ने और नई पीढ़ी को संस्कार देने का सशक्त माध्यम है।

**कविताओं ने दिया देश और समाज के प्रति जिम्मेदारी का संदेश**

कवि सम्मेलन में प्रस्तुत रचनाओं ने मनोरंजन के साथ श्रोताओं को सामाजिक जिम्मेदारियों का संदेश भी दिया। देशभक्ति की कविताओं ने युवाओं में राष्ट्रप्रेम की भावना जगाई तो नारी सम्मान और मां के प्रति कर्तव्य से जुड़ी रचनाओं ने लोगों को भावुक कर दिया। हास्य व्यंग्य ने माहौल को खुशनुमा बनाया। देर रात तक श्रोता कवियों की प्रस्तुतियों का आनंद लेते रहे।

# भक्ति रस से सराबोर रहा राम की राखी कार्यक्रम

**गोसाईंगंज-अयोध्या।** श्रृंगी ऋषि आश्रम पर राम की राखी कार्यक्रम के दूसरा दिन भक्ति रस से सराबोर रहा। श्री श्रृंगी ऋषि बाबा महोत्सव संस्थान पदाधिकारियों व सदस्यों ने कार्यक्रम में शामिल सन्तो के पांव पखार कर माल्यार्पण व अंगवस्त्र भेंट किया।संस्थान के अध्यक्ष सुभाष सिंह ने कहाकि सन्तो के पूजन से इस लोक में सुख व परलोक में मुक्ति मिलती। कार्यक्रम में अयोध्या से आये कलाकारों ने नृत्य व तमाम धार्मिक झांकियों को प्रस्तुत किया, जिसने दर्शकों का मन मोह लिया।उक्त अवसर पर बाबा हेमंत दास, बाबा रामप्यारे दास, बाबा लालता दास, महंत महेंद्र गिरी ,श्यामनारायण पांडे, उदयभान गुप्ता, प्रदीप जायसवाल, विमल आदि मौजूद रहे।

संक्षेप

## दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत में तीन घायल

**जौराबाजार, कुशीनगर।** थाना चौरा खास के धुनवलिया गांव के सामने राष्ट्रीय राजमार्ग पर बुधवार को दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत हो गई ।हादसे में दोनों बाइक पर सवार तीन लोग घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को फाजिलनगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उपचार के लिए भेज दिया।

पड़रौना कोतवाली क्षेत्र के मटिहनिया बुजुर्ग निवासी 35 वर्षीय रंभू कुमार पत्नी व बच्चों को ससुराल पहुंचाकर बाइक से घर लौट रहे थे। इसी दौरान दूसरी बाइक पर सवार मंझरिया निवासी 50 वर्षीय मोतीलाल यादव तमकुहीराज के संतपट्टी निवासी 65 वर्षीय शिवकली देवी कसया से जमानत कराकर घर लौट रहे थे। धुनवलिया गांव के सामने हाईवे पर दोनों बाइकों की आमने-सामने टक्कर हो गई। दुर्घटना में रंभू कुमार, मोतीलाल यादव और शिवकली देवी घायल हो गए। दुर्घटना की सूचना पर

# सीएम के प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर डीएम ने परखी व्यवस्थाएं

जिला संवाददाता



**देवरिया** ।जनपद के मझौली राज में आगामी 29 अगस्त को मुख्यमंत्री के प्रस्तावित कार्यक्रम के दृष्टिगत जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण कर तैयारियों एवं व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान ग्राम्य विकास राज्यमंत्री एवं सलेमपुर विधायक विजयलक्ष्मी गौतम, भाटपाररानी विधायक सभाकुंवर सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित रहे।जिलाधिकारी ने हेलीपैड निर्माण, मंच, पंडाल, पेयजल, स्वच्छता, साफ-सफाई, शौचालय एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को समय से सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि कार्यक्रम स्थल की समुचित साफ-सफाई के साथ सुरक्षा मानकों के अनुरूप पार्किंग की भी पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। पार्किंग में किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए सुविधाजनक स्थल का चयन कर पार्किंग की व्यवस्था की जाए। साथ ही हेलीपैड निर्माण से संबंधित सभी कार्यों में तेजी लाते हुए उन्हें समय से पूर्ण करने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने सभी व्यवस्थाओं को निर्धारित समय से पूर्व ही पूर्ण रूप से सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिसे जो दायित्व सौंपा गया है, उसका पूरी जिम्मेदारी के साथ निर्वहन करते हुए कार्यक्रम की सभी तैयारियां समय से पूरी कर ली जाएं। जनप्रतिनिधियों ने भी तैयारियों एवं व्यवस्थाओं को लेकर आवश्यक सुझाव दिए।

जिलाधिकारी के निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक अभिजीत आर. शंकर, मुख्य विकास अधिकारी राजेश कुमार सिंह, लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता, उप जिलाधिकारी सलेमपुर, उप जिलाधिकारी भाटपाररानी सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# शानो-शौकत से मना ईद-उल-मिलादुन्नबी का पर्व

भटनी (देवरिया)। इस्लाम धर्म के प्रवर्तक पैगंबर हजरत मुहम्मद साहब के जन्मदिवस ईद-उल-मिलादुन्नबी का पर्व नगर और क्षेत्र में श्रद्धा, उल्लास एवं भाईचारे के साथ मनाया गया। इस अवसर पर नगर के इमाम चौक स्थित बड़ी मस्जिद से पैगंबर मुहम्मद साहब की शान में भव्य जुलूस निकाला गया।

जुलूस में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए और पैगंबर साहब के बताए नेक रास्ते पर चलने का संदेश दिया।जुलूस बड़ी मस्जिद से निकलकर रामलीला मैदान, गांधी चौक और मुख्य बाजार होते हुए 116 नंबर रेलवे ढाला पार कर हतवा गांव पहुंचा। यहां ग्रामीणों ने जुलूस का स्वागत करते हुए लोगों को जलपान कराया। इसके बाद जुलूस हतवा से रवाना होकर उत्तरी रेलवे सड़क के रास्ते नूरीगंज पहुंचा। नूरीगंज में दोनों समुदायों के लोगों ने मिलकर जुलूस का स्वागत किया। इस दौरान आपसी भाईचारे और गंगा-जमुनी तहजीब की मिसाल देखने को मिली जगह जगह स्वागत करने वालों में अब्बास अली, तैय्यब हुसैन, इसराइल, जलील अहमद, अकबर अली, जमशेद आलम, शमशाद अली, अख्तर अली, सभासद पति शिवशंकर मौर्या, सहदेव मदेशिया, शिवनाथ प्रसाद, मनोज गोंड, बिशंभर मदेशिया, मुन्ना मदेशिया नगर के जनप्रतिनिधियों सहित सभासदगण आदि शामिल रहे इस दौरान वक्ताओं ने पैगंबर मुहम्मद साहब के जीवन और उनके संदेशों को याद करते हुए कहा कि उन्होंने इंसानियत, प्रेम, दया, भाईचारे, शांति और जरूरतमंदों की मदद का संदेश दिया। उन्होंने लोगों को आपसी भेदभाव मिटाकर सभी के साथ सद्भाव और सम्मान से रहने की सीख दी। वक्ताओं ने कहा कि पैगंबर साहब की शिक्षाएं समाज में अमन, भाईचारे और मानवता को मजबूत करने की प्रेरणा देती हैं।

## राजकीय बाल गृह एवं वन स्टॉप सेंटर का निरीक्षण

**देवरिया।** राज्य महिला आयोग की सदस्य श्रीमती ऋतु शाही जी द्वारा देवरिया स्थित राजकीय बाल गृह बालक में रक्षाबंधन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान बाल गृह के बच्चों को रक्षाबंधन के पर्व की शुभकामनाएं देते हुए उनके साथ आत्मीय संवाद किया गया तथा बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। कार्यक्रम के उपरांत माननीय सदस्य द्वारा राजकीय बाल गृह का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान बच्चों के रहने, भोजन, स्वास्थ्य, शिक्षा, सुरक्षा एवं अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया तथा संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बाल गृह में बच्चों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने एवं उनकी देखभाल में किसी प्रकार की कमी न रखने के निर्देश दिए गए।

इसके साथ ही माननीय राज्य महिला आयोग की सदस्य द्वारा वन स्टॉप सेंटर, देवरिया का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सेंटर में उपलब्ध व्यवस्थाओं, महिलाओं को प्रदान की जा रही सहायता, काउंसलिंग, विधिक सहायता एवं अन्य सेवाओं की जानकारी ली गई। उन्होंने महिला हिंसा से संबंधित मामलों में पीड़ित महिलाओं को त्वरित एवं संवेदनशील सहायता उपलब्ध कराने तथा शासन की मंशा के अनुरूप कार्य करने के निर्देश दिए।इस अवसर पर महिला कल्याण विभाग एवं संबंधित संस्थानों के अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

## छात्रावास का हुआ पूजन



**देवरिया ।** ब्राह्मण कल्याण परिषद्, देवरिया के तत्वाधान में निर्मित होने वाले ब्राह्मण छात्रावास के लिए 9कट्ठे जमीन पर भूमि पूजन परिषद के अध्यक्ष डॉ मधुसूदन मणि त्रिपाठी की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। परिषद् के मंत्री कौशल कुमार मिश्र के निर्देशन में भूमि पूजन के यजमान परिषद के ट्रस्टी सप्तनीक ओंकारेश्वर मिश्र रहे। परिषद् के सभी पदाधिकारी एवं ट्रस्टी यथा डॉ विपिन बिहारी शुक्ल, डॉ अनिल कुमार त्रिपाठी, दिनेश कुमार त्रिपाठी,दिलीप त्रिगुणायत,सुधाकर मिश्र, रवि प्रकाश मिश्र 'छोटे', देवरिया सदर मा०विधायक डॉ शलभ मणि त्रिपाठी, जिला पंचायत अध्यक्ष,देवरिया गिरीश चंद तिवारी, राहुल मणि त्रिपाठी, डॉ मधुसूदन मिश्र ,आद्या प्रसाद शुक्ल, अनिल कुमार मिश्र,रमेश मिश्र, ब्रजेश पाण्डेय, अखिलेश कुमार त्रिपाठी,विशेश्वर मिश्र,रामेश्वर तिवारी, डॉ अभय कुमार द्विवेदी, डॉ मिथिलेश कुमार सिंह,कैप्टन हरिकेश सिंह,डॉ हेमंत कुमार मिश्र,सच्चिदानंद सिंह राणा, केशव पांडे,रतन कुमार तिवारी, ज्योतिषी धनंजय पांडे साहित्य जिले के गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं में लापरवाही बर्दाश्त नहीं: डीएम

जिला संवाददाता

**कुशीनगर।** जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर की अध्यक्षता एवं मुख्य विकास अधिकारी की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक सम्पन्न हुई।बैठक में जनपद में संचालित मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं, चिकित्सा व्यवस्थाओं तथा विभिन्न राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई।जिलाधिकारी ने स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में निरंतर सुधार, योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन, पारदर्शिता एवं जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

बैठक में मातृत्व योजना के अंतर्गत मन्त्रा एप पर लंबित भुगतान की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि सभी लंबित भुगतानों का प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित किया जाए, ताकि पात्र लाभार्थियों को समय से योजना का लाभ प्राप्त हो सके। उन्होंने माइक्रोप्लान के अंतर्गत सभी संबंधित एमवाईसी को अपने क्षेत्र में लंबित भुगतानों को एक सप्ताह के भीतर शत-प्रतिशत पूर्ण कराने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने जनपद के सभी पंजीकृत सरकारी एवं निजी अस्पतालों से प्रतिदिन निर्धारित समयावधि में हुए प्रसव एवं मृत्यु के संबंध में अद्यतन विवरण गूगल फॉर्म के माध्यम से अनिवार्य रूप से प्राप्त करने के निर्देश दिए।उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं से संबंधित आंकड़ों का नियमित, सटीक एवं व्यवस्थित संकलन किया जाए, जिससे जनपद में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य की वास्तविक स्थिति की प्रभावी निगरानी की जा सके तथा आवश्यकता पड़ने पर तत्काल सुधारात्मक कार्रवाई सुनिश्चित हो।

डीएम ने मातृ एवं शिशु मृत्यु के प्रत्येक प्रकरण की निष्पक्ष, विस्तृत एवं समयबद्ध जांच सुनिश्चित करने के लिए स्थायी समिति गठित करने के निर्देश दिए।समिति में अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, संबंधित मजिस्ट्रेट एवं चिकित्सक को शामिल किया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि जांच के दौरान यदि किसी अस्पताल, चिकित्सक अथवा संबंधित स्वास्थ्यकर्मी की लापरवाही या कार्य में शिथिलता सामने आती है तो उत्तरदायित्व निर्धारित करते हुए नियमानुसार कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।उन्होंने कहा कि मातृ एवं शिशु मृत्यु से संबंधित प्रत्येक प्रकरण को गंभीरता से लिया जाए तथा केवल आंकड़ों के संकलन तक सीमित न रहकर उसके कारणों का विश्लेषण करते हुए भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए प्रभावी कदम उठाए जाएं। सरकारी एवं निजी क्षेत्र के चिकित्सकों तथा स्वास्थ्यकर्मियों को भयमुक्त, सुरक्षित एवं बिना किसी अनुचित दबाव के अपने दायित्वों का निर्वहन करने के लिए बेहतर कार्य वातावरण उपलब्ध कराना सामूहिक जिम्मेदारी है।

उन्होंने चिकित्सा सेवाओं की गुणवत्ता एवं मरीजों की सुरक्षा के साथ-साथ चिकित्सकों एवं स्वास्थ्यकर्मियों की सुरक्षा, सम्मान एवं गरिमापूर्ण कार्य वातावरण सुनिश्चित करने पर भी विशेष जोर दिया। जिलाधिकारी ने सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर ऑक्सीजन व्यवस्था को सुदृढ़ एवं व्यवस्थित रखने के निर्देश दिए। उन्होंने आवश्यक धनराशि की उपलब्धता एवं समय से उपयोग सुनिश्चित करने को कहा, ताकि आकस्मिक परिस्थितियों में मरीजों को तत्काल आवश्यक चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जा सके और किसी भी स्तर पर ऑक्सीजन की कमी के कारण उपचार प्रभावित न हो। बैठक में शव वाहन की उपलब्धता एवं उसके उपयोग से संबंधित व्यवस्थाओं की भी समीक्षा की गई।

जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि आमजन को शव वाहन की उपलब्धता, संपर्क व्यवस्था एवं उपयोग की प्रक्रिया के संबंध में स्पष्ट, पारदर्शी एवं विधिवत जानकारी उपलब्ध कराई जाए, ताकि जरूरतमंद परिवारों को समय से इस सुविधा का लाभ मिल सके और उन्हें किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जिला पंचायतराज अधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक सहित स्वास्थ्य विभाग के संबंधित अधिकारी एवं अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## देखें, सीखें और करें-नयी उद्यान फसलों की खेती

**देवरिया** ।मखाना विकास योजना के तहत किसानों को नवीन एवं अधिक आयपरक जलीय फसलों की आधुनिक खेती से जोड़ने के उद्देश्य से तकनीकी प्रशिक्षण के बाद फील्ड भ्रमण कराया गया। इसी क्रम में मंगलवार को कुशीनगर जनपद के खड्डा विकासखंड अंतर्गत ग्राम रामपुर जंगल में प्रगतिशील मखाना एवं कमल उत्पादक धर्मेंद्र जायसवाल के तालाब का किसानों ने भ्रमण किया और मखाना उत्पादन की व्यावहारिक जानकारी प्राप्त की।

जिला उद्यान अधिकारी संदीप गुप्ता ने बताया कि सोमवार को कृषि ज्ञान केंद्र में जनपद के 60 से अधिक किसानों को मखाना उत्पादन की तकनीक एवं खेती से संबंधित जानकारी दी गई थी।

प्रशिक्षण के बाद किसानों को मौके पर ले जाकर खेती की तकनीक को देखने, समझने और सीखने के उद्देश्य से यह भ्रमण आयोजित किया गया। इस दौरान किसानों को खड्डा विकासखंड के ग्राम दरगौली में उमेश के यहां केले की बागवानी तथा ग्राम रामनगर में पप्पू साहनी के यहां हल्दी की व्यावसायिक खेती का भी अवलोकन कराया गया।

उन्होंने बताया कि मखाना को सुपरफूड के रूप में वैश्विक स्तर पर बढ़ती मांग को देखते हुए पूर्वांचल में भी इसे जलीय फसल के रूप में बढ़ावा दिया जा रहा है। जनपद में चालू वर्ष से पांच हेक्टेयर क्षेत्रफल में किसानों के तालाबों में मखाना की खेती के लिए अनुदान दिया जा रहा है।उन्होंने किसानों से योजना का लाभ उठाकर मखाना उत्पादन से जुड़ने की अपील की।

भ्रमण के दौरान उद्यान निरीक्षक रणजीत यादव ने किसानों को परंपरागत खेती के साथ उद्यान एवं जलीय फसलों को अपनाने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि फसल का चयन खेत की आवश्यकता, स्थानीय जलवायु और जल संरक्षण को ध्यान में रखते हुए किया जाना चाहिए।

योजना प्रभारी ने ड्रिप एवं स्प्रिंकलर सिंचाई की स्थापना पर 90 प्रतिशत तक अनुदान की जानकारी देते हुए किसानों को जल संरक्षण के साथ खेती की लागत कम करने के उपाय बताए।

भ्रमण कार्यक्रम में विभागीय फील्ड स्टाफ गिरिजा शंकर यादव, प्रगतिशील किसान सुरेंद्र चौहान सहित प्रशिक्षण में शामिल किसान उपस्थित रहे।

## मारपीट के मामले में दो पर मुकदमा दर्ज

**भटनी(देवरिया)**। स्थानीय थाना क्षेत्र के ग्राम कुमौर्टा ठाकुर गाँव एक महिला सहित दो पर थाने में मारपीट का मुकदमा पुलिस ने दर्ज किया है ।

कुमौर्टा ठाकुर निवासिनी लीलावती देवी पत्नी दया साहनी ने थाने में दिये गये तहरीर में लिखी है कि मेरी पुत्री अपने बहन से मोबाईल से बात कर रही थी ।उसी समय मेरे ही गाँव के गोतम साहनी गाली देते हुए मारने पीटने लगा ।बीच बचाव के लिए गयी तो मुझे भी मारा पीटा ।उसी समय उसकी माता बसन्ती आकर मारने पीटने लगी ।इससे पूर्वभी मारपीट कर चुका है ।

तहरीर के आधार पर पुलिस ने धारा115(2)351(3)352के तहत मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्यवाही कर रही है ।

## कांग्रेस के प्रदेश सह प्रभारी का स्वागत



**देवरिया** ।कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय सचिव, उत्तर प्रदेश के सहप्रभारी एवं पूर्वांचल जोन के नवनियुक्त प्रभारी अभिषेक दत्त बुधवार को टाउन हॉल स्थित जिला कांग्रेस कार्यालय पहुंचे। उनके प्रथम देवरिया आगमन पर जिलाध्यक्ष विजय शेखर मल्ल ह्यरोशनह्व के नेतृत्व में जिले के कांग्रेसजनों ने माल्यार्पण कर गर्मजोशी से स्वागत किया। इसके बाद जिले के कांग्रेस पदाधिकारियों, वरिष्ठ नेताओं, पूर्व प्रत्याशीयों, महिला कांग्रेस, युवा कांग्रेस, ब्लाक अध्यक्षों,विभागों, फ्रंटल प्रकोष्ठों के अध्यक्ष पदाधिकारियों सहित कांग्रेस कार्यकताओं के साथ ही जनपद के कांग्रेस जनों के साथ महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुईबैठक को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय सचिव,पूर्वांचल प्रभारी अभिषेक दत्त ने कहा कि पूर्वांचल कांग्रेस पार्टी के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण क्षेत्र है और यहां संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करना उनकी प्राथमिकता है।उन्होंने कहा कि भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की सबसे बड़ी ताकत उसका कार्यकर्ता है। बूथ से लेकर जिला स्तर तक कार्यकताओं के साथ निरंतर संवाद और समन्वय स्थापित कर संगठन को और अधिक मजबूत किया जाएगा ।इस अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष, पूर्व प्रत्याशी,जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी, पूर्व पदाधिकारी,शहर अध्यक्ष,शहर कांग्रेस के पदाधिकारी,पूर्व शहर अध्यक्ष, प्रदेश,जिला एवं शहर महिला कांग्रेस के अध्यक्ष एवं पदाधिकारी,ब्लॉक अध्यक्ष, युवा कांग्रेस,फ्रंटल संगठनों, विभागों एवं प्रकोष्ठों के अध्यक्ष एवं पदाधिकारी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

# नाला पार करते समय डूबे तीन किसानों का हुआ पोस्टमार्टम

बांदा। मर्का थाना क्षेत्र के गुजैनी गांव में मंगलवार शाम बारिश के बाद उफनाए बरसाती नाले को पार करते समय चार किसान तेज बहाव की चपेट में आ गए। हादसे में चाची-भतीजे समेत तीन लोगों की डूबने से मौत हो गई, जबकि एक किसान किसी तरह तैरकर बाहर निकल आया।सूचना के बाद पुलिस और प्रशासन की टीम ने ग्रामीणों के साथ मिलकर रेस्क्यू अभियान चलाया और तीनों के शव बरामद किए। शवों का बुधवार को पोस्टमार्टम कराया गया है। हादसे में गुजैनी निवासी कोमल यादव (27) पुत्र छोटेलाल, कुसुमरानी (30) पत्नी रामखेलावन और सियादुलारी (50) पत्नी फूलचंद्र की मौत हुई है। वहीं रामखेलावन (35) पुत्र सुखलाल ने तैरकर अपनी जान बचा ली। मृतक कोमल और कुसुमरानी आपस में चाची-भतीजे थे। तीनों मृतक खेती-किसानी का काम करते थे। ग्रामीणों का कहना है कि चारों किसान मंगलवार दोपहर अपने धान के खेतों में खाद डालने गए थे।दिनभर हुई बारिश के कारण खेतों के आसपास पानी भर गया था और बहा नाले का जलस्तर भी बढ़ गया था। खेती का काम पूरा करने के बाद गुजैनी गांव से करीब एक किलोमीटर दूर रास्ते में उन्हें बड़ा नाला पार करना था।नाले में पानी का बहाव काफी तेज था।चारों ने नाला पार करने की कोशिश की, लेकिन बीच धार में पहुंचते ही पानी के तेज बहाव ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। तेज बहाव और अंधेरा होने के कारण तलाश में काफी परेशानी आई।काफी मशक्कत के बाद तीनों के शव पानी से बाहर निकाले गए। क्षेत्राधिकारी कृष्णकांत त्रिपाठी ने बताया कि 25 अगस्त की शाम ग्राम गुजैनी से सूचना मिली थी कि बरसाती नाला पार करते समय लोग तेज बहाव में बह गए हैं।सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची और रेस्क्यू अभियान चलाया गया।

# नारायणी नदी में जलस्तर बढ़ने की संभावना

**कुशीनगर।** नेपाल क्षेत्र के अंतर्गत चीन-तिब्बत सीमा से लगे रसुवा जिले में भारी अतिवृष्टि के कारण ग्लेशियर जनित झील के फटने की सूचना प्राप्त हुई है।इसके कारण नारायणी नदी के जलस्तर में वृद्धि होने की संभावना बनी हुई है। प्राप्त सूचना के अनुसार वाल्मीकि बैराज से लगभग 2.50 लाख से 3.00 लाख क्यूसेक तक पानी का डिस्चार्ज प्रवाहित होने की संभावना है। संभावित जलस्तर वृद्धि को देखते हुए जनपद प्रशासन द्वारा सतर्कता बढ़ा दी गई है।



उक्त स्थिति के दृष्टिगत जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर ने पुलिस अधीक्षक के साथ आज नारायणी नदी के तटवर्ती एवं संवेदनशील शिवपुर क्षेत्र का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान जिलाधिकारी ने क्षेत्र में नदी के जलस्तर एवं संभावित प्रभाव वाले स्थानों का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों से वर्तमान स्थिति की जानकारी प्राप्त की।निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने शिवपुर सहित आसपास के ग्रामों के ग्रामीणों से संवाद किया तथा उन्हें संभावित जलस्तर वृद्धि के संबंध में जागरूक किया। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि प्रशासन द्वारा जारी की जाने वाली सूचनाओं एवं चेतावनियों का गंभीरता से पालन करें तथा नदी के समीप अनावश्यक रूप से न जाएं। साथ ही पशुओं को भी नदी एवं निचले क्षेत्रों से सुरक्षित स्थानों पर रखने की अपील की गई ।संभावित आपात स्थिति को देखते हुए मौके पर एसडीआरएफ की टीम की तैनाती कर दी गई है। एसडीआरएफ की टीम को आवश्यक राहत एवं बचाव उपकरणों के साथ अलर्ट मोड में रखा गया है, ताकि आवश्यकता पड़ने पर प्रभावित क्षेत्रों में तत्काल राहत एवं बचाव कार्य संचालित किया जा सके। डीएम ने संबंधित प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया कि संवेदनशील एवं तटवर्ती क्षेत्रों में अधिकारी एवं कर्मचारी मौके पर रहकर लगातार निगरानी सुनिश्चित करें। नदी के जलस्तर में होने वाले परिवर्तन की नियमित जानकारी प्राप्त करते हुए तत्काल उच्चाधिकारियों को अवगत कराया जाए।उन्होंने संभावित परिस्थितियों को देखते हुए राहत एवं बचाव से संबंधित आवश्यक व्यवस्थाओं को सक्रिय रखने तथा आवश्यकता पड़ने पर प्रभावित लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने की कार्ययोजना तैयार रखने के निर्देश दिए। उन्होंने ग्राम स्तर पर भी कर्मचारियों एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों के माध्यम से लोगों को लगातार जागरूक किए जाने तथा किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न देने और केवल प्रशासन द्वारा जारी आधिकारिक सूचनाओं पर भरोसा करने के लिए ग्रामीणों को प्रेरित करने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने कहा कि प्रशासन पूरी स्थिति पर सतत निगरानी रखे हुए है और संभावित जलस्तर वृद्धि को देखते हुए सभी संबंधित विभागों को अलर्ट मोड में रखा गया है। किसी भी आपात स्थिति में त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं तैयार रखी गई हैं तथा राहत एवं बचाव टीमों को भी सक्रिय कर दिया गया है। इस दौरान संबंधित प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे।

## बालिकाओ की आवश्यकताओं का तत्काल संज्ञान लेते हुए इंटरलॉकिंग कार्य की स्वीकृति

**आगरा।** मिस टीन इंटरनेशनल-2026 सौंदर्य प्रतियोगिता के फाइनल में जगह बनाने वाली प्रतिभागियों ने बुधवार को यहां ताजमहल का दौरा किया। दुनिया के लगभग 30 देशों की प्रतिभागियों ने प्रतिष्ठित स्मारक का दौरा किया और तस्वीरें खिंचवाईं ।मेक्सिको, अमेरिका, स्पेन, फिलीपींस, कनाडा, कोलंबिया, फ्रांस, जर्मनी, नीदरलैंड, भारत और कंबोडिया सहित कई देशों का प्रतिनिधित्व करने वालीं सुंदरियों ने ताज महल के अंदर लगभग दो घंटे बिताए मिस टीन इंटरनेशनल इंडिया दिव्या वाधवा ने कहा कि ताजमहल बेहद खूबसूरत है और उन्होंने इस बात पर गर्व जताया कि दुनिया के सात अजूबों में शामिल यह स्मारक भारत में स्थित है। वाधवा ने कहा कि यह गर्व की बात है कि दुनिया के सात अजूबों में से एक ताजमहल भारत में है। हमें 30 देशों के प्रतियोगियों को ताज महल में लाने का मौका मिला। उन्होंने कहा कि मिस टीन इंटरनेशनल एक प्रमुख वैश्विक कार्यक्रम है जिसका समापन 30 अगस्त को जयपुर में होगा।उन्होंने कहा, मिस टीन इंटरनेशनल 2026 प्रतियोगिता के फाइनल में जीत हासिल करने वाली प्रतिभागी को ताज पहनाया जाएगा।

## तेज बारिश से पक्का मकान ढहा, मलबे में दबकर बुजुर्ग दंपति की मौत

**महोबा।** जिले में श्रीनगर थाना क्षेत्र के सिजरही गांव में मंगलवार की रात तेज बारिश के दौरान एक पक्का मकान ढह गया, जिसके मलबे में दबकर बुजुर्ग दंपति की मौत हो गई। चरखारी क्षेत्र के पुलिस क्षेत्राधिकारी (सीओ) दीपक दुबे ने बुधवार को बताया कि मंगलवार की रात तेज बारिश के दौरान श्रीनगर थाना क्षेत्र के सिजरही गांव में एक पक्का मकान भरभरा कर गिर गया, जिसके मलबे में परिवार के छह लोग दब गए।

उन्होंने बताया कि हादसे की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने जेसीबी से मलबा हटाकर सभी को अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने चतुर्भुज (80) और उनकी पत्नी मन्नी देवी (78) को मृत घोषित कर दिया। अन्य चार लोगों मामूली खरोंच पहुंची है। सीओ ने बताया कि बुजुर्ग दंपति के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजकर आगे की कार्वाई शुरू कर दी गई है।

# उपजिलाधिकारी के निरीक्षण पर उठाया सवाल, डीएम ने बैठा दी जांच

## पालिका के विकास पर डीएम की नजर, 11 बिंदुओं की जांच से खुलेगा सरकारी धन का हिसाब

**कुशीनगर।** नगर पालिका परिषद कुशीनगर में विकास कार्यों पर खर्च धन को लेकर उठते सवाल अब महज आरोप-प्रत्यारोप तक सीमित नहीं रहे। मीडिया की लगातार रिपोर्टों और शिकायतों के बीच एसडीएम के औचक निरीक्षण ने पालिका के कामकाज को जांच के घेरे में ला दिया। निरीक्षण से बिलबिलाई नपाध्यक्ष की ओर से एसडीएम को नोटिस देकर अधिकारिता परउठाया गया सवाल पालिका अध्यक्ष किरन जायसवाल की गले की फांस बन गयी। सबब यह है कि नपाध्यक्ष की नोटिस की स्याही अभी फीकी भी नही हुई कि जिलाधिकारी ने नगरपालिका के खिलाफ 11 बिन्दुओ की जांच के लिए तीन सदस्यीय कमेटी गठित कर सात दिन में अभिलेखीय और स्थलीय रिपोर्ट तलब की है। अब सवाल यह नहीं कि एसडीएम को निरीक्षण का अधिकार था या नहीं, बल्कि सवाल यह है कि नगर पालिका की फाइलें खुलेंगी तो विकास की तस्वीर सामने आएगी या सरकारी धन के कथित खेल की पर्तें खुलेगी ? यानी अब बहस इस बात पर नहीं होगी कि एसडीएम नगर पालिका क्यों पहुंचे, बल्कि जांच यह बताएगी कि नगर पालिका में विकास कार्यों के नाम पर अब तक क्या खेल होता रहा है ।कहना न होगा कि नगर पालिका में कराए जा रहे विकास कार्य लंबे समय से सवालों के घेरे में हैं। सड़क, इंटरलॉकिंग, नाली, सौंदर्यीकरण और अन्य निर्माण कार्यों में खर्च धन, काम की गुणवत्ता, लागत, सामग्री और भुगतान प्रक्रिया को लेकर लगातार सवाल उठते रहे और शिकायतें सामने आती रहीं। मीडिया ने भी इस मुद्दे को प्रमुखता से उठाया ।इसी बीच प्रशासन तक शिकायतें पहुंचीं। सूत्रों के अनुसार, नगर पालिका की कार्यप्रणाली और विकास कार्यों से संबंधित शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए एसडीएम कसया ने नगर पालिका कार्यालय का औचक निरीक्षण किया ।निरीक्षण के दौरान अभिलेखों और पंजिकाओं की पड़ताल किए जाने की बात सामने आई। इसके बाद नपाध्यक्ष किरन जायसवाल की ओर से एसडीएम को नोटिस जारी कर निरीक्षण के अधिकार और प्रक्रिया पर सवाल खड़े किए गए।

> ● नोटिस बनाम निरीक्षण की जंग के बीच डीएम का खडा रुख, सात दिन में मांगी 11 बिंदुओं की रिपोर्ट

**प्रशासनिक जांच की लगी मुहर**

डीएम के 25 अगस्त 2026 के आदेश के सामने आने के बाद नगर पालिका की कार्यप्रणाली को लेकर पहले से चल रही चचाओं को अब प्रशासनिक जांच की मुहर मिल गई है ।शिकायतकर्ता राहुल सिंह की शिकायत में नगर पालिका परिषद कुशीनगर में कराए जा रहे निर्माण कार्यों और विद्युत सामग्री से संबंधित कार्यों में भारी अनियमितता किए जाने का आरोप लगाया गया था। शिकायत के इन्हीं 11 बिंदुओं पर अब प्रशासन दस्तावेज और जमीन दोनों पर पड़ताल करेगा।

**एसडीएम के निरीक्षण पर उठे सवाल के बीच डीएम ने खोल दी जांच की फाइल**

जिलाधिकारी महेन्द्र सिंह तंवर का आदेश उस समय सामने आया है, जब बीते दिनों नगर पालिका कार्यालय में उपजिलाधिकारी कसया विवेक कुमार मिश्र ने औचक निरीक्षण किया था और इस निरीक्षण से बौखलाई नपाध्यक्ष किरन जायसवाल की ओर से बकाये पत्र जारी कर सवाल खड़े किए गए थे। इतना ही नही नपाध्यक्ष की बौखलाहट का अंदाजा इस बात से भी लगाया जा सकता है कि उन्होने एसडीएम के निरीक्षण, अभिलेखों की मांग और अधिकार क्षेत्र पर न सिर्फ आपत्ति जताई बल्कि सवाल भी खडे कर दिये। लेकिन अब तस्वीर बदल गयी है। जिस नगर पालिका के निरीक्षण पर ह्यअधिकारह्न को लेकर सवाल खड़े किए जा रहे थे, उसी पालिका के निर्माण कार्यों और विद्युत सामग्री की खरीद से जुड़े 11 बिंदुओं की जांच के लिए जिलाधिकारी ने बाकायदा कमेटी बैठा दी है। यानी मामला अब केवल यह नहीं रह गया कि एसडीएम को निरीक्षण का अधिकार था या नहीं। अब असली सवाल यह है कि नगर पालिका में विकास और खरीद के नाम पर हुए काम-काज का हिसाब-किताब क्या कहता है।

**तीन सदस्यीय कमेटी करेगी अभिलेखीय और स्थलीय जांच**

जिलाधिकारी ने जांच के लिए तीन सदस्यीय कमेटी गठित की है। इसमें उपजिलाधिकारी कसया विवेक कुमार मिश्र को अध्यक्ष,

सहायक अभियंता विद्युत वितरण खंड कुशीनगर एंव सहायक अभियंता, लोक निर्माण विभाग (प्रांतीय खंड), कुशीनगर मुकेश वर्मा को सदस्य नामित किया गया है।

कमेटी को शिकायत में उल्लिखित बिंदुओं पर अभिलेखीय एवं स्थलीय निरीक्षण कर संयुक्त आख्या, स्पष्ट संस्तुति सात दिन के भीतर उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया है ।यह आदेश इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि जांच केवल फाइलों तक सीमित नहीं रहेगी।

कागज पर क्या हुआ और जमीन पर वास्तव में क्या हुआ दोनों का मिलान किया जाएगा।

**एसडीएम के निरीक्षण से शुरू हुआ विवाद, डीएम के आदेश पर पहुंचा निर्णायक मोड़**

घटनाक्रम की पूरी कड़ी को देखें तो तस्वीर साफ है। शिकायतें उठीं, मीडिया ने मुद्दे को लगातार सामने रखा, एसडीएम ने नगर पालिका का औचक निरीक्षण किया, नपाध्यक्ष ने निरीक्षण पर सवाल उठाते हुए नोटिस दिया और अब डीएम ने 11 बिंदुओं की जांच के लिए कमेटी बैठा दी।

अब बहस इस बात पर होनी चाहिए कि जनता के पैसे से हुए विकास कार्यों का हिसाब कौन देगा ?सात दिन बाद आने वाली जांच रिपोर्ट इस पूरे विवाद की दिशा तय करेगी। फिलहाल डीएम के आदेश ने नगर पालिका के उन फाइलों पर प्रशासन की नजर डाल दी है, जिनमें अब तक विकास के दावे दर्ज है। अब देखना यह है कि फाइलों के पन्नों से विकास की तस्वीर निकलती है या सरकारी धन के कथित बंदरबांट के खेल की कहानी।

# सेहत की चिंता

हम क्या खाते हैं, क्या पीते हैं और उसका ह मारे स्वास्थ्य पर प्रभाव क्या होता है? यह जानना बहुत जरूरी है ताकि व्यक्ति स्वाद के लिए या फिर भूख मिटाने के लिए जो कुछ खाये, उसके बारे में सही फैसला कर सके। सुप्रीम कोर्ट काफी पहले भारतीय खाद्य संरक्षा एवं मानक प्राधिकरण फसाई से उन पैकेटबंद खाद्य पदार्थों पर फ्रंट ऑफ पैक यानी पैकेट पर सामने की ओर चेतावनी लेबल लगाने पर गंभीरता से विचार करने का आदेश दिया है, जो चीनी, संतृप्त वसा, ट्रांस वसा और सोडियम की अधिक मात्रा वाले हों। न्यायालय ने यह भी कहा कि ऐसे लेबल सार्वजनिक स्वास्थ्य संबंधी लक्ष्यों को हासिल करने में मददगार हो सकते हैं। देश में मोटापे की समस्या चिंताजनक रूप से बढ़ रही है और अब वह एक प्रमुख सार्वजनिक स्वास्थ्य चुनौती बन चुकी है। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण की 2019-21 की रिपोर्ट बताती है कि 24 फीसदी महिलाएं और 23 फीसदी पुरुष अधिक वजन या मोटापे की समस्या से जूझ रहे हैं। पांच साल से कम उम्र के बच्चों में अतिरिक्त वजन साल 2015-16 के 2.1 फीसदी से बढ़कर 2019-21 में 3.4 फीसदी हो गया। वर्ल्ड ओबेसिटी एटलस 2024 का अनुमान है कि साल 2020 में 3.3 करोड़ से अधिक भारतीय बच्चे मोटापे से ग्रस्त थे और यह संख्या 2035 तक




बढ़कर 8.3 करोड़ तक हो सकती है। यह 15 साल में दोगुने से अधिक इजाफा है। इसके साथ-साथ ही भारत अति प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों के लिए सबसे तेजी से बढ़ते बाजारों में से एक बन चुका है। वर्ष 2025-26 की आर्थिक समीक्षा में इस बात को रेखांकित किया गया है कि 2009 से 2023 के बीच ऐसे अत्यधिक प्रसंस्करण वाले खाद्य पदार्थों की बिक्री में 150 फीसदी से अधिक इजाफा हुआ। यह मोटापे, डायबिटीज और अन्य कई बीमारियों की प्रमुख वजह है। लगभग इसी अवधि में मोटापा कम से कम दोगुना हो गया है और इनके आपसी संबंधों की अनदेखी करना मुश्किल है। वैश्विक साक्ष्यों का एक समूह, जिसमें लैंसेट की ऐसे खाद्य पदार्थों पर एक श्रृंखला भी शामिल है, ऐसे खाद्य पदार्थों की अधिक खपत को मोटापा, डायबिटीज, दिल की बीमारियों, श्वसन संबंधी बीमारियों और यहां तक कि मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं से भी जोड़ता है। इसके निहितार्थ चिंताजनक हैं। बढ़ती स्वास्थ्य देखभाल लागत, उत्पादकता की हानि और लोक वित्त पर दीर्घकालिक दबाव। गैर संचारी रोगों पर नियंत्रण के लिए भारत की राष्ट्रीय बहुक्षेत्रीय कार्य योजना (2017) ने उच्च वसा, शक्कर और नमक की खपत को कम करने के लिए फ्रंट ऑफ पैक लेबलिंग (एफओपीएल) की सिफारिश की थी। वर्षों की परामर्श प्रक्रिया के बावजूद इससे संबंधित मानदंड अब तक तय नहीं हो पाए हैं। फसाई ने उद्योग के विरोध और लेबलिंग मॉडलों पर बहस के बीच फ्रंट ऑफ पैक नियमों को अंतिम रूप देने में देरी की है। समस्या की एक वजह नियामकीय अस्पष्टता में भी निहित है। भ्रामक प्रचारों के विरुद्ध केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण के दिशा-निर्देश और खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम दोनों बढ़ा चढ़ाकर किए गये स्वास्थ्य संबंधी दावों का निषेध करते हैं लेकिन इनमें पोषण की सीमा से संबंधित स्पष्टता की कमी है जिसके आधार पर यह तय किया जा सके कि खाद्य मार्केटिंग में कौन-सी बातें भ्रामक हैं कौन-सी नहीं। लेबल ब्लाइंड सॉल्युशंस द्वारा किए गए एक स्वतंत्र अध्ययन ने पाया कि करीब एक तिहाई लेबलिंग दावे या तो अनुपालन से परे थे या फिर उनमें पर्याप्त नियामकीय प्रमाणन का अभाव था। चेतावनी देने वाले लेबल अधिक प्रत्यक्ष सुधारात्मक उपाय प्रदान करते हैं। अध्ययनों से पता चलता है कि सरल, व्याख्यात्मक चेतावनियां जैसे 'अधिक शक्कर' या 'अधिक नमक' अस्वास्थ्यकर विकल्पों को हतोत्साहित करने में रेटिंग जैसी प्रणाली और हेल्थ स्टार रेटिंग की तुलना में अधिक प्रभावी साबित होती हैं। इसलिए यह जरूरी है कि खाद्य नियामक फसाई उपयुक्त चेतावनी की व्यवस्था लागू करे। इससे लोगों में खाद्य पदार्थों और स्वास्थ्य के प्रति जागरुकता विकसित होगी।

विचार

जिस तरह पानी को कोई जल, कोई आब, कोई वाटर कहता है, उसी तरह एक ही सच्चिदानन्द परमेश्वर को कोई अल्लाह, कोई हरि, कोई गुरु, कोई गॉड कहकर पुकारते हैं।

-रामकृष्ण परमहंस.

जो भलाई से प्रेम करता है, वह देवताओं की पूजा करता है, अनादरणीय प्राणियों का सम्मान करता है और ईश्वर के निकट रहता है।

-इमर्सन.

जिंदगी में जिसे धीरज है और जो कभी मेहनत से नहीं घबराता, कामयाबी उसकी दासी है।

-दयानन्द सरस्वती.

भाषा मनुष्य की बुद्धि के सहारे चलती है, इसलिए जब किसी विषय तक बुद्धि नहीं पहुंचती तो भाषा अधूरी होती है।

-महात्मा गांधी.

# आखिर क्या हैं पाकिस्तान के इरादे



संजय श्रीवास्तव

**पाकिस्तान में आर्थिक और सामाजिक संकट गहरा है। राजनीतिक अस्थिरता भी बनी हुई है। साथ ही आतंकवाद खुद उसके भीतर बड़ी चुनौती बन चुका है। इसके बावजूद उसकी सेना के लिए संसाधनों में लगातार वृद्धि और चीन-तुर्किए से अत्याधुनिक हथियारों की खरीद यह बताती है कि इस्लामाबाद ने राष्ट्रीय प्राथमिकताओं में सैन्य शक्ति को सबसे ऊपर रखा है। क्या भारत के लिए यह वाकई चिंता की वजह होनी चाहिए?**

पाकिस्तान ने बला की तेजी दिखाते हुए ऑपरेशन सिंदूर के दौरान ध्वस्त आतंकी ठिकानों, प्रशिक्षण केंद्रों को फिर से खड़ा कर लिया। जैश-ए-मोहम्मद जिसे संयुक्त राष्ट्र और अमेरिका आतंकवादी संगठन मानते हैं, उसके बहावलपुर स्थित मरकज सुभानल्लाह परिसर का सैन्य कार्रवाई के बाद फिर बनाना उस नेटवर्क की पुनर्संगठन और पाकिस्तान की मिलीभगत बहुत कुछ कहती है। मक्का में पाकिस्तान, सऊदी अरब और तुर्किये के बीच मुस्लिम नाटो के रूप में देखे जानेवाला एक त्रिपक्षीय रणनीतिक समझौता, जिसमें अब किसी एक पर हमला सभी पर हमला माना जाएगा, के बाद अमेरिकी विदेश विभाग ने पाकिस्तान के सैन्य इरादों पर निशाना साधा। पाकिस्तान ने अपना रक्षा व्यय अचानक अंधाधुंध तरीके से तीन ट्रिलियन पाकिस्तानी रुपये (लगभग 10.8 अरब डॉलर) तक बढ़ा दिया। इससे अमेरिका ने सवाल खड़े कर दिये कि जब देश में गरीबी दर तीस प्रतिशत तक पहुंच रही हो और 7 करोड़ से अधिक लोग अत्यधिक गरीबी में जीने को मजबूर हैं, तो मिलिट्री और इंटेलिजेंस पर यह खर्च कितना उचित है? जिस देश को आर्थिक स्थिरता, रोजगार, शिक्षा और स्वास्थ्य के लिए संसाधनों की सख्त जरूरत है, वहां सैन्य क्षमता विस्तार को इतनी प्राथमिकता क्यों? उसका दावा है कि इस रक्षा व्यय पर पर्याप्त संसदीय और नागरिक निगरानी नहीं हुई। पाकिस्तान ने पैसे कहां खर्च किए इसका कोई हिसाब किताब नहीं है। इसी महीने पाकिस्तान में लगातार साठ घंटों तक हर बार देर रात को रावलपिंडी के नूर खान और कराची के मसरूर एयरबेस पर तुर्की के सी-130 सैन्य विमानों की और मुरीदके एयरबेस पर ए-400-एम विमान की आवाजाही ने दुनियाभर के कान खड़े कर दिये। पता लगा कि इसके जरिये तुर्की ने पाकिस्तान को बायरक्तार टीबी2 और अकिंसी ड्रोन के अलावा एआई-गाइडेड क्रूज मिसाइल तथा कुछ अन्य घातक हथियारों की बड़ी खेप पहुंचाई।

सीपरी के अनुसार 2021 से 2025 तक पाकिस्तान के हथियार आयात में 66 प्रतिशत वृद्धि हुई और वह दुनिया का पांचवां सबसे बड़ा प्रमुख हथियार आयातक देश बन गया है। तुर्की और चीन की मदद से पाकिस्तान का अपना हथियारों का जखीरा बढ़ाना



सामान्य बात है पर इस तरह गुपचुप तरीके से लेना सवाल खड़े करता है। आखिर पाकिस्तान की मंशा क्या है? उसे किससे इतना खतरा है कि इतनी तैयारी की जरूरत है या फिर किसे अपनी सैन्य ताकत दिखाना है? वह यह सब किस रणनीतिक उद्देश्य के लिये कर रहा है? भारत ऐतिहासिक और राजनीतिक रूप से उसका प्राथमिक प्रतिद्वंद्वी माना जाता है। यों तो अफगानिस्तान के साथ उसकी क्षेत्रीय दुश्मनी हाल के महीनों में खुले सैन्य संघर्ष में बदल गई है, पर क्या उस छोटे से देश के विरुद्ध इतनी बड़ी तैयारी है?

## पाक की सैन्य तैयारी

बलूचिस्तान के सक्रिय बलूच विद्रोही समूहों की गतिविधियों के नियंत्रण के लिये भी इतनी तैयारी गैर मुनासिब है। इस तरह बचता सिर्फ भारत ही है। यह ठीक है कि इन हथियारों का एक छोटा हिस्सा पाकिस्तान की आंतरिक सुरक्षा अभियानों, अफगानिस्तान और बलूच विद्रोहियों के लिए भी इस्तेमाल हो सकता है लेकिन भारत को असली खतरा इस संभावित दोहरे इस्तेमाल से है। पाकिस्तान जिस सैन्य क्षमता को बलूचिस्तान के लिए खरीदता है, वही क्षमता भविष्य में भारत के खिलाफ भी इस्तेमाल की जा सकती है। यही कारण है कि 'बलूचिस्तान बहाना है और भारत निशाना' के नारे को भले अभी निष्कर्ष की तरह नहीं तो भी गंभीर सुरक्षा परिकल्पना की तरह तो देखना ही चाहिए। पाकिस्तान की रणनीति लंबे समय से पारंपरिक युद्ध और अप्रत्यक्ष युद्ध दोनों को साथ लेकर चलने की रही है। ड्रोन इस रणनीति के लिए अत्यंत सुविधाजनक माध्यम हैं- कम लागत, कम जोखिम, सीमा पार घुसपैठ के बिना हमला, निगरानी और हथियार पहुंचाने की क्षमता। पाकिस्तान केवल परंपरागत हथियारों की संख्या नहीं बढ़ा रहा बल्कि युद्ध की प्रकृति बदलने वाली प्रणालियों- ड्रोन, लोइटरिंग म्यूनिशन, निगरानी प्रणालियों, वायु रक्षा और सटीक मारक क्षमता पर जोर दे रहा है। मक्का संयुक्त रक्षा समझौता नई चिंता पैदा करता है। सऊदी अरब, तुर्किये और पाकिस्तान ने जिस समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं, इसमें किसी एक पर सशस्त्र हमला तीनों पर हमला मानने के अलावा रक्षा सहयोग बढ़ाने की बात कही गई है। इसे सीधे-सीधे 'भारत विरोधी सैन्य गठबंधन' कहना तो ठीक नहीं, लेकिन इसके रणनीतिक परिणामों को कम करके नहीं आंका जा सकता। बांग्लादेश का इससे संभावित जुड़ाव बेहद संवेदनशील है। यदि ढाका पाकिस्तान-सऊदी-तुर्किये के रक्षा ढांचे में औपचारिक रूप से शामिल होता है, तो भारत के पश्चिमी मोर्चे के साथ पूर्वी पड़ोस में भी एक नया रणनीतिक समीकरण और घेरेबंदी की वजह बन सकता है। वैसे भी पहली बार पाकिस्तान को एक ऐसे त्रिपक्षीय ढांचे में जगह मिली है, जिसमें एक परमाणु शक्ति, एक बड़ी रक्षा औद्योगिक अत्यंत सम्पन्न आर्थिक शक्ति एक साथ हैं। इसका अर्थ यह नहीं कि सऊदी अरब भारत-पाकिस्तान संघर्ष में खुद आगे आकर भारत के खिलाफ पाकिस्तान की सैन्य सहायता करेगा। लेकिन पाकिस्तान की कूटनीतिक और आर्थिक क्षमता को इससे सहारा मिल सकता है।

भारत की चाहत यह होगी कि सऊदी अरब के साथ बने ऊर्जा, निवेश और रणनीतिक संबंध इस नए समीकरण से प्रभावित न हों। तुर्किये द्वारा भारत को ड्रोन देने से साफ इनकार और खुद तुर्की ड्रोन पाकर खुश पाकिस्तान ने ऑपरेशन सिंदूर के बाद यह सीख जरूर ली होगी कि केवल ड्रोन खरीदना पर्याप्त नहीं होता, सेंसर, रडार, इलेक्ट्रॉनिक युद्ध, कमांड-एंड-कंट्रोल, मिसाइल और काउंटर-यूएएस प्रणालियों का एकीकृत नेटवर्क अधिक निर्णायक है। उसने देखा होगा कि 2025 में उसके ड्रोन और मिसाइल हमलों को भारत की वायु रक्षा प्रणालियों के एकीकृत प्रयास ने कैसे निष्क्रिय किया था। हाल में भारतीय सेना ने पश्चिमी मोर्चे पर पहला समर्पित ड्रोन बटालियन भी गठित किया है। सीमा और शहरी क्षेत्रों में मोबाइल काउंटर-ड्रोन प्रणालियों को मजबूत करने के लिए भी नए कदम उठाए जा रहे हैं। पाकिस्तानी तैयारी का हमारा जवाब बेहतर नेटवर्क, अधिक संख्या, स्वदेशी उत्पादन और तेज निर्णय-चक्र है। हमें इलेक्ट्रॉनिक जैमिंग, हार्ड-किल और सॉफ्ट-किल प्रणाली, निर्देशित ऊर्जा हथियार, एआई आधारित लक्ष्य पहचान और स्वदेशी लोइटरिंग म्यूनिशन का एक बहुस्तरीय जाल बनाना होगा। साथ ही अमेरिका, फ्रांस, इजरायल और अन्य विश्वसनीय साझेदारों से उच्च तकनीक लेते हुए घरेलू रक्षा उद्योग को उत्पादन का आधार बनाना होगा।

परमाणु हथियारों से लैस पाकिस्तान की आर्थिक कमजोरी को उसकी सैन्य कमजोरी समझना भूल होगी। पाकिस्तान का बढ़ता रक्षा खर्च, चीन पर उसकी भारी हथियार निर्भरता, तुर्किये के साथ बढ़ता सैन्य सहयोग और आतंकी ढांचे के पुनर्जीवन की खबरें, ऐसा सामरिक वातावरण बना रही हैं जिसमें भारत को न तो चिंता की जरूरत है, न आत्मसंतुष्ट होने की। भविष्य का युद्ध केवल लड़ाकू विमानों और मिसाइलों का नहीं होगा। वह ड्रोन, डेटा, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, उपग्रह, साइबर क्षमता, इलेक्ट्रॉनिक युद्ध और कूटनीतिक गठबंधनों का भी होगा। पाकिस्तान यदि अपनी कमजोर अर्थव्यवस्था के बावजूद उस युद्ध की तैयारी कर रहा है, तो भारत को उसका उत्तर हथियारों की अंधी दौड़ से नहीं बल्कि तकनीकी श्रेष्ठता, आर्थिक शक्ति और रणनीतिक आत्म निर्भरता से देना होगा।

सोशल मीडिया

अब यूपी का किसान केवल अन्न उत्पादक तक सीमित न रहकर क्वालिटी, ट्रेसेबिलिटी और एक्सपोर्ट स्टैंडर्ड से जुड़ी आधुनिक एग्री इकोनॉमी का भागीदार भी बनेगा। सीएम योगी.



बढ़ती महंगाई से राहत के लिए अन्नपूर्णा राशन किट सरकार शुरू करे, भाजपा की गलत नीतियों ने आम आदमी से चीनी, गुड़ की मिठास, प्याज का तीखापन छीन लिया है। अशोक गहलोत.



हर राज्य की मातृभाषा का सम्मान व उत्थान होना चाहिए, किसी भाषा का राजनीतिकरण नहीं होना चाहिए, इससे देश की भाषिक-भाविक एकता में दूराव पैदा होती है। अखिलेश यादव



# उपासना का महत्व

साधना उपासना की महान महत्ता का यह प्रतिपादल भरतीय दर्शन और योग शास्त्रों में पग-पग पर मिलता है। इतने पर भी यह देखा गया है कि कई बार विधि विधान का पालन करते हुए भी लोग साधना उपासना के वह लाभ प्राप्त नहीं कर पाते जिनका इस तरह उल्लेख मिलता है। उसका कारण होता है वातावरण का प्रभाव। यह सच है कि अनेक प्राणवान व्यक्ति अपनी तप साधना और संकल्प शक्ति से वातावरण को भी बदल डालते हैं। किन्तु सच यह भी है कि मनुष्य के विकास में वातावरण का प्रभाव बहुत अधिक मात्रा में होता है। साधना उपासना चूंकि व्यक्ति के संस्कारों से संबंध रखती है और प्रत्येक वातावरण अच्छे बुरे संस्कार समाहित रखता है अतएव उच्चस्तरीय साधनाओं में तो स्थान औरवातावरण का महत्व निश्चित ही बहुत अधिक होना चाहिए। वातावरण के प्रभाव की सशक्तता का परिचय देने वाले कितने ही विधेयात्मक एवं निषोधात्मक कथा प्रसंग इतिहास में मिलते हैं। इतिहास की प्रसिद्ध घटना है कि जब कौरव पाण्डवों के युद्ध के लिए स्थान चयन की बात आई तो श्रीकृष्ण ने एक विशेष दूत नियुक्त किया, उसने सर्वत्र युद्ध स्थल की छानबीन की। कुरुक्षेत्र में उसने परस्पर दो सगे भाइयों को युद्ध करते देखा। यह घटना उसने श्री कृष्ण को बताई। फलतः यह क्षेत्र युद्ध के लिए चुना गया। क्योंकि उन्हें संदेह था कि भावनाशील होने के कारण कहीं अर्जुन युद्ध का परित्याग न कर बैठें।

श्रवण कुमार के बारे में भी ऐसी ही कथा प्रख्यात है। वह जब अपने माता-पिता को कांवर में लिए तीर्थाटन करा रहे थे, तो एक स्थान ऐसा जहां उसने न केवल कांवर पटक दी अपितु अपने माता-पिता को कटु शब्द भी कहे। उस देश से आगे निकल जाने के बाद उसे अपने कथन पर भारी पश्चाताप हुआ। इस पर उसके पिता ने सांत्वना देते हुए समझाया कि इसमें श्रवण का कोई दोष नहीं। यह स्थान मयदानव का था जिसने कभी अपने माता-पिता को यहीं बन्दी बनाकर मृत्यु के घाट उतार दिया था। कुंती के बारे में भी ऐसी ही घटना का उल्लेख पुराणों में मिलता है। भूमि के संस्कार एक तथ्य हैं, इसे कोई भी पवित्र जलाशयों, देवमंदिरों तथा शमशान घाट में जाकर स्वयं अनुभव कर सकता है। कुल्लू की मिट्टी सेवों के लिए प्रसिद्ध है। अच्छी से अच्छी खाद, जल और मौसम पाकर भी वैसे सेब आज तक अन्यत्र कहीं नहीं उगाये जा सके। नागपुर के संतरे और भुसावल के केले अन्यत्र नहीं मिलते। मुजफ्फरपुर लीचियों के लिए प्रसिद्ध है तो लखनऊ का मलीहाबाद जैसे स्वादिष्ट आम दूसरी जगह कम मिलते हैं। यह सब मिट्टी और वतावरण केगुणों के कारण ही होता है।

अंतर्दृष्टि

# वे कुछ काम करते मगर...

व्यंग्यलोक

वे कुछ काम करते, लेकिन घुटनों में दर्द है। वे काम करते, लेकिन ठण्ड ज्यादा पड़ रही है-ठण्ड के कारण कहीं जाना-आना नहीं हो पाता। वे कमाते-खाते लेकिन गर्मी की छूप इतनी प्रचण्ड है कि निकलना ही नहीं हो पाता और इस बरसात ने तो कहीं का नहीं छोड़ा। दम ही नहीं ले रही। इस समय हमारे काम सीजन इसलिए इस ऑफ सीजन में क्या काम करें? वे दिल्ली जाकर व्यवसाय का सामान लेकर आते, लेकिन वैवाहिक सीजन के कारण रेलों-बसों में भीड़ जा रही है। हाथ-पांव टूट जायें तो घर के रहेंगे न घाट के। ये वे जुमले हैं जो नाकारा और फालतू बैठे लोगों ने कामचोरी के बहाने ढूंढ़ लिये है। डिसूजा को तो आप भी जानते होंगे, जो अपनी दूकान में बैठा मक्खी मारता रहता है, परन्तु व्यवसाय के लिए कोई सक्रिय पहल नहीं कर पाता। बात करो तो यही रोना कि ग्राहक ही पता नहीं कहां मर गये, मेरी दूकान पर तो आते ही नहीं। अरे डिसूजा दूकान में कुछ होगा, तब आयेगा न। ग्राहक तो खाली दूकान में आकर तुम्हारी तरह मक्खी थोड़े ही मारनी है। पत्नी स्कूल टीचर है, बस उसी से चल रहा है घर का खर्च। वरना डिसूजा के भरोसे तो आमरण अनशन पर बैठा जाओ। मैंने कई बार कहा भी डिसूजा इस काया को थोड़ा कष्ट दे, वरना काम कैसे चलेगा। थर्ड ग्रेड टीचर पत्नी के भरोसे कैसे होंगे आगे के कामकाज, परन्तु उसके कानों पर जूं भी नहीं रेंगती। इस कान से सुनकर उस कान से निकाल देता है। अब तो मैंने भी कहना छोड़ दिया है। क्योंकि उस पर कोई असर नहीं होता। भूल से कोई ग्राहक आ भी जाये तो उससे इतने रूखेपन से पेश आता है कि ग्राहक दुबारा न आने की कसम खा लेता है। इधर डिसूजा को मक्खी मारना बेहद पसंद है। अब आपको भयानक जी से मिलवाता हूँ। जैसा नाम वैसा ही गुण।



पूरन सरमा

वे डिजायनर हैं। ग्राहक आयेगा तो घनी मूंछो से वाक्य भी भयानक निकतले हैं। उनकी पत्नी किसी प्राइवेट कम्पनी में कम्प्यूटर ऑपरेटर है। डिजायन बनाने वाला समझायेगा तो वे आंख बन्द कर लेंगे। ग्राहक जब पूछेगा कि वे इसका आशय समझा क्या, तो वे आंख निकालकर कहेंगे कि यह आयडिया उनकी समझ में नहीं आया। इसलिए वे नहीं कर सकते यह काम। जबकि वे पूरे हुररमंद हैं तथा प्रोफेशनल डिजायनर है, लेकिन काम करने के आलस्य ने उनका जीवन चौपट कर रखा है। मेरी तो समझ में ही नहीं आता कि वे किराया दूकान का कैसे पे करते होंगे। आये हुये काम को धकेल देना उनकी फितरत है। मुझे मिलेंगे तो कहेंगे आज का क्लाइंट बहुत चतुर हो गये हैं। कला की वैल्यू तो समझते नहीं और कोड़ियों में काम करना चाहता है। आप अपने आसपास नजर फैलाइये, डिसूजा, भयानक जी और मधुसूदन जी बेतादाद मिल जायेंगे। ये हैं आजकल के काम करने वाले, बदमिजाज, आलसी और कामचोर बहानेबाज।

# पांच दशक में खत्म हो गयी दो-तिहाई जैव विविधता



प्रकृति/पर्यावरण

डॉ.अनिता राठौर

वर्ल्ड वाइड फंड फॉर नेचर की लिविंग प्लैनेट रिपोर्ट 2020 के मुताबिक पिछले पांच दशकों में धरती की 68 फीसदी जैव विविधता नष्ट हो चुकी है। इस तरह 10 जैव विविधत प्रजातियों में 7 का विनाश हो चुका है, यह बेहद चिंतित करने वाली रिपोर्ट है। भारत आदिकाल से ही जैव विविधता के मामले में एक सम्पन्न देश रहा है। अपने यहां करीब पौधों की 40 से 45 हजार और जीवों की 85 से 90 हजार प्रजातियां मौजूद हैं। लेकिन अब अपने देश में भी बहुत तेजी से जैव विविधता लुप्त हो रही है। दो साल पहले आरटीआई के जरिये हासिल एक सूचना के मुताबिक एक दशक में 148 जीव और करीब 132 वनस्पतियां लुप्त हो गई हैं और 500 से ज्यादा जीवों और वनस्पतियों पर लुप्त होने की तलवार लटकी हुई है।

कुछ साल पहले वन विभाग ने पाया था कि राजस्थान के सरिस्का टाइगर रिजर्व और मध्य प्रदेश के पन्ना टाइगर रिजर्व में सुनियोजित ढंग से चल रही शिकार की गतिविधियों के कारण उनकी संख्या में तेजी से कमी आ रही है। टाइगर, तेंदुए और ओर्टर को उनकी चमड़ी के लिए मारा जाता है। चीन और दूसरे अन्य देशों में भारत में पाये जाने वाले इन दुर्लभ प्रजातियों के पशु और पक्षियों की बहुत मांग है। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मादक द्रव्यों की तस्करी, मनुष्य की तस्करी और अन्य दूसरी चीजों की तस्करी के बाद अवैध वन्य जीवों का शिकार कर उनके अंगों की तस्करी का व्यापार चौथे स्थान पर है। यूनाइटेड नेशंस ऑफिस द्वारा ड्रग एंड क्राइम विषय पर जारी एक रिपोर्ट के अनुसार लगभग 132,144 वन्य जीवों की अवैध तस्करी से जुड़े मामले दर्ज किये गये, जिनमें पूरी दुनिया के 120 देशों में लगभग पिछले एक दशक में हजारों वन्यजीवों की ऐसी प्रजातियां हैं जो लुप्त हो चुकी हैं। 1,291 वन्यजीवों की तस्करी से जुड़े मामलों में 180 प्रजातियों के प्रतिबंधित वन्यजीव जिनमें 48 स्तनधारी, 71 प्रजाति के पक्षी, 33 सरीसृप और पेड़ों की 4 ऐसी प्रजातियों से जुड़े मामले दर्ज किये गये, जिनमें लाल चंदन की अवैध तस्करी के मामले सबसे ज्यादा दर्ज किये गये। इसमें तेंदुए के शिकार के 182 मामले, एशियाई हाथी की अवैध तस्करी के 138 मामले, एक सींग वाले दरियाई घोड़े के 124 मामले और बंगाल टाइगर के अवैध शिकार के 113 मामले दर्ज किये गये थे। इनमें हिरण, बारहसिंगा, जंगली गाय, सुअरों के अवैध शिकार के 60 मामले दर्ज हुए, जिनमें देश के विभिन्न भागों में इनके मांस के लिए इनका अवैध शिकार किया जाता है।

पैंगोलिन एक ऐसा स्तनधारी जीव है जिसकी चीन और दक्षिण पूर्व एशिया के विभिन्न देशों में बहुत मांग है। इसके मांस, त्वचा और पूर्वी एशियाई देशों में दवाएं बनाने में इस्तेमाल किया जाता है। इसका सबसे ज्यादा अवैध व्यापार होता है। इसके अलावा कछुए, ताजे पानी के कछुए, स्टार कछुए, झीलों में पाये जाने वाले कछुओं की भारत और दूसरे पड़ोसी देशों में पालतू जानवरों के बाजार में भारी मांग के चलते इनका अवैध शिकार किया जाता है। कई मामलों में हजारों लोगों को रेलवे के प्लेटफॉमों, अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डों और अंतर्राष्ट्रीय सीमाओं पर इन्हें इन जानवरों के अंगों के साथ इन्हें अवैध रूप से पकड़ा जाता है। ज्यादातर पक्षियों और पालतू जानवरों के बाजार या मांस के लिए इन्हें बेचे जाने के लिए इनकी अवैध तस्करी होती है। भारतीय पक्षियों की अंतर्राष्ट्रीय बाजार में भारी मांग है। भारत में भले ही मोर के शिकार को अवैध करार दिया गया है इसके बावजूद इन्हें इनके सुंदर पंखों के लिए मौत के घाट उतार दिया जाता है। समुद्री जीव जंतुओं की तस्करी के 50 मामले दर्ज किये गये जिनमें समुद्री घोड़े मूंगा, घोंघे और सी-क्यूकैम्बर की अवैध तस्करी के मामले दर्ज किये गये। अंतर्राष्ट्रीय बाजार में सी-क्यूकैम्बर का इस्तेमाल चीनी व्यंजनों और दवाईयों में होता है। पूरी दुनिया में इसकी बढ़ती मांग के कारण इसकी कई प्रजातियां खत्म हो चुकी हैं। लेकिन हम इस बात को समझने के लिए तैयार ही नहीं हैं कि यदि इसी तरह इनका अवैध शिकार होता रहा तो वह दिन दूर नहीं जब इन जलीय जीव जंतुओं का समुद्र से पूरी तरह सफाया हो जायेगा। प्रतिबंधित एवं दुर्लभ वन्य जीव प्रजातियों की अवैध तस्करी के बढ़ते मामले इस बात का सबूत है कि अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर इन तमाम वन्य जीवों की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए अवैध तस्करी का यह काम एक बड़े नेटवर्क के रूप में सुनियोजित ढंग से संचालित होता है।

## आपकी बात

### स्वच्छ हवा, पानी का संकट

शहरों में बुजुर्गों का सांस लेना दूभर हो गया है। बच्चे, युवा और कामगार वर्ग दूषित हवा से बीमार पड़ रहे हैं। अस्पतालों में मरीजों का तांता है और स्कूल से लेकर निर्माण गतिविधियों तक पर पाबंदी लगा दी गयी है। दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी है इसलिए इसकी चर्चा कुछ अधिक है, लेकिन अगर दिल्ली से इतर अन्य शहरों की बात करें, तो उत्तर भारत के अधिकांश शहरों में अक्टूबर से फरवरी तक, तीन-चार महीनों तक सांस लेना दूभर हो जाता है। इससे सांस संबंधी बीमारियां बढ़ रही हैं, लोग खांसी, गले की खरास, सिरदर्द, चिड़चिड़ापन, एंजाइटी आदि की गिरफ्त में हैं और सबसे गंभीर बात यह है कि अत्यधिक वायु प्रदूषण के कारण लोगों की जीवन प्रत्याशा कम हो गयी है। दिल्ली में लोगों की जिंदगी 12 वर्ष कम हो गयी है, तो उत्तर भारत के तमाम अन्य शहरों में भी प्रदूषण के कारण लोगों का स्वास्थ्य और उम्र प्रभावित हो रही है। इस गंभीर संकट पर भी अगर देश में जमकर राजनीति होती है, तो यह मानने के पर्याप्त कारण हैं कि देश की राजनीति अब जनहित के बजाय जनप्रिय हो गयी है। और एक बात सबको दिमाग में बैठा लेना चाहिए कि लोकप्रिय राजनीति हमेशा लोकहित की राजनीति नहीं होती है। कहा जाता है कि अच्छी बात प्रायः कड़वी होती है। इसी तरह सरकार के अच्छे फैसले प्रायः शुरूआत में तकलीफ देते हैं लेकिन लंबे समय में यह व्यापक जनहित के वाहक बनते हैं।

आज अगर दिल्ली से लेकर पटना तक, हवा खराब है। शहरों में धुंआ और धूल का जहरीला मिश्रण सीधे हमारे फेफड़े तक पहुंच रहा है, तो इसके लिए कहीं न कहीं लोकहित की राजनीति से सियासत का मुंह मोड़ना और हर वक्त चुनावी फायदे के लिए लोकप्रिय राजनीति में धंसे रहना है। दिल्ली में तो लोकप्रिय राजनीति इतनी अधिक हुई है कि दक्षिण भारत की राजनीति भी अब उसके आगे शर्माती है। फ्री बिजली, फ्री पानी, फ्रीस बस यात्रा, फ्री तीर्थ यात्रा, जैसी योजनाओं की दिल्ली में इतनी अधिक जरूरत शायद नहीं थी। दिल्ली सबसे अधिक प्रति व्यक्ति आय वाली सिटी है। यहां फ्री के बजाय अगर सरकार संसाधनों का निवेश ट्रैफिक सिस्टम को बदलने में, सड़कों को दुरुस्त करने में, कंस्ट्रक्शन गतिविधियों के लिए वाजिब प्रोटोकॉल विकसित करने और पराली प्रबंधन के लिए ठोस पहल की गयी होती, तो आज दिल्ली में दमघोंटू हवा का इतना संकट नहीं होता। विकास करने वाले बहुत से देशों में इस तरह का संकट आया है। अमरीका का लॉस एंजलिस जहां हॉलीवुड फिल्मों की शूटिंग होती है, कभी हॉलीवुड का यह हॉर्टस्थल भी गंभीर वायु प्रदूषण की चपेट में था। अब जरूरत इस बात की है कि शहरों की हवा शुद्ध करने के लिए गंभीर प्रयास हों।

**आशीष श्रीवास्तव, लखनऊ.**

### असंगठित श्रमिकों की दशा

केन्द्र सरकार ने असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को व्यापक स्तर पर सामाजिक सुरक्षा मुहैया कराने के लिए बीमा योजना, पेंशन योजना और आयुष्मान भारत योजना जैसे अनेक कार्यक्रम लांच किये हैं। इस योजना के तहत एक श्रमिक जो दिहाड़ी मजदूर है या ऐसे रोजी-रोजगार से जुड़ा है जिसमें उसकी उसको किसी तरह से सामाजिक सुरक्षा का कवर उपलब्ध नहीं है, ऐसे लोग नयी पेंशन योजना में शामिल हो सकते हैं जिसमें उनको साठ साल पूरे होने पर प्रतिवर्ष तीन हजार रुपये पेंशन मिलेगी। श्रमिकों को सुरक्षा कवर उपलब्ध कराने का यह फैसला न सिर्फ सराहनीय है बल्कि उन करोड़ों श्रमिकों तक सामाजिक सुरक्षा का विस्तार होगा जिनको वृद्धावस्था में कोई मदद नहीं मिलती थी। लेकिन इस योजना में कुछ खामियां हैं। अगर सरकार इनमें सुधार करती है तो यह और अधिक प्रभावी एवं कल्याणकारी बन जायेगी। दरअसल हर साल चार-पांच फीसद की महंगाई रहती है। उसी हिसाब से रुपये का वैल्यू कम होता जाता है। ऐसे में जो लोग आज इस योजना के सदस्य बनेंगे उनको साठ साल पूरा होने पर जो पेंशन मिलेगी उसकी वैल्यू बहुत कम होगी।

**प्रमोद कुमार शर्मा, लखनऊ.**

संक्षेप

## डीएम प्रयास सजुड़ जायेगा ग्राम गौड़िहा

**बहराइच**। जनपद के विकास खण्ड शिवपुर का ग्राम गोड़िहा-2 कुल 160 जनसंख्या वाली बसावट का गांव है। यहां पर निवासरत कुल 29 परिवार में 54 पुरूष, 48 महिलाएं व 58 बच्चे हैं। किसी भी तरफ से सम्पर्क मार्ग से जुड़े न होने तथा विद्युतीकरण की सुविधा से वंचित ग्राम के लोग ग्राम स्वास्थ्य सेवाओं, बाल विकास एवं शिक्षा जैसी मूलभूत सुविधाओं से भी वंचित है।

स्थिति यह है कि अधिक वर्षा होने पर ग्राम की स्थिति टापू जैसी बन जाती है। सम्पर्क मार्ग के जुड़ाव तथा विभिन्न मूलभूत सुविधाओं से वंचित ग्राम गोड़िहा-2 की समस्याएं संज्ञान में आने पर जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी द्वारा ग्राम को मुख्य धारा मे लाने हेतु सम्पर्क मार्ग के निर्माण के दृष्टिगत भूमिधारकों से कई चरणों में वार्ता की गयी। विभिन्न चरणों में चली वार्ता के परिणाम स्वरूप ग्रामीणों द्वारा अपने खेत के कुछ भू-भाग को रास्ते में देने हेतु सहमति प्रदान करते ही जिलाधिकारी के निर्देश पर अधिशासी अभियन्ता लो.नि.वि. प्रान्तीय खण्ड द्वारा 1.100 कि.मी. सम्पर्क मार्ग के निर्माण हेतु 15 जून 2026 को रू. 132.25 लाख का आगणन प्रस्ताव लोक निर्माण विभाग मुख्यालय, लखनऊ को प्रेषित किया गया।

# बारावफात पर उमड़ा अकीदत का सैलाब

एस पी मिश्रा



**बहराइच**। इस्लामिक कैलेंडर के रबी-उल-अव्वल माह की 12वीं तारीख को मनाया जाने वाला पैगंबर-ए-इस्लाम हजरत मुहम्मद साहब का जन्मदिवस बारावफात शुक्रवार को नगर में पूरे जोश-ओ-खरोश, अकीदत और शान-ओ-शौकत के साथ मनाया गया। सुबह से ही नगर की गलियों और मोहल्लों में जश्न का माहौल रहा।

- सजी अंजुमन और झांकियां बनीं आकर्षण का केंद्र, बच्चों की टोलियों ने मोहा मन

मस्जिदों और दरगाहों को आकर्षक रोशनी और रंग-बिरंगी झालरों से सजाया गया। अकीदतमंदों ने नबी-ए-पाक की शिक्षाओं को याद करते हुए अमन, भाईचारे और इंसानियत के रास्ते पर चलने का संकल्प लिया। दरगाह शरीफ, नाजिरपुरा, काजीपुरा, बड़ी तकिया, चांदपुरा, बड़ीहाट, छोटी बाजार, चिक्कीपुरा समेत विभिन्न मोहल्लों से सजावटी अंजुमन निकाली गईं। अंजुमनों में बच्चों की टोलियां खास आकर्षण का केंद्र रहीं। सफेद कुर्ता-पायजामा, हरे साफे और टोपी पहने बच्चे नात-ए-पाक पढ़ते हुए जुलूस में शामिल हुए। कई बच्चों ने झांकियों के माध्यम से नबी-ए-पाक की सीरत और उनके संदेशों को प्रस्तुत किया। नगर के छावनी चौराहे पर विभिन्न अंजुमनों के एकत्र होने पर वातावरण नारा-ए-तकबीर, अल्लाहु अकबर और पैगंबर की आमद मरहबा के नारों से गूंज उठा। सीरत कमेटी के सदर हाजी तेजे खां और पदाधिकारियों ने पूर्व मंत्री यासर शाह, पूर्व नगर पालिका परिषद अध्यक्ष हाजी रेहान खां और समाजवादी पार्टी के कोषाध्यक्ष हाजी अब्दुल मन्नान का साफा बांधकर खैरमकदम किया। जुलूस मार्ग पर जगह-जगह लंगर की व्यवस्था की गई। अकीदतमंदों को शर्बत, मिठाइयां और हलवे का तबर्रुक वितरित किया गया। बच्चों ने मिठाइयों का आनंद लिया, जबकि बुजुर्गों समेत अन्य लोगों ने शर्बत के स्टॉल पर प्यास बुझाई। आयोजन को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए जिला प्रशासन और पुलिस की ओर से चाक-चौबंद सुरक्षा व्यवस्था की गई। मजिस्ट्रेटों और पुलिस अधिकारियों की निगरानी में संवेदनशील मार्गों पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात रहा।

ड्रोन कैमरों से जुलूस की निगरानी की गई और पुलिस जवान लगातार गश्त करते रहे। सुरक्षा इंतजामों के चलते बारावफात का जुलूस शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुआ। दिनभर नगर के विभिन्न हिस्सों में तकरीर, मिलाद शरीफ और नातिया महफिलों का आयोजन होता रहा। देर शाम तक रोशनी से सजी गलियां और घर बारावफात की रौनक बयां करते रहे। आयोजन धार्मिक उत्साह के साथ-साथ नगर की गंगा-जमुनी तहजीब और आपसी भाईचारे का संदेश देता नजर आया।

### सफाई, पेयजल और प्रकाश व्यवस्था रही दुरुस्त

बारावफात के अवसर पर नगर पालिका परिषद अध्यक्ष श्रीमती सुधा देवी के प्रतिनिधि श्यामकरण टेकड़ीवाल के प्रयासों से नगर में सफाई, पेयजल और मार्ग प्रकाश व्यवस्था को बेहतर बनाए रखा गया। जुलूस मार्ग और प्रमुख स्थानों पर विशेष सफाई कराई गई तथा पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित की गई। मार्ग प्रकाश व्यवस्था भी दुरुस्त रखी गई, जिससे देर शाम तक कार्यक्रम में शामिल लोगों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। वहीं जिला प्रशासन की ओर से सुरक्षा व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त बनाए रखने के लिए क्षेत्रीय पुलिस लगातार पेट्रोलिंग करती रही।

## रक्षाबंधन पर देवीपाटन मण्डल की महिलाओं को उपहार

**बहराइच**। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत प्रदेश में महिला सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए महिलाओं के हित में अनेक महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। इसी क्रम में देवीपाटन मंडल में महिलाओं की समस्याओं के त्वरित, गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध समाधान के लिए मां पाटेश्वरी शक्ति संवाद कार्यक्रम को मण्डलायुक्त दुर्गा शक्ति नागपाल ने रक्षाबंधन त्यौहार के अवसर पर विस्तारित कर दिया है।

मण्डलायुक्त ने महिलाओं की समस्याओं के समाधान के लिए मां पाटेश्वरी शक्ति संवाद कार्यक्रम का विस्तार मंडल के चारों जिलों में कर दिया गया है। इसे मंडल की महिलाओं के लिए रक्षाबंधन के विशेष उपहार के रूप में देखा जा रहा है। मण्डलायुक्त ने चारों जिलाधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे सोमवार को छोड़कर प्रत्येक माह दो दिन, दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक, विशेष रूप से महिलाओं की चिकित्सा शिक्षा स्वास्थ्य सुरक्षा भूमि विवाद एवं अन्य समस्याओं की सुनवाई एवं उनके समाधान के लिए निर्धारित करें और निर्धारित तिथि की सूचना से सर्वसाधारण को अवगत कराया जाए।

## मंत्री-विधायक ने बांटी साड़ी-मिठाई, 29 तक बसों में फ्री यात्रा



**बांदा**। रक्षाबंधन त्योहार पर बहनों को उनके मायके तक सुरक्षित एवं निःशुल्क पहुंचाने के लिए लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर निःशुल्क बस सेवा सरकार ने शुरू की है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ से इस सेवा का शुभारंभ किया। जिला मुख्यालय पर भी कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में महिलाओं ने हिस्सा लिया। जल शक्ति राज्य मंत्री रामकेश निषाद ने बताया कि रक्षाबंधन के अवसर पर 27, 28 और 29 अगस्त को बहनों के लिए निःशुल्क बस सेवा उपलब्ध कराई जा रही है। इसके जरिए बहनें अपने भाइयों को रक्षा सूत्र बांधने के लिए बिना किराये की चिंता के मायके पहुंच सकेंगी। उन्होंने इसे बहनों के लिए सरकार का रक्षाबंधन उपहार बताया। आयोजित कार्यक्रम के दौरान महिलाओं को एक-एक साड़ी और मिठाई का डिब्बा वितरित किया गया। मंत्री और सदर विधायक ने महिलाओं को साड़ी व मिठाई देकर रक्षाबंधन की शुभकामनाएं दीं। इस दौरान कुछ महिलाओं ने जल शक्ति राज्य मंत्री रामकेश निषाद और सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी को राखी बांधी।

## आदर्श बजरंग इंटर कॉलेज में एनसीसी भर्ती

**बांदा**। 60 यूपी बटालियन एनसीसी फतेहपुर के कमांडिंग आफिसर कर्नल बृजेश पठानिया के निर्देश पर शहर के आदर्श बजरंग इंटर कॉलेज में भर्ती प्रक्रिया



आयोजित हुई। प्रधानाचार्य मेजर मिथलेश कुमार पांडेय ने बताया कि शारीरिक दक्षता परीक्षा दौड़, पुश-अप्स, मेडिकल फिटनेस जांच, लिखित परीक्षा सामान्य ज्ञान, एनसीसी संबंधी प्रश्न पूछे गए। साक्षात्कार अनुशासन एवं देश सेवा की भावना की परख की गई। जूनियर डिवीजन 255 यूपी जेडी ट्रूप के लिए 70 छात्रों ने, सीनियर डिवीजन के लिए 127 छात्रों ने प्रतिभाग किया। इस दौरान पूर्व चीफ ऑफिसर मंगल प्रसाद, लेफ्टिनेंट रामप्रसाद, केयरटेकर कमलेश कुमार, सूबेदार राजेंद्र सिंह, हवलदार संदीप सिंह, संजय सिंह मौजूद रहे।

# प्रदेश सरकार की ओर से रक्षाबंधन के मौके महिलाओं को भेंट की मिष्ठान व साड़ी

जिला संवाददाता



**बिजनौर**। रक्षाबंधन के पर्व पर उत्तर प्रदेश सरकार ने लोकमाता अहिल्याबाई मातृशक्ति योजना शुरू की है, जिसके तहत 60 साल और उससे ज्यादा उम्र की महिलाओं को उत्तर प्रदेश स्टेट रोड ट्रांसपोर्ट कॉर्पोरेशन की सभी बसों में जिंदगी भर मुफ्त यात्रा की सुविधा मिलेगी। लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने योजना की शुरूआत की।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि 27, 28 व 29 अगस्त को उत्तर प्रदेश सडक परिवहन निगम की सभी बसों में सभी महिलाओं को निःशुल्क बस यात्रा की सुविधा रहेगी, उसके बाद 60 वर्ष व उससे अधिक की महिलाओं को निःशुल्क बस सेवा उपलब्ध कराई जाएगी। यात्रा के समय उन्हें अपना आधार कार्ड या वोटर आईडी कार्ड ही दिखाना होगा। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम के दौरान महिलाओं को सांकेतिक कार्ड, साडी व मिठाई दी। उन्होंने कहा कि अक्टूबर-नवंबर में प्रदेश की 50 हजार ऐसी युवतियों को जो स्नातक में अध्यनरत है सरकार की तरफ से स्कूटी दी जाएगी। उन्होंने कहा कि महिला की आमदनी बढने से निर्णय लेने की क्षमता भी बढेगी। उन्होंने महिलाओं व युक्त के लिए संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। बिजनौर में नजीबाबाद रोड स्थित सेंट मैरी स्कूल के सभागार में आयोजित कार्यक्रम में लखनऊ में आयोजित मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण किया गया, जिसे उपस्थित जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों व बडी संख्या में मातृशक्ति ने देखा। प्रदेश सरकार में राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) राजनीतिक पेंशन, सैनिक कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल विभाग डॉ सोमेंद्र तोमर ने मुख्यमंत्री का धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में वर्ष 2017 से उत्तर प्रदेश का स्वर्णिम काल प्रारंभ हुआ है। सरकार ने आध्यात्मिक व सांस्कृतिक धरोहरों को संरक्षित रखने का कार्य किया है। महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम प्रारंभ किया है जिससे मातृशक्ति को स्वावलंबी व आत्मनिर्भर बनाने का कार्य किया जा रहा है। कार्यक्रम में प्रदेश सरकार के मंत्री सोमेंद्र तोमर व अन्य जनप्रतिनिधियों ने महिलाओं को प्रदेश सरकार की ओर से रक्षाबंधन के अवसर पर मिष्ठान व साडी भेंट की। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष भूपेंद्र चैधरी, सदर विधायक सूची चैधरी, प्रशासक जिला पंचायत साकेंद्र प्रताप सिंह, नगर पालिका बिजनौर अध्यक्ष इंदिरा सिंह, भाजपा नेता हरजिंदर कौर, जिलाधिकारी जसजीत कौर सहित अन्य अधिकारीगण, जनप्रतिनिधि व बडी संख्या में महिलाएं मौजूद रही।

# आईजीआरएस प्रकरणों में किसी भी स्तर पर डिफाल्टर श्रेणी नहीं आनी चाहिएः डीएम



जिला संवाददाता

**बिजनौर**। जिलाधिकारी जसजीत कौर ने आईजीआरएस के कार्यों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि आईजीआरएस प्रकरणों में किसी भी स्तर पर डिफाल्टर श्रेणी नहीं आनी चाहिए। उन्होंने बताया कि शिकायतकर्ता से शिकायत के निस्तारण के संबंध में संतुष्टि फीडबैक लिया जाता है अतः अधिकारी गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित कराएं।

जिलाधिकारी जसजीत कौर ने कलेक्ट्रेट स्थित महात्मा विदुर सभागार में अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे आईजीआरएस के प्रकरणों को स्वयं देखें और उनका गुणवत्तापूर्ण मूल्यांकन करते हुए समयबद्ध एवं नियमानुसार निस्तारण सुनिश्चित करें।

उन्होंने कहा कि शिकायतकर्ता से वार्ता कर उसकी समस्या को समझें तथा नियमानुसार संभव समाधान कर शिकायतकर्ता को संतुष्ट करें। जिन प्रकरणों का निस्तारण नियमों के अनुसार संभव नहीं है, उनमें शिकायतकर्ता को स्पष्ट रूप से कारणों से अवगत कराया जाए। उन्होंने कहा कि आईजीआरएस प्रकरणों के निस्तारण में केवल औपचारिकता न बरती जाए, बल्कि शिकायतकर्ता की समस्या का वास्तविक समाधान सुनिश्चित किया जाए। सभी अधिकारी लंबित प्रकरणों की नियमित समीक्षा करते हुए समय सीमा के भीतर उनका निस्तारण करें। बैठक के उपरांत जिलाधिकारी ने जिला गंगा समिति, जिला पर्यावरण समिति एवं जिला वृक्षारोपण समिति की बैठक भी की। इस दौरान उन्होंने पूर्व में वृक्षारोपण अभियान के अंतर्गत लगाए गए पौधों की जियो-ट्रैकिंग का कार्य जल्द से जल्द पूर्ण करने के निर्देश संबंधित विभागीय अधिकारियों को दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि वृक्षारोपण अभियान के अंतर्गत लगाए गए पौधों की जियो-ट्रैकिंग से उनकी स्थिति एवं संरक्षण की प्रभावी निगरानी सुनिश्चित की जा सकेगी। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि जियो-ट्रैकिंग कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए और निर्धारित समयसीमा में कार्य पूर्ण किया जाए। बैठक में संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## कहीं भंडारा तो कहीं रुद्राभिषेक व सुंदरकांड का पाठ



**बांदा**। सावन माह में भगवान भोलेनाथ की कृपा पाने को जिलेभर में कार्यक्रम आयोजित हो रहे हैं। बबेरू में भाजपा के मीडिया सह प्रभारी राकेश गुप्त लल्ला ने रुद्राभिषेक कराया। तो समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव युवजन सभा ओमनारायण त्रिपाठी विदित ने अपने कैम्प कार्यालय पुराने आरटीओ ऑफिस के पास भंडारे का आयोजन किया। इसके पूर्व हवन पूजन, सुंदरकांड का पाठ हुआ। इसके बाद आम जन को प्रसाद वितरण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से विधायक विशंभर सिंह यादव, जिला उपाध्यक्ष उमेश यादव, जिला मीडिया प्रभारी प्रवक्ता प्रमोद गुप्ता राजा, अशोक सिंह गौर, आमिर खान मन्नी आदि मौजूद रहे। इसी तरह शहर के पीली कोठी पुल के बगल में स्थित हनुमंत निकेतन में मंगलवार शाम भक्तिमय वातावरण रहा। आयोजक वीरेंद्र गुप्ता ने बताया कि खाटू श्याम सेवा मंडल के तत्वावधान में संगीतमय सुंदरकांड पाठ एवं भजन संध्या, प्रसाद वितरण का कार्यक्रम आयोजन किया गया।

## यूपीएस गर्ल्स कनवारा में स्वास्थ्य जांच परीक्षण शिविर



**बांदा**। प्रभारी चिकित्सा अधिकारी जौरही डॉ. दीपक यादव के निर्देशन में मंगलवार को यूपीएस गर्ल्स कनवारा, विकासखंड बड़ोखरखुर्द में छात्राओं के स्वास्थ्य परीक्षण एवं ब्लड ग्रुप जांच के लिए स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में डॉ. एसपी. सिंह एवं फिजियोथेरेपिस्ट मोहम्मद शरीफ ने छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया। साथ ही लैब टेक्नीशियन अभिषेक खरे एवं लैब टेक्नीशियन सचिन ने छात्राओं के ब्लड ग्रुप की जांच की। डॉ. एसपी सिंह ने छात्राओं को दांतों की उचित देखभाल, नियमित ब्रश करने, मौखिक स्वच्छता बनाए रखने तथा दांतों को स्वस्थ रखने के उपायों की जानकारी दी। फिजियोथेरेपिस्ट मोहम्मद शरीफ ने छात्राओं को शारीरिक स्वास्थ्य, फिटनेस एवं स्वस्थ रहने के तरीके बताए। विद्यालय के प्रधानाध्यापक अशुतोष त्रिपाठी आदि ने सहयोग किया।

## फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता सुन एसपी कृष्ण विश्नोई ने दिया न्याय का भरोसा



**बिजनौर**। नवागत तेजतर्रार पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई ने बुधवार को अपने कार्यालय में जनसुनवाई कर लोगों की समस्याओं को सुना। एसपी कृष्ण कुमार विश्नोई ने फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुनकर शीघ्र निस्तारण के लिए संबन्धित थाना पुलिस को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। नवागत तेजतर्रार पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई ने बुधवार को अपने कार्यालय पर जनसुनवाई के दौरान जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों से अपनी फरियाद लेकर पहुंचे फरियादियों की शिकायतों को गंभीरता से सुना। पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई ने समस्त शिकायती पत्रों पर उचित कार्यवाही के लिए संबन्धित थाना पुलिस को आदेश दिया। पुलिस अधीक्षक कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार बुधवार को जनवद के विभिन्न थाना क्षेत्रों से आए फरियादियों की ओर से 30 शिकायतें दर्ज की गई। निर्धारित समय में गुणवत्ता परक शिकायत के निस्तारण के लिए संबन्धित थाना पुलिस को स्पष्ट निर्देश जारी किए गए है। पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई ने जनपद के सभी थाना प्रभारियों को पीडितों के साथ अच्छा व्यवहार व अपराध पर अंकुश लगाने के लिए सख्त आदेश दिये है। पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई की जनपद के समस्त पुलिसकर्मियों को चेतावनी है कि जिस क्षेत्र में भी पीडितों की सुनवाई नही होगी और अपराध का ग्राफ बढेगा उस क्षेत्र के थाना प्रभारी सहित किसी भी लापरवाह पुलिसकर्मी को बख्शा नही जायेगा।

# ईद मिलादुन्नबी पर हुआ भव्य स्वागत





**फतेहपुर**। अंजुमन कमेटियों को शील्ड देकर किया सम्मानित) आज जश्ने ईद मिलादुन्नबी के अवसर पर बाकर गंज में कांग्रेस पार्टी द्वारा एक स्टाल लगा कर झण्डे में चलने वाले भी धर्मावलम्बियों को जलपान कराते हुए उनका स्वागत किया इसी के साथ जुलूस में चल रहे सभी अंजुमन कमेटियों को शील्ड भी दी गई।

स्टाल में मौजूद जिला अध्यक्ष महेश द्विवेदी ने कहा कि जब कोई पर्व आपसी सौहाद्र के साथ मनाया जाता है तभी वह एक खुशनुमा माहौल तैयार करता है और उन्नति के रास्ते खुलते हैं। शहर अध्यक्ष आरिफ गुड्डा ने कि हमारा देश शुरू से आपसी तालमेल की मिशाल रहा है जिसका परिणाम रहा कि पूरा विश्व सर झुका के सम्मान करता रहा है उन्होंने आगे कहा कि आज इस महान पर्व में वह हुजूर सल्लल्लाहो त आला अलैह वसल्लम से यही दुवा करते हैं हैं कि हमारा देश विश्व में पहले पायदान पर हो। कार्यक्रम में वरिष्ठ नेता सुधाकर अवस्थी, प्रवक्ता ई०देवी प्रकाश दुबे, आदित्य श्रीवास्तव, निजाम उद्दीन, राम नरेश महराज, सैयद सहाब अली, शकीला बानो, इशरत जहां, अरुण जायसवाल, नजमी कमर, वकील खान, राजू भाई, फजलुर रहमान असलम, ताज उद्दीन, मो.हफीज, नसीम अंसारी, सूफियान अंसारी, इमरान सिद्दीकी, हम्माद हुसैन आदि कांग्रेसी जन उपस्थित रहे। वहीं जहानाबाद अध्यक्ष आबिद हसन ने जश्ने ईद मिला दुन्नबी के अवसर पर बशीर परिसर के सामने अपना स्टाल लगाकर झंडे में चलने वाले सभी धर्मावलंबियों को माला एवं शील्ड देकर उनका सम्मान किया वहीं सपा के नेता मंजर यार ने जुलूस ए मोहम्मदी के लोगों का फूल माला पहनकर स्वागत किया वही बसपा नेता असलम शेर खाँ एवं मो.आरिश सिद्दीकी मोहम्मद अयूब एड.जियाउल हसन खान एड.वजाहत हुसैन एड.सुलेमान खान एड.ममनून अहमद एड.सैयद मोहम्मद आसिफ एड.मोहम्मद शरीफ एड.मोहम्मद रिजवान डियर एड.वसीम खान एड.राशिद सिद्दीकी मंसूर अहमद सिद्दीकी नजमी कमर फैसल अब्बास मोहम्मद आफताब शाहिद ने जश्ने ईद मिलादुन नबी की दिल्ली मुबारकबाद सभी को दी इसी क्रम में मोहम्मद आसिफ खान ने मोहम्मदी जुलूस में आए हुए सभी लोगों को लस्सी एवं शरबत का वितरण किया।

## एसपी ने सुनी शिकायतें



**बहराइच**। पुलिस अधीक्षक श्री विश्वजीत श्रीवास्तव द्वारा *जनता दर्शन* में आये फरियादियों की समस्याएं/शिकायतों को सुना गया। जनसुनवाई के दौरान प्राप्त शिकायतों/प्रार्थना पत्रों के सम्बध में सम्बन्धित अधिकारियों/थाना प्रभारियों को शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण जाँच कर निस्तारित करने हेतु आदेशित किया गया। जनसुनवाई के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक नगर श्री आयुष विक्रम सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण श्री दुर्गा प्रसाद तिवारी उपस्थित रहें।

## खाद्य टीम दो दिन से कर रही प्रतिष्ठानों की जांच



**बांदा**। रक्षाबंधन त्योहार को देखते हुए मिलावटी और दूषित खाद्य पदार्थों की बिक्री रोकने के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान में खाद्य विभाग की टीम ने कई प्रतिष्ठानों की जांच की। कार्रवाई के दौरान संदिग्ध डोडा बर्फी करीब 20 किलोग्राम नष्ट कराई। खुले सरसों के तेल के सात टीन सीज कर दिए गए। इसके साथ ही खोया भी नष्ट कराया गया। बुधवार को खाद्य सचल दल ने सहायक आयुक्त (खाद्य)-द्वितीय के नेतृत्व में अभियान चलाया। शहर के अशोक लाट तिराहा कचहरी के पास एक पिकअप वाहन में मिठाई बिक्री करते हुए व्यक्ति को जांच के लिए रोका गया। पूछताछ में उसने बताया कि मिठाई महोतरा रोड, आजाद नगर अतर्रा स्थित राजू बघेल के निर्माण प्रतिष्ठान से लाई गई है। मौके पर प्रतिष्ठान का खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) पंजीकरण भी दिखाया गया। निरीक्षण के दौरान डोडा बर्फी और दूध बर्फी के नमूने लिए गए। डोडा बर्फी खाने पर प्रथम दृष्टया ठीक नहीं लगी, जिसके चलते करीब 20 किलोग्राम डोडा बर्फी मौके पर ही नष्ट करा दी गई। इसके बाद टीम ने अवंती नगर स्थित आरोहना एक्सप्रेस प्राइवेट लिमिटेड के भंडार गृह का निरीक्षण किया। यहां खुले सरसों के तेल का नमूना संग्रहित किया। कार्रवाई के दौरान खुले तेल के सात टीन, कुल करीब 103 किलोग्राम, जिनका अनुमानित मूल्य 18,540 रुपये बताया गया सीज कर दिया। बीते दिवस शहर के कैंथी बाजार खोया मंडी से जब्त किए गए 20 किलोग्राम खोये को भी नष्ट कराया गया।

# मेडिकल कॉलेज बहराइच ने हासिल की एक और बड़ी उपलब्धि

## मण्डल में पहली बार दूरबीन विधि से कंधे के जोड़ की बैंकर्ट रिपेयर सर्जरी सफल



**बहराइच**। महाराजा सुहेलदेव स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय एवं महर्षि बालार्क चिकित्सालय, बहराइच ने चिकित्सा के क्षेत्र में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। अस्थि रोग (हड्डी रोग) विभाग द्वारा मण्डल में पहली बार अत्याधुनिक दूरबीन विधि (शोल्डर आर्थ्रोस्कोपी) के माध्यम से कंधे के जोड़ की बैंकर्ट रिपेयर सर्जरी सफलतापूर्वक की गई। लंबे समय से कंधे के जोड़ की गंभीर समस्या से पीड़ित 38 वर्षीय एक मरीज का आधुनिक आर्थ्रोस्कोपिक तकनीक द्वारा सफल ऑपरेशन किया गया। मरीज के नाम एवं अन्य व्यक्तिगत विवरण गोपनीयता की दृष्टि से सार्वजनिक नहीं किए जा रहे हैं।

अस्थि रोग विभाग के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. (प्रो.) मिथिलेश कुमार ने बताया कि मरीज कंधे के जोड़ की बैंकर्ट चोट से ग्रसित था। इस प्रकार की चोट में कंधे का जोड़ बार-बार अपनी जगह से खिसकने अथवा अस्थिर होने की समस्या उत्पन्न हो सकती है। मरीज की स्थिति को देखते हुए अत्याधुनिक शोल्डर आर्थ्रोस्कोपी तकनीक के माध्यम से बैंकर्ट रिपेयर सर्जरी की गई। उन्होंने बताया कि दूरबीन विधि से की जाने वाली इस सर्जरी में छोटे-छोटे छिद्रों के माध्यम से कैमरा एवं विशेष उपकरणों का उपयोग कर कंधे के जोड़ के अंदर की चोट का उपचार किया जाता है। यह आधुनिक तकनीक मरीजों को बेहतर एवं उन्नत उपचार सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस जटिल एवं सफल ऑपरेशन में डॉ. (प्रो.) मिथिलेश कुमार के साथ अस्थि रोग विभाग की टीम एवं अन्य सहयोगी स्वास्थ्यकर्मियों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। एनेस्थीसिया विभाग की ओर से डॉ. आशीष ने ऑपरेशन के दौरान आवश्यक सहयोग प्रदान किया। ऑपरेशन के उपरांत मरीज की स्थिति में लगातार सुधार हो रहा है। मेडिकल कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. (प्रो.) संजय खत्री ने इस महत्वपूर्ण उपलब्धि पर अस्थि रोग विभाग एवं ऑपरेशन टीम को बधाई देते हुए कहा कि मेडिकल कॉलेज बहराइच निरंतर अत्याधुनिक चिकित्सा सुविधाओं का विस्तार कर रहा है। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी इस प्रकार की जटिल एवं आधुनिक सर्जरियां मेडिकल कॉलेज में उपलब्ध कराने का प्रयास किया जाएगा, ताकि बहराइच एवं आसपास के जिलों के मरीजों को बेहतर से बेहतर और उच्चस्तरीय चिकित्सा सुविधाएं स्थानीय स्तर पर प्राप्त हो सकें। यह सफलता महाराजा सुहेलदेव स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, बहराइच के लिए एक और गौरवपूर्ण उपलब्धि है तथा क्षेत्र में उन्नत आर्थ्रोस्कोपिक एवं अस्थि रोग चिकित्सा सेवाओं के विस्तार की दिशा में महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगी।

## नदी में बहे पांच जंगली हाथी, वन और सिंचाई विभाग ने बचाया

बहराइच। बहराइच स्थित कतर्नियाघाट वन क्षेत्र में मंगलवार को कौड़ियाला नदी के तेज बहाव में बहकर गिरजापुरी बैराज की ओर जा रहे पांच जंगली हाथियों को वन एवं सिंचाई विभाग की तत्परता से बचा लिया गया। झुंड में तीन वयस्क हाथी और उनके दो बच्चे शामिल थे। प्रभागीय वन अधिकारी अपूर्व दीक्षित ने संवाददाताओं से बताया कि मंगलवार पूर्वाह्न करीब 10 बजकर 20 मिनट पर कैलाशपुरी बैरियर के माध्यम से कतर्नियाघाट रेंज मुख्यालय को सूचना मिली कि तेज धारा कुछ हाथियों को बैराज की ओर बहा ले जा रही है और विशेष रूप से हाथियों के दो बच्चे तेज बहाव में नियंत्रण खो रहे थे जबकि वयस्क हाथी भी उन्हें बचाने के प्रयास में उनके साथ बह रहे थे।

उन्होंने बताया कि सूचना मिलते ही कतर्नियाघाट के रेंज अधिकारी टीम के साथ गिरजापुरी बैराज पहुंचे और सिंचाई विभाग से तत्काल मदद मांगी, जिसने बैराज का फाटक बंद कर नदी के बहाव की गति कम कर दी और इसके बाद वयस्क हाथियों ने दोनों बच्चों को संभालकर सुरक्षित दिशा में पहुंचाया।

इसके बाद वन कर्मियों ने शोर मचाया, जिससे पांचों हाथी सुरक्षित जंगल में चले गए। वन्यजीव विशेषज्ञ वरिष्ठ आईएफएस अधिकारी डा. रमेश पांडेय ने एक्स पर पोस्ट कर वन एवं सिंचाई विभाग की त्वरित कार्वाई की सराहना की। उन्होंने कहा कि दोनों विभागों के बीच समय पर समन्वय और रेंज स्टाफ की तत्परता से एक बड़ी वन्यजीव त्रासदी टल गई।

संक्षेप

## आपके पीने के पानी को 7 तरीकों से प्रभावित कर सकता है मानसून

नई दिल्ली। मानसून गर्मी से बहुत जरूरी राहत लेकर आता है, लेकिन यह पानी के दूषित होने के लिए अनुकूल परिस्थितियां भी पैदा करता है पानी देखने में साफ हो सकता है, फिर भी उसमें ऐसे दूषित पदार्थ जिन्हें नंगी आंखों से नहीं देखा जा सकता विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, दूषित पेयजल आज भी हैजा, पेचिश, टाइफाइड, हेपेटाइटिस ए और डायरिया जैसी जलजनित बीमारियों का एक प्रमुख कारण है। यूरेका फोर्ब्स के चीफ वॉटर साइंटिस्ट के अनुसार, मानसून के दौरान स्त्रोत के पानी की गुणवत्ता में काफी बदलाव हो सकता है।यूरेका फोर्ब्स के चीफ वॉटर साइंटिस्ट बताते हैं कि मानसून आपके पीने के पानी को किस तरह सात तरीकों से प्रभावित कर सकता है और हर घर सुरक्षित रहने के लिए क्या कर सकता है।भारी बारिश के दौरान बाढ़ और नालियों के ओवरफ्लो होने से पुराने या क्षतिग्रस्त पाइपों के जरिए प्रदूषक जल आपूर्ति प्रणालियों तक पहुंचने की संभावना बढ़ सकती है। इससे पीने का पानी बैक्टीरिया, वायरस और अन्य दूषित पदार्थों से प्रभावित हो सकता है।खासकर भारी बारिश के दौरान यह सुनिश्चित करें कि आपके पीने के पानी को उपयुक्त जल शुद्धिकरण प्रणाली से शुद्ध किया जाए।केवल इसलिए पानी को सुरक्षित मान लेना कि वह देखने में साफ है, सबसे आम गलतफहमियों में से एक है।

## युवा पीढ़ी के लिए साफी को नये अंदाज में पेश कर रहा है हमदर्द

नई दिल्ली। हमदर्द लेबोरेटरीज अपने प्रतिष्ठित साफी ब्रांड को युवा उपभोक्ताओं तक पहुंचाने के लिए एक नए एकीकृत मार्केटिंग अभियान की शुरूआत कर रहा है, जिसमें डिजिटल, आउटडोर और क्रिएटर-आधारित एंगेजमेंट को शामिल किया गया है। यह पहल ऐसे समय में सामने आई है जब जेन जेड और मिलेनियल्स स्किनकेयर और वेलनेस प्रोडक्ट्स के बारे में सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स, क्रिएटर्स और ऑनलाइन कम्युनिटीज के माध्यम से तेजी से जानकारी हासिल कर रहे हैं। अंदर से बेहतर स्वास्थ्य, बाहर से बेहतर आत्मविश्वास की सोच के साथ यह पहल साफी को स्किनकेयर, सेल्फ-केयर और स्किन कॉन्फिडेंस से जुड़ी समकालीन चर्चाओं का हिस्सा बनाने पर केंद्रित है।इस पहल के केंद्र में साफी सिरप है, जिसके स्थापित प्रोडक्ट प्रपोजिशन को युवा उपभोक्ताओं के लिए नए और समकालीन कहानी कहने के तरीकों तथा एंगेजमेंट फॉर्मेट्स के माध्यम से प्रस्तुत किया जा रहा है। इस संवाद को आगे बढ़ाते हुए साफी ने अमेजन एमएक्स प्लेयर के वे गोट यू गर्ल के साथ साझेदारी की है और शो के नेचुरल ग्लो पार्टनर के रूप में जुड़ा है। 18 अगस्त से प्रीमियर हुए इस 15-एपिसोड शो में चुनिंदा एपिसोड्स के दौरान साफी को कहानी के संदर्भ में इंटीग्रेट किया जाएगा।

## अवाडा इलेक्ट्रो ने आईपीओ के लिए सेबी के पास दाखिल किया यूडीआरएचपी

नई दिल्ली। अवाडा इलेक्ट्रो लिमिटेड ने रुपये 7,600 करोड़ के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) के पास अपना अपडेटेड ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (यूडीआरएचपी) दाखिल किया है। 31 जुलाई 2026 तक परिचालन में मौजूद सौर सेल और सौर मॉड्यूल क्षमता के आधार पर अवाडा इलेक्ट्रो भारत की प्रमुख वर्टिकली इंटीग्रेटेड यानी एकीकृत सौर फोटोवोल्टिक निर्माता कंपनियों में शामिल है। कंपनी के प्रस्तावित आईपीओ में रुपये 1,600 करोड़ तक के नए इक्विटी शेयर जारी करना और रुपये 6,000 करोड़ तक का ऑफर फॉर सेल (ओएफएस) शामिल है।

## भारत में एयरबीएनबी पर जेन जी होस्टिंग में करीब 40 फीसद की बढ़ोत्तरी

नई दिल्ली। भारत के जेन जी युवा सिर्फ अलग अंदाज में यात्रा ही नहीं कर रहे, बल्कि एयरबीएनबी पर होस्ट बनकर अपने घरों के दरवाजे भी दुनिया के लिए खोल रहे हैं। एयरबीएनबी के नवीनतम आंकड़े बताते हैं कि 2026 की पहली छमाही में भारत में जेन जी होस्ट्स की संख्या सालाना आधार पर करीब 40प्रतिशत बढ़ी है।इस दौरान एयरबीएनबी से जुड़ने वाले नए भारतीय होस्ट्स में लगभग पांच में से दो की उम्र 18 से 29 वर्ष के बीच रही।यह इस बात संकेत है कि भारत में युवाओं का एक नया वर्ग तेजी से होस्टिंग की ओर कदम बढ़ा रहा है। इस साल की शुरूआत में एयरबीएनबी की नेवर द सेम रिपोर्ट में सामने आया था कि भारत में जेन जी युवाओं ने देश में यात्रा करने के तरीके को काफी हद तक बदलकर रख दिया है। अब नए आंकड़े बताते हैं कि यही पीढ़ी यात्रा के अनुभव के दूसरे छोर पर भी तेजी से आगे बढ़ रही है।

# सेंसेक्स में 183 अंकों की गिरावट



मुंबई। रिलायंस इंडस्ट्रीज और सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) कंपनियों के शेयरों में बिकवाली से घरेलू शेयर बाजार बुधवार को अपनी बढ़त को बरकरार नहीं रख पाये और दोनों मानक सूचकांक गिरावट के साथ बंद हुए।

बीएसई सेंसेक्स 183 अंक टूटा जबकि एनएसई निफ्टी 127 अंक के नुकसान में रहा। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 183.15 अंक यानी 0.24 प्रतिशत टूटकर 77,472.94 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह ऊंचे में 77,986.84 अंक तक गया और नीचे में 77,472.94 अंक तक आया।यानी कारोबार के दौरान इसमें 513.9 अंक का उतार-चढ़ाव रहा।इसी प्रकार, 50 शेयरों पर आधारित एनएसई निफ्टी 126.80 अंक यानी 0.52 प्रतिशत टूटकर 24,207.75 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स की कंपनियों में इन्फोसिस, भारती एयरटेल, लार्सन एंड टुब्रो, पावर ग्रिड, टेक महिंद्रा, एनटीपीसी, महिंद्रा एंड महिंद्रा और रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयरों में प्रमुख रूप से गिरावट रही।दूसरी तरफ, लाभ में रहने वाले शेयरों में कोटक महिंद्रा बैंक, अल्ट्राटेक सीमेंट, एक्सिस बैंक और टाटा स्टील शामिल हैं। भारतीय शेयर बाजार बुधवार को मामूली गिरावट के साथ बंद हुए। शुरुआती बढ़त के बाद निवेशकों ने मुनाफावसूली की।सूचना प्रौद्योगिकी, एफएमसीजी (दैनिक उपयोग का सामान बनाने वाली कंपनियों), वाहन और टिकाऊउपभोक्ता सामान कंपनियों के शेयरों में गिरावट ने कच्चे तेल की कीमतों में नरमी और वैश्विक बाजारों के सकारात्मक रुख से मिले समर्थन को बेअसर कर दिया। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 2.96 प्रतिशत टूटकर 85.96 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया। भारतीय शेयर बाजारों में मिला-जुला रुख रहा। निफ्टी ने शुरुआती बढ़त गंवा दी और गिरावट के साथ बंद हुआ, जबकि निजी और सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में अच्छी लिवाली से बैंक निफ्टी ने बेहतर प्रदर्शन किया। छोटी कंपनियों का बीएसई स्मॉलकैप सेलेक्ट सूचकांक 0.58 प्रतिशत चढ़ा जबकि मझोली कंपनियों से जुड़ा मिडकैप सेलेक्ट 0.22 प्रतिशत के लाभ में रहा। बीएसई क्षेत्रवार सूचकांकों में दूरसंचार 1.35 प्रतिशत, आईटी 1.05 प्रतिशत, फोकस्ड आईटी 0.91 प्रतिशत, जन केंद्रित सेवा 0.65 प्रतिशत, बिजली 0.57 प्रतिशत और रियल्टी 0.50 प्रतिशत नुकसान में रहे। वहीं धातु सूचकांक 1.38 प्रतिशत और जिंस 1.37 प्रतिशत लाभ में रहे। शीर्ष 10 बैंक सूचकांक 0.55 प्रतिशत, मिड-स्मॉल प्राइवेट बैंक क्वालिटी टिल्ट 0.48 प्रतिशत और हाउसिंग फाइनेंस सूचकांक 0.43 प्रतिशत चढ़ा। एफआईआई ने मंगलवार को 1,593.53 करोड़ रुपये मूल्य के शेयर खरीदे।

# सोने 600 रुपये टूटा और चांदी 500 रुपये मजबूत



नयी दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में बुधवार को सोने की कीमतों में 600 रुपये की गिरावट आई और यह 1,66,500 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। इससे अंतरराष्ट्रीय बाज़ार में कमजोर रुख के बीच सोने में चार दिन से जारी तेज़ी का सिलसिला थम गया। 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत पिछले सत्र में 1,67,100 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी।

हालांकि, अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, चांदी में मामूली सुधार हुआ और यह मंगलवार के 2.5 लाख रुपये प्रति किलोग्राम के बंद भाव से 500 रुपये बढ़कर 2,50,500 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) पर पहुंच गई। निवेश मंच मुद्रेक्स के लीड क्वांट विश्लेषक अक्षत सिद्धांत ने कहा, घरेलू बाज़ार में सोने की कीमतों में नरमी आई है क्योंकि कई सप्ताह की जबर्दस्त तेजी के बाद व्यापारियों ने मुनाफावसूली की। उन्होंने कीमती धातु की कीमतों में गिरावट का कारण अमेरिकी व्यक्तिगत उपभोग खर्च (पीसीई) महंगाई रिपोर्ट से पहले डॉलर का मजबूत होना बताया। वैश्विक बाजार में हाजिर सोना 39.66 डॉलर यानी लगभग एक प्रतिशत गिरकर 4,619.21 डॉलर प्रति औंस रह गया, जबकि चांदी मामूली नुकसान के साथ 68.50 डॉलर प्रति औंस रह गई।महंगाई और मौद्रिक नीति को लेकर अमेरिकी फेडरल रिज़र्व के रुख का कोई भी संकेत डॉलर, बॉन्ड प्रतिफल और कीमती धातुओं पर असर डाल सकता है।

# भारत के 26 बाजारों में चावल निर्यात में वृद्धि

नयी दिल्ली। भारत के प्राथमिकता वाले 26 बाजारों में चावल का निर्यात 2025 के भारत अंतरराष्ट्रीय चावल सम्मेलन (बीआईआरसी) के बाद के पांच महीनों में पिछले तीन वर्ष के औसत से अधिक रहा। इससे संकेत मिलता है कि स्थानीय खान-पान के अनुरूप भारतीय चावल की किस्मों को बढ़ावा देने की रणनीति से विदेशों में मांग के विविधीकरण में मदद मिल सकती है। भारतीय चावल निर्यातक महासंघ (आईआरईएफ) द्वारा वाणिज्यिक आसूचना एवं सांख्यिकी महानिदेशालय के आंकड़ों के विश्लेषण के अनुसार, नवंबर 2025 से मार्च 2026 के बीच 26 बाजारों को मिलाकर चावल का निर्यात 23,476 करोड़ रुपये और 47.9 लाख टन रहा। इसमें बासमती और गैर-बासमती दोनों तरह के चावल शामिल हैं।

निर्यात मूल्य पिछले तीन वर्ष में नवंबर-मार्च की इसी अवधि के औसत से 1.1 प्रतिशत अधिक रहा, जबकि इसकी मात्रा 5.6 प्रतिशत अधिक रही। इन 26 बाजारों में से 11 में मूल्य एवं मात्रा दोनों के लिहाज से सालाना आधार पर वृद्धि दर्ज की गई। ये नतीजे ऐसे समय आए हैं जब भारत घरेलू स्तर पर चावल की पर्याप्त उपलब्धता के बीच अपने निर्यात आधार को व्यापक बनाने की कोशिश कर रहा है। ऐसे में जोर अधिक चावल के लिए बाजार तलाशने के बजाय ऐसी विशिष्ट किस्मों की पहचान पर है।

# देश में 2011 से खुले खाद्य तेल की बिक्री पर रोक है : एफडीए आयुक्त मुंढे

मुंबई। महाराष्ट्र खाद्य एवं औषधि प्रशासन (एफडीए) के आयुक्त तुकाराम मुंढ़े ने बुधवार को कहा कि देश में 2011 से खुले खाद्य तेल की बिक्री पर रोक लगी हुई है और इस नियम को लागू करने के लिए उनके विभाग ने जो कार्वाई की है, उसका मकसद किसी खास समुदाय को निशाना बनाना नहीं है।

उन्होंने कहा कि मंगलवार को एफडीए का एक बयान जारी किया गया था जिसमें साफ किया गया था कि यह रोक कई साल से लागू है, लेकिन उस बयान को वापस ले लिया गया क्योंकि विभाग राज्य सरकार के नये दिशानिर्देश का इंतजार कर रहा था। मुंबई प्रेस क्लब के मीट द प्रेस कार्यक्रम में मुंढ़े ने कहा कि खुले तेल की बिक्री के खिलाफ कार्वाई का मकसद मिलावट रोकना था। उन्होंने बताया कि महाराष्ट्र में पहले भी एक मामला सामने आया था जिसमें तेल के एक नमूने में आर्सेनिक मिला था। इससे पहले सोमवार को महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा था कि एफडीए से कहा जाएगा कि वह खाद्य तेल में मिलावट रोकने के लिए मानक परिचालन प्रकिया (एसओपी) बनाए, ताकि पारंपरिक तेल व्यापारियों और छोटे खुदरा कारोबारियों का कारोबार प्रभावित न हो। मुंढ़े ने कहा कि यह रोक उनके द्वारा हाल ही में जारी किया गया कोई आदेश नहीं है, बल्कि वर्ष 2011 में लागू हुए नियमों के तहत एक जरूरी शर्त है। मंगलवार को जारी एफडीए की प्रेस विज्ञप्ति को वापस लेने के कारणों के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, राज्य सरकार से कुछ और दिशानिर्देश आने वाली हैं।

हम उनका इंतजार कर रहे हैं। इसलिए हमने कल अपना नोटिस वापस ले लिया। जब दिशानिर्देश सार्वजनिक हो जाएंगे, तो हम अपने आदेश में बदलाव करेंगे।

# मुंबई में टैक्सी, तिपहिया का किराया बढ़ा, एक से लागू

मुंबई। मुंबई में सीएनजी से चलने वाली काली-पीली टैक्सी और तिपहिया से यात्रा करना एक सितंबर से महंगा हो जाएगा। परिवहन प्राधिकरण ने बुधवार को किराये में संशोधन का आदेश जारी किया। क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय (आरटीओ) के एक अधिकारी ने कहा कि मुंबई महानगर क्षेत्र परिवहन प्राधिकरण ने टैक्सी के किराये में दो रुपये और तिपहिया के किराये में एक रुपये की बढ़ोतरी को मंजूरी दे दी। उन्होंने कहा कि टैक्सी में शुरू के 1.5 किलोमीटर की यात्रा करने का न्यूनतम किराया 31 रुपये से बढ़कर 33 रुपये हो जाएगा। वहीं, तिपहिया का न्यूनतम किराया 26 रुपये से बढ़कर 27 रुपये होगा। महाराष्ट्र के परिवहन सचिव की अध्यक्षता में हुई एमएमआरटीए की बैठक के दौरान चार सदस्यीय खटुआ समिति से मिले सुझाव के आधार पर पिछले बृहस्पतिवार को इस प्रस्ताव को मंजूरी दी गई थी। बैठक के ब्योरे को बुधवार को अंतिम रूप दिया गया। संशोधन के बाद टैक्सी का प्रति किलोमीटर किराया 20.66 रुपये से बढ़कर 21.90 रुपये हो जाएगा। इसी तरह तिपहिया का प्रति किलोमीटर किराया 17.14 रुपये से बढ़कर 18.22 रुपये किया गया है। इलेक्ट्रॉनिक मीटर को नयी दरों के अनुसार समायोजित कराने के बाद ही नया किराया वसूल किया जा सकेगा।

# भारत सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था



वॉशिंगटन। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कनाडा की संस्थाओं से निवेश का आह्वान करते हुए कहा कि भारत आज दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था है और यहां व्यापक अवसर, निरंतर वृद्धि, युवा आबादी, बढ़ती खपत तथा तेजी से विकसित हो रहे पूंजी बाजारों का अनूठा संयोजन निवेश के मजबूत अवसर प्रदान करता है।

टोरंटो में भारतीय कारोबारी समुदाय के प्रमुख सदस्यों को संबोधित करते हुए सीतारमण ने कहा, दीर्घकालिक नजरिया रखने वाले कनाडा के निवेशकों के लिए भारत व्यापक अवसर, निरंतर वृद्धि, युवा आबादी, बढ़ती खपत और तेजी से विकसित होते पूंजी बाजार जैसे संयोजन पेश करता है, जिसकी बराबरी करना मुश्किल है। उन्होंने कहा कि भारत में बदलाव संरचनात्मक है, जो तेजी से हो रहे शहरीकरण, बढ़ते मध्यम वर्ग और विश्वस्तरीय डिजिटल बुनियादी ढांचे से प्रेरित है। इससे अर्थव्यवस्था के लगभग हर क्षेत्र में नए अवसर उत्पन्न हो रहे हैं। वित्त मंत्री ने वित्तीय एवं वाणिज्यिक सेवाओं तक पहुंच में बदलाव लाने में भारत की डिजिटल प्रणाली की भूमिका को भी रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि देश के डिजिटल बुनियादी ढांचे ने वित्तीय एवं वाणिज्यिक सेवाओं तक पहुंच की लागत को काफी कम किया है और उनकी पहुंच का दायरा बढ़ाया है। सीतारमण ने कहा कि लेनदेन की मात्रा के लिहाज से यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) दुनिया की सबसे बड़ी वास्तविक-समय भुगतान प्रणाली है और यह वित्तीय समावेश, दक्षता तथा नवाचार का महत्वपूर्ण माध्यम बन गया है। वित्त मंत्री ने कहा कि भारत में कनाडा के बैंकों, वित्तीय प्रौद्योगिकी कंपनियों और नियामकों के साथ न केवल भुगतान के क्षेत्र में बल्कि अगली पीढ़ी के डिजिटल वित्तीय बुनियादी ढांचे को आकार देने में भी सहयोग के महत्वपूर्ण अवसर मौजूद हैं। भारत-कनाडा आर्थिक साझेदारी के बढ़ते महत्व का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि कनाडा में भारतीय प्रवासी दोनों देशों के बीच एक रणनीतिक सेतु हैं। उन्होंने कहा कि यह ऐसा समुदाय है, जो कनाडा की कंपनियों के निदेशक मंडलों, बे स्ट्रीट के कारोबार केंद्रों और पेंशन कोषों की जोखिम समितियों में मौजूद है। सीतारमण ने कहा कि भारत-कनाडा द्विपक्षीय संबंधों में हाल के समय में उल्लेखनीय बदलाव आया है। यह साझा लोकतांत्रिक एवं बहुलतावादी मूल्यों, बढ़ते आर्थिक जुड़ाव, उच्चस्तरीय संवाद और मजबूत जन-जन संबंधों से समर्थित है। उन्होंने जून 2025 में जी-7 शिखर सम्मेलन के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और कनाडा के उनके समकक्ष मार्क कार्नी के बीच द्विपक्षीय संबंधों को नए सिरे से मजबूत करने को लेकर बनी सहमति का जिक्र करते हुए कहा कि दोनों देशों ने भविष्य-केंद्रित रणनीतिक साझेदारी को लेकर अपनी प्रतिबद्धता दोहराई है।

# जी20 व्यापार मंत्रियों की बैठक के लिए सितंबर में अमेरिका जायेंगे गोयल



नयी दिल्ली। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल सितंबर के अंत में अमेरिका जाएंगे। वहां वह विस्कॉन्सिन राज्य के मिलवॉकी शहर में जी20 व्यापार मंत्रियों की बैठक में हिस्सा लेने के साथ अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि (यूएसटीआर) जैमीसन ग्रीर के साथ द्विपक्षीय वार्ता करेंगे। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।

दो दिवसीय मंत्रिस्तरीय बैठक 30 सितंबर को शुरू होगी। अमेरिका 2026 में जी20 की अध्यक्षता कर रहा है। गोयल के मंत्रिस्तरीय बैठक के अलावा अपने समकक्षों के साथ द्विपक्षीय बैठक करने की भी संभावना है। इन बैठकों में द्विपक्षीय व्यापार और निवेश बढ़ाने के उपायों पर चर्चा होगी। अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि ग्रीर ने मई में एक बयान में कहा था कि इस साल होने वाली जी20 व्यापार मंत्रियों की बैठक में वह अपने समकक्षों के साथ कई मुद्दों पर चर्चा की अगुवाई करेंगे। इनमें बंधुआ श्रम को समाप्त करना, सर्वाधिक तरजीही राष्ट्र (एमएफएन) सिद्धांत को अद्यतन करना, खाद्य व्यापार को एक हथियार के रूप में उपयोग करने की निंदा करना तथा संरचनात्मक अतिरिक्त क्षमता और उत्पादन से निपटना शामिल हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप 14-15 दिसंबर को फ्लोरिडा के मियामी स्थित ट्रंप नेशनल डोरल में जी20 शिखर सम्मेलन की मेजबानी करेंगे। जी20 देशों का का समूह एक अंतरराष्ट्रीय मंच है, जिसमें दुनिया की प्रमुख विकसित और उभरती अर्थव्यवस्थाएं आर्थिक नीतियों पर चर्चा और समन्वय के लिए शामिल होती हैं। जी20 के सदस्य देश वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का करीब 85 प्रतिशत और दुनिया की दो-तिहाई आबादी का प्रतिनिधित्व करते हैं। इसके सदस्यों में अर्जेंटीना, ऑस्ट्रेलिया, ब्राजील, कनाडा, चीन, फ्रांस, जर्मनी, भारत, इंडोनेशिया, इटली, जापान, मेक्सिको और रूस शामिल हैं।

## पेज एक का शेष

### नेपाल में

उपाय अपनाने को कहा। जल विज्ञान एवं मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार, बुधवार को आई बाढ़ रसुवा में हुई बारिश के कारण नहीं आई। विभाग के सूचना अधिकारी दिनकर कायस्थ के अनुसार, ऐसा प्रतीत नहीं होता कि रसुवा में हुई भारी बारिश के कारण बाढ़ आई। उन्होंने कहा कि संभवतः यह किसी नए हिमनद के बनने या पुराने ग्लेशियर के फटने के कारण आई हो। हम अभी इस मामले का अध्ययन कर रहे हैं, इसलिए वास्तविक कारण अभी पता नहीं चला है। उन्होंने कहा कि तिब्बत की ओर से बाढ़ का खतरा अभी टला नहीं है, इसलिए हमें सतर्क रहने की जरूरत है।

द हिमालयन टाइम्स के अनुसार, अचानक जलस्तर बढ़ने के कारणों का पता लगाने के लिए जांच जारी है। अधिकारी यह पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं कि यह त्रासदी हिमनद तटबंध बाढ़ (जीएलओएफ) या किसी अन्य कारण से आई। रसुवा के सहायक मुख्य जिला अधिकारी ध्रुव प्रसाद अधिकारी ने कहा कि बाढ़ का स्तर असामान्य रूप से बहुत अधिक था और दोनों बस्तियों में काफी नुकसान हुआ है। रसुवा के मुख्य सीमा शुल्क अधिकारी राजेंद्र ढुंगाना ने बताया कि सीमा शुल्क परिसर में रखे कई वाहन और सामान बह गए। हाल में बनाया गया एक पुल भी नष्ट हो गया। यह स्थान तिब्बत, चीन से जुड़ा नेपाल के व्यापारिक आवागमन को नियंत्रित करता है। इंडिपेंडेंट पावर प्रोड्यूसर्स एसोसिएशन नेपाल (आईपीपीएएन) के एक बयान के अनुसार, अचानक आई बाढ़ से नुवाकोट और रसुवा जिलों में 354 मेगावाट की कुल क्षमता वाली आठ चालू जलविद्युत परियोजनाएं और निर्माणाधीन पांच परियोजनाएं क्षतिग्रस्त हुई हैं। बाढ़ से क्षतिग्रस्त प्रमुख चालू जलविद्युत परियोजनाओं में रसुवागढ़ी जलविद्युत परियोजना (111 मेगावाट), संजेन खोला जलविद्युत परियोजना (78 मेगावाट) और अपर त्रिशूली-3ए (60 मेगावाट) शामिल हैं।

### 50 हजार

बरेली, प्रयागराज, अयोध्या, गोरखपुर, वाराणसी और झांसी समेत कई जिलों में अहिल्याबाई होल्कर के नाम पर कामकाजी महिलाओं के लिए छात्रावास बनाए जा रहे हैं। प्रत्येक हॉस्टल में 500 कामकाजी महिलाओं के निशुल्क रहने की व्यवस्था होगी। मुख्यमंत्री ने पिछली सरकारों पर निशाना साधते हुए कहा कि 2017 से पहले प्रदेश में महिलाओं की सुरक्षा को लेकर गंभीर स्थिति थी। पेंशन, छात्रवृत्ति और अन्य योजनाओं में बिचौलियों का दखल था। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकारी योजनाओं पर कमीशनखोरी की काली छाया मंडराती थी और योजनाओं का पैसा लाभार्थियों तक पहुंचने से पहले ही गायब हो जाता था। सीएम ने कहा कि उस समय माफिया और अपराधियों का प्रभाव था। आज प्रदेश में महिला हेल्पडेस्क, 1090, 112, सीसीटीवी नेटवर्क, महिला बीट पुलिस और मिशन शक्ति जैसे तंत्र काम कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि 2017 से पहले प्रदेश में महिला कार्यबल की भागीदारी करीब 12 फीसदी थी, जो अब बढ़कर 36 फीसदी हो गई है। सरकार का लक्ष्य इसे 50 फीसदी तक पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि आज बेटियां बेफिक्र होकर नाइट शिफ्ट कर रही हैं। सरकार की कोशिश है कि महिलाएं घर से निकलकर पढ़ाई, नौकरी, कारोबार और अन्य क्षेत्रों में आगे बढ़ें और सुरक्षित घर लौटें। मुख्यमंत्री ने बताया कि उत्तर प्रदेश में 2017 में करीब 10 हजार महिला पुलिसकर्मी थीं, जबकि अब यह संख्या 45 हजार तक पहुंच गई है। पुलिस भर्ती में 20 फीसदी बेटियों की भर्ती अनिवार्य की गई है।

### खेती में तकनीक

किसानों, 35 हजार मत्स्य उत्पादकों और 3 लाख महिलाओं को लाभ पहुंचाने का लक्ष्य है। खरीफ 2026 में 1.75 लाख हेक्टेयर क्षेत्र को परियोजना के दायरे में लिया गया है। रबी सीजन 2026-27 में भी 1.75 लाख हेक्टेयर में गेहूं, मटर, चना, मसूर और सरसों जैसी फसलों की उत्पादकता बढ़ाने का लक्ष्य रखा गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पूर्वी उत्तर प्रदेश और बुंदेलखंड में कृषि की काफी संभावनाएं हैं, लेकिन लंबे समय तक इन क्षेत्रों को पिछड़ेपन के पर्याय के रूप में देखा गया। यूपी-एग्रीज के जरिए इन क्षेत्रों की कृषि क्षमता को नई तकनीक और बेहतर बाजार से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि किसान को केवल उत्पादक के रूप में नहीं, बल्कि आधुनिक कृषि और अर्थव्यवस्था का प्रॉस्पैरिटी पार्टनर बनाना सरकार का लक्ष्य है। परियोजना का मूल दर्शन प्रोडक्टिविटी, टेक्नोलॉजी, क्लाइमेट रेजिलिएंस, मार्केट, एंटरप्राइज और फार्मर प्रॉस्पैरिटी पर आधारित है। गूगल एवं नेटवर्क फॉर ह्यूमैनिटी के साथ साझेदारी के तहत ओपन नेटवर्क फॉर एग्रीकल्चर विकसित करने की दिशा में काम किया जा रहा है। इसका मॉडल यूपीआई और ओएनडीसी जैसे ओपन डिजिटल नेटवर्क से प्रेरित होगा। इसका उद्देश्य किसानों को मौसम, बाजार मूल्य, मिट्टी की जानकारी, कृषि सलाह और अन्य एग्रीटेक सेवाओं के लिए अलग-अलग ऐप पर निर्भरता से बचाना है। एक ही डिजिटल इंटरफेस के जरिए किसानों को विभिन्न कृषि सेवाओं तक पहुंच उपलब्ध कराने की योजना है। आईटीसी के साथ साझेदारी के जरिए धान और गेहूं के क्लाइमेट रेजिलिएंट कमोडिटी क्लस्टर विकसित किए जाएंगे। दो लाख एकड़ से अधिक क्षेत्र में क्लाइमेट स्मार्ट कृषि का विस्तार प्रस्तावित है। इसमें शून्य जुताई, डायरेक्ट सीडेड राइस (डीएसआर), जलवायु अनुकूल उन्नत बीज और डिसीजन न्यूट्रिएंट मैनेजमेंट जैसी आधुनिक तकनीकों का इस्तेमाल किया जाएगा। बहराइच में 1500 एकड़ क्षेत्र में डीयू कंप्लायंस और एमआरएल मानकों के अनुरूप धान क्लस्टर विकसित करने का प्रस्ताव है। इसके जरिए किसानों की प्रति एकड़ आय में 20 से 30 फीसदी वृद्धि, यूरिया के इस्तेमाल में 25 फीसदी कमी और श्रम एवं सिंचाई लागत में 25 से 30 फीसदी बचत का लक्ष्य रखा गया है। एक्वाब्रिज के साथ साझेदारी के जरिए उत्तर प्रदेश में मत्स्य पालन को पारंपरिक गतिविधि से तकनीक आधारित उद्यम में बदलने की तैयारी है। मत्स्य किसानों, सहकारी समितियों और उद्यमियों को आधुनिक तकनीक और प्रशिक्षण से जोड़ा जाएगा।

### बिहार

का जलस्तर 4.77 मीटर दर्ज किया गया है, जबकि चेतावनी स्तर 7.30 मीटर और खतरे का निशान 9 मीटर है। उन्होंने कहा कि यदि जलस्तर में तेजी से वृद्धि होती है तो लगभग साढ़े तीन घंटे में उसका प्रभाव गंडक बराज तक पहुंच सकता है। इससे पहले मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने बुधवार को उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक करके संबंधित जिलों में विशेष सतर्कता बरतने और सभी आवश्यक तैयारियां पूरी रखने का निर्देश दिया। उल्लेखनीय है कि अचानक बाढ़ (फ्लैश फ्लड) ऐसी बाढ़ होती है जो बहुत कम समय में भारी बारिश, बादल फटने, पहाड़ी क्षेत्रों से तेज जलप्रवाह या बांध से अचानक पानी छोड़े जाने के कारण आती है।

मुख्यमंत्री कार्यालय की ओर से जारी बयान के अनुसार, मुख्यमंत्री चौधरी ने विशेष रूप से गंडक नदी से जुड़े पश्चिम चंपारण, पूर्वी चंपारण, गोपालगंज, सारण, मुजफ्फरपुर और वैशाली सहित अन्य संवेदनशील जिलों में निगरानी बढ़ाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि नेपाल से आने वाले पानी की स्थिति पर सतत नजर रखी जाए और संभावित प्रभावित क्षेत्रों में समय रहते एहतियाती कदम उठाए जाएं।

### बारिश से

पशुहानि और आर्थिक क्षति का तत्काल आकलन कराने को कहा है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि नुकसान का आंकलन कर प्रभावित परिवारों को नियमानुसार 24 घंटे के भीतर मुआवजा उपलब्ध कराया जाए। साथ ही अधिकारियों को प्रभावित परिवारों से लगातार संवाद बनाए रखने और राहत-सहायता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि बारिश के कारण जलभराव वाले क्षेत्रों में लोगों की सुरक्षा को प्राथमिकता दी जाए।

### 944 हेक्टेयर

2011 को ऊर्जा विभाग और दोनों कंपनियों के बीच समझौता हुआ था। थर्मल पावर प्लांट स्थापित करने के उद्देश्य से भोगनीपुर तहसील क्षेत्र में कंपनियों को कुल 944.029 हेक्टेयर भूमि उपलब्ध कराई गई थी। मैसर्स लैन्को अनपरा पावर लिमिटेड को कृपालपुर, चपरघटा, रसूलपुर भुरण्डा और भरतौली गांवों में कुल 375.378 हेक्टेयर भूमि दी गई थी। इसमें 90.3260 हेक्टेयर पट्टा भूमि और 285.0524 हेक्टेयर अधिग्रहीत निजी भूमि शामिल थी। वहीं मैसर्स हिमावत पावर प्राइवेट लिमिटेड को अमिलिया, सिहारी, कछगांव और चपरघटा गांवों में कुल 568.651 हेक्टेयर भूमि उपलब्ध कराई गई थी। इसमें 217.813 हेक्टेयर पट्टा भूमि और 350.838 हेक्टेयर अधिग्रहीत निजी भूमि शामिल थी। समझौते की शर्तों के मुताबिक कंपनियों को जमीन पर कब्जा मिलने के तीन साल के भीतर पावर प्रोजेक्ट का निर्माण पूरा करना था। हालांकि निर्धारित अवधि तो दूर, करीब 15 साल बीत जाने के बाद भी दोनों कंपनियों ने मौके पर पावर प्लांट का निर्माण शुरू नहीं किया। सरकार ने इसे अनुबंध की शर्तों का गंभीर उल्लंघन माना है। जांच के दौरान शर्तों के उल्लंघन का एक और मामला सामने आया। समझौते में स्पष्ट था कि राज्य सरकार की अनुमति के बिना कंपनियां आवंटित भूमि को बेच, लीज या बंधक नहीं रख सकती थीं। इसके बावजूद आरोप है कि मैसर्स हिमावत पावर प्राइवेट लिमिटेड ने बिना अनुमति जमीन को आईडीबीआई बैंक में बंधक रख दिया। वहीं मैसर्स लैन्को अनपरा पावर लिमिटेड ने भी सरकार की अनुमति के बिना भूमि को केनरा बैंक और पंजाब नेशनल बैंक में गिरवी रख दिया। ऊर्जा विभाग के मुताबिक कंपनियों ने इसके लिए न तो शासन से अनुमति ली और न ही विभाग को इसकी जानकारी दी। अनुबंध की शर्तों का उल्लंघन सामने आने के बाद शासन ने दोनों कंपनियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया। 25 मई 2026 को जारी नोटिस में कंपनियों को 15 दिन के भीतर अपना पक्ष रखने का निर्देश दिया गया था। नोटिस कंपनियों के पंजीकृत पते और ईमेल पर भेजा गया था और दोनों को प्राप्त भी हुआ। इसके बावजूद निर्धारित समय सीमा के भीतर कंपनियों की ओर से कोई जवाब या स्पष्टीकरण नहीं दिया गया।

### यूपी बना

सिंह ने कहा कि उत्तर प्रदेश स्क्रैप पॉलिसी लागू करने के मामले में देश में पहले स्थान पर है। वहीं स्वचालित परीक्षण केंद्र (एटीएस) स्थापित करने में प्रदेश दूसरे और ड्राइविंग लाइसेंस बनाने में तीसरे स्थान पर है। उन्होंने बताया कि योगी सरकार की मंजूरी के बाद देश में पहली बार एआरटीओ (सड़क सुरक्षा) की तैनाती का रास्ता साफ हुआ है। इसका उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं को नियंत्रित करना और सड़क सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करना है। इसके अलावा मोटर व्हीकल इंस्पेक्टर (एमवीआई) के 352 पदों को मंजूरी दी गई है।

### ईवी चार्जिंग

सुविधा मिल रही है और ईवी अपनाने को लेकर लोगों का भरोसा बढ़ रहा है। पब्लिक चार्जिंग नेटवर्क का विस्तार विशेष रूप से प्रमुख शहरों, राष्ट्रीय एवं राज्य राजमार्गों तथा महत्वपूर्ण परिवहन मार्गों पर इलेक्ट्रिक मोबिलिटी को गति देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। उत्तर प्रदेश में इलेक्ट्रिक वाहनों की बढ़ती संख्या प्रदेश में स्वच्छ और हरित परिवहन व्यवस्था के निर्माण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। प्रदेश सरकार की नीतियों और इन्फ्रास्ट्रक्चर विकास के प्रयासों से इलेक्ट्रिक वाहन बाजार को भी मजबूती मिल रही है।

### आतंकी

संयुक्त बलों ने चार 9 एमएम पिस्तौल बरामद कीं। इसके साथ ही चार मैगजीन, 22 कारतूस और दो हैंड ग्रेनेड भी मिले।




# श्रीलंका के 229 रन पर छह विकेट

## सूरियाबंडारा और मेंडिस के संघर्ष के बावजूद भारत सीरीज जीतने के करीब

एजेंसी



कोलंबो। श्रीलंकाई बल्लेबाजों ने कुछ समय तक डटकर मुकाबला किया, लेकिन भारतीय गेंदबाजों ने सही समय पर विकेट लेकर बुधवार को यहां दूसरे और अंतिम टेस्ट के चौथे दिन मेजबान टीम के दूसरी पारी में स्टंप तक 229 रन तक छह विकेट झटक लिए। स्टंप तक सोनल दिनुषा सात और केशारा नुवांथा तीन रन बनाकर क्रीज पर थे। जैसा कि अब इस मैच में आम हो गया है, शाम की बारिश और खराब रोशनी के कारण खेल रोकना पड़ा। अब भारत की कोशिश होगी कि पांचवें दिन मैच और सीरीज दोनों अपने नाम कर ले। भारतीय गेंदबाजों के दबदबे से पहले पासिंदु सूरियाबंडारा (92) और कामिंदु मेंडिस (55) के बीच तीसरे विकेट के लिए हुई 115 रन की साझेदारी श्रीलंका की वापसी का मुख्य आधार रही। सूरियाबंडारा और मेंडिस ने तब मोर्चा संभाला जब श्रीलंका 63 रन तक दो विकेट खोकर संघर्ष कर रहा था।

इन दोनों ने अगले 110 मिनट तक भारतीय गेंदबाजों का डटकर सामना किया। इस साझेदारी ने श्रीलंका को पहली पारी में 213 रन से पिछड़ने के बाद फॉलोऑन की स्थिति से उबरने में मदद की। हालांकि, उस दौरान श्रीलंका का प्रदर्शन पहली पारी की तुलना में काफी बेहतर था। पहली पारी में टीम 290 रन पर ऑलआउट हो गई थी और फॉलोऑन के स्कोर से सिर्फ 13 रन दूर रह गई थी। सोनल दिनुशा ने श्रृंखला का अपना दूसरा शतक लगाते हुए 103 रन की पारी खेली थी। लेकिन सूरियाबंडारा और मेंडिस की साझेदारी की वजह से मैच पांचवें दिन तक खिंच गया जबकि उन्होंने दूसरी पारी में सलामी बल्लेबाज लाहिरू उदारा और कामिल मिशारा के विकेट जल्दी गंवा दिए थे। इन दोनों की साझेदारी बिल्कुल भी रक्षात्मक नहीं थी। दोनों बल्लेबाजों ने खुलकर बल्लेबाजी करते हुए गेंदबाजों पर लगातार दबदबा बनाया। मेंडिस ने मानव सुथार की गेंदों पर दो छक्के जड़े और बाएं हाथ के स्पिनर को दबाव बनाने का बिल्कुल भी मौका नहीं दिया। फिर सूरियाबंडारा ने भी सुथार की गेंद पर स्लॉग-स्वीप करते हुए एक छक्का लगाया। इस सीरीज में पहली बार युवा स्पिनर सुथार संघर्ष करते नजर आए। मेंडिस ने प्रसिद्ध कृष्णा की गेंद को पुल करते हुए छक्का लगाकर 87 गेंद में अपना अर्धशतक पूरा किया। इसके कुछ ही समय बाद ही सूरियाबंडारा ने भी 78 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा कर लिया। पर प्रसिद्ध कृष्णा की शॉर्ट-पिच गेंद ने इन दोनों के बीच भागीदारी तोड़ी और शुभमन गिल ने दौड़ते हुए शानदार कैच पकड़कर मेंडिस की पारी समाप्त कर दी। श्रीलंका ने चाय तक अपनी दूसरी पारी में तीन विकेट पर 199 रन बना लिए थे जिससे उसे पारी की हार से बचने के लिए महज 14 रन की दरकार थी। लेकिन दिन के अंतिम सत्र ने मैच का पूरा रुख बदल दिया और भारत ने तीन विकेट झटक लिए। कप्तान धनंजय डी सिल्वा सबसे पहले आउट हुए।

वह सुथार की गेंद पर देवदत्त पडिक्कल के हाथों में लपके गए। सूरियाबंडारा अपने पहले टेस्ट शतक की ओर बढ़ते दिख रहे थे, लेकिन एक गलत फैसले ने उनकी पारी का अंत कर गया। दाएं हाथ के बल्लेबाज ने सुथार की गेंद पर आगे निकलकर बड़ा शॉट खेलने की कोशिश की। फिर सुथार ने इस हरकत को भांपते हुए बाहर की ओर गेंद डाली और पंत ने उनकी गिल्लियां बिखेरने में देर नहीं की। इस तरह सूरियाबंडारा 92 रन पर स्टंप आउट हो गए। इसके बाद काफी टर्न हासिल कर रहे सारांश जैन ने निरोशन डिकवेला को पगबाधा आउट किया जिससे श्रीलंका का स्कोर छह विकेट पर 218 रन हो गया। दिन का लगभग एक घंटे का खेल बाकी था लेकिन शाम चार बजकर 37 मिनट पर तेज बारिश शुरू हो गई और खेल रोकना पड़ा।

दिन के पहले सत्र में श्रीलंका को एक और खुशी का मौका मिला था, जब सोनल दिनुषा ने रात के 85 रन के स्कोर को अपने शतक में तब्दील किया। दिनुषा ने जैन की गेंद पर छक्का, स्लॉग-स्वीप और फिर ऑन-साइड में चौका लगाकर तेजी से 90 के आंकड़े को पार किया। इसके बाद दाएं हाथ के बल्लेबाज ने प्रसिद्ध कृष्णा की गेंद पर जोरदार पुल शॉट लगाकर अपना शतक पूरा किया और इसका जश्न मनाया। हालांकि उनकी यह पारी भी श्रीलंका को फॉलोऑन से नहीं बचा सकी। इस दौरान भारत के लिए चिंता की बात भी हुई क्योंकि तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज कैच लेने के लिए डाइव लगाते समय चोटिल हो गए। उन्हें चिकित्सा सहायता के लिए मैदान से बाहर जाना पड़ा, लेकिन कुछ समय बाद वह वापस लौट आए। दूसरे सत्र में सिराज ने छोटे रन-अप के साथ गेंदबाजी की। तीसरे दिन विकेटकीपिंग से दूर रहने के बाद वापस जिम्मेदारी संभालने वाले पंत भी कई मौकों पर विकेट के काफी करीब खड़े होकर विकेटकीपिंग करते नजर आए।


भारतीय टीम ने गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन से श्रीलंका को दूसरे और अंतिम टेस्ट क्रिकेट मैच में फॉलोऑन के लिए मजबूर किया और फिर चौथे दिन बुधवार को लंच तक दूसरी पारी में 83 रन पर उसके दो विकेट निकाल दिए। श्रीलंका इस तरह से भारत से 130 रन पीछे है। लंच के समय पासिंदु सूरियाबंडारा 35 और कामिंदु मेंडिस 10 रन पर खेल रहे थे। भारत की तरफ से मोहम्मद सिराज और रविंद्र जडेजा ने एक-एक विकेट लिया है। इससे पहले श्रीलंका ने सोनल दिनुशा (103) के लगातार दूसरे शतक के बावजूद अपनी

### भारत ने श्रीलंका को फॉलोऑन दिया दूसरी पारी में शुरू में लिए दो विकेट

पहली पारी में 290 रन बनाए। भारत ने अपनी पहली पारी नौ विकेट पर 503 रन बनाकर समाप्त घोषित की थी। इस तरह से उसे पहली पारी के आधार पर 213 रन की बढ़त मिली। भारत ने अपनी दूसरी पारी शुरू करने के बजाय श्रीलंका को फॉलोऑन देने का फैसला किया। भारत ने पहले टेस्ट मैच में 165 रन से जीत हासिल करके दो मैचों की श्रृंखला में 1-0 की बढ़त बना रखी है। श्रीलंका ने चौथे दिन सुबह अपनी पहली पारी आठ विकेट पर 265 रन से आगे बढ़ाई।

भारत की तरफ से दोनों विकेट अपना पहला टेस्ट मैच खेल रहे सारांश जैन ने लिए। प्रसिद्ध कृष्णा और मानव सुथार ने तीसरे दिन तीन-तीन विकेट लिए थे। दिनुशा ने आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी करके अपना शतक पूरा किया। उन्होंने छक्का जड़कर शुरुआत की। दाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा की गेंद पर पुल शॉट खेलकर अपना शतक पूरा किया। लेकिन जैन ने जल्द ही उनके साथी लाहिरू कुमारा (12) को कवर पर खड़े ध्रुव जुरेल के हाथों कैच करवा दिया। सारांश का यह टेस्ट क्रिकेट में पहला विकेट था।

# बुमराह की जगह नंबर एक टेस्ट गेंदबाज बने स्टार्क



दुबई। बांग्लादेश के खिलाफ आईसीसी विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप श्रृंखला के दूसरे मैच में 10 विकेट लेने वाले ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क अपने करियर में पहली बार आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में नंबर एक गेंदबाज बन गए हैं। इस 36 वर्षीय बाएं हाथ के गेंदबाज ने पहली पारी में 12 रन देकर छह और दूसरी पारी में 39 रन देकर चार विकेट लेकर ऑस्ट्रेलिया की पारी और 51 रन की जीत में अहम भूमिका निभाई। इससे उन्होंने न्यूजीलैंड के मैट हेनरी और भारत के जसप्रीत बुमराह को पीछे छोड़कर नंबर एक स्थान हासिल कर दिया।

वह इन दोनों तेज गेंदबाजों से 10 रेटिंग अंक आगे हैं। स्टार्क इससे पहले एक बार दूसरे स्थान पर पहुंचे थे। उन्होंने पिछले साल बॉक्सिंग डे टेस्ट के बाद पहली बार दूसरा स्थान हासिल किया था। बुमराह इस तरह से मौजूदा दौर में केवल दो महीने तक शीर्ष स्थान पर काबिज रहे लेकिन वह कुल 697 दिन तक नंबर एक गेंदबाज रहे जो किसी भी भारतीय गेंदबाज का रिकॉर्ड है। इस मामले में वह सर्वकालिक सूची में 14वें स्थान पर हैं। बुमराह चोट के कारण वे श्रीलंका के खिलाफ चल रही श्रृंखला से बाहर हो गए थे। इंग्लैंड के तेज गेंदबाज ओली रॉबिन्सन को भी काफी फायदा हुआ है। लीड्स में तीन टेस्ट मैचों की श्रृंखला के पहले टेस्ट में इंग्लैंड की पाकिस्तान के खिलाफ एक पारी और 103 रन की जीत में आठ विकेट लेने के कारण वह गेंदबाजों की रैंकिंग में 15 स्थान ऊपर 11वें स्थान पर पहुंच गए हैं। इस मैच में आठ विकेट लेने वाले जोश टोंग रैंकिंग में 16 पायदान ऊपर 17वें स्थान पर पहुंच गए हैं। गॉल में श्रीलंका के खिलाफ पहले टेस्ट में भारत की 165 रन की जीत में 10 विकेट लेने वाले बाएं हाथ के स्पिनर मानव सुथार रैंकिंग में 28 पायदान ऊपर अपने करियर के सर्वश्रेष्ठ 48वें स्थान पर पहुंच गए हैं।

श्रीलंका के गेंदबाज असिथा फर्नांडो और प्रभात जयसूर्या दोनों पांच पायदान ऊपर क्रमशः 15वें और 16वें स्थान पर पहुंच गए हैं। ऑस्ट्रेलिया के स्पिनर नाथन लियोन (दो स्थान ऊपर 10वें), पाकिस्तान के अली उस्मान (30 स्थान ऊपर 67वें), इंग्लैंड के तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर (छह स्थान ऊपर संयुक्त 38वें), भारत के प्रसिद्ध कृष्णा (दो स्थान ऊपर 53वें) और बांग्लादेश के शोरिफुल इस्लाम (17 स्थान ऊपर 57वें स्थान पर) भी आगे बढ़ने में सफल रहे। बल्लेबाजी रैंकिंग में हैरी ब्रूक ने शीर्ष पर अपनी स्थिति मजबूत करनी है। वह अपने साथी खिलाड़ी जो रूट से 24 रेटिंग अंक आगे हो गए हैं।

# निशांत के चौके से गोरखपुर की रोमांचक जीत

खेल संवाददाता

लखनऊ। मैन ऑफ द मैच आदर्श सिंह (नाबाद 101) के सीजन के पहले शतक के बावजूद कानपुर सुपरस्टार्स को यूपी टी-20 लीग सीजन-4 पावर्ड बाई बिमल इलायची और एसीएस के मैच में गौर गोरखपुर लायंस के हाथों तीन विकेट से हार का

**यूपी टी-20 लीग सीजन-4 पावर्ड बाई बिमल इलायची और एसीएस**

सामना करना पड़ा। आदर्श सिंह की शानदार पारी की बदौलत कानपुर सुपरस्टार्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 15.4 ओवर में दो विकेट पर 150 रन बनाए। बारिश के कारण मैच बाधित होने के बाद डकवर्थ-लुईस पद्धति से गौर गोरखपुर लायंस को 10 ओवर में 121 रन का संशोधित लक्ष्य मिला, जिसे गोरखपुर ने 9.4 ओवर में सात विकेट खोकर 124 रन बनाते हुए हासिल कर लिया और तीन विकेट से जीत अपने नाम की। भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी इकाना क्रिकेट स्टेडियम में खेले जा रहे इस मुकाबले में गौर गोरखपुर लायंस ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण का फैसला लिया।

पहले बल्लेबाजी करने उतरी कानपुर सुपरस्टार्स को आदर्श सिंह व प्रियांशु पांडेय की सलामी जोड़ी ने बेहतरीन शुरूआत दिलाई। दोनों ने पहले विकेट के लिए 63 रन की साझेदारी की। प्रियांशु पांडेय ने 16 गेंदों पर दो चौके व दो छक्कों की मदद से 24 रन बनाए। उन्हें सातवें ओवर की पहली गेंद पर शिवम शर्मा ने अपनी ही गेंद पर कैच लपककर पवेलियन वापस भेजा। इसके बाद कप्तान समीर रिजवी (13 रन, 20 गेंद) ने आदर्श सिंह का साथ दिया। दोनों ने दूसरे विकेट के लिए 80 रन की साझेदारी कर कानपुर की पारी को मजबूत स्थिति में पहुंचाया। समीर को 15वें ओवर की पहली गेंद पर विशाल निषाद की गेंद पर निशांत

**कानपुर सुपरस्टार्स को तीन विकेट से दी शिकस्त**

कुशवाहा ने कैच किया। इसके बाद आदर्श सिंह ने आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए अपना शतक पूरा किया। उन्होंने 54 गेंदों पर 101 रन की नाबाद पारी खेली, जिसमें तीन चौके और नौ छक्के शामिल रहे।

# मयंक और प्रतीति ने एशियाई जूनियर क्लासिकल शतरंज चैंपियनशिप जीती

मुंबई। भारत के मयंक चक्रवर्ती और प्रतीति बोरदोलोई ने बुधवार को यहां एशियाई जूनियर क्लासिकल शतरंज चैंपियनशिप में क्रमशः ओपन और लड़कियों के वर्ग का खिताब जीता। शीर्ष वरीयता प्राप्त मयंक ने नौ राउंड की ओपन चैंपियनशिप में 7.5 अंक हासिल करके स्वर्ण पदक अपने नाम किया। रूस के आर्टेम पिंगिन ने सात अंकों के साथ रजत पदक हासिल किया, जबकि भारत के दक्ष गोयल ने 6.5 अंक बनाकर कांस्य पदक जीता। प्रतीति ने नौ राउंड में 7.5 अंक हासिल करके लड़कियों के वर्ग में स्वर्ण पदक जीतकर भारत को दोहरी सफलता दिलाई। कजाकिस्तान की मारिया खोल्यावको उनसे आधा अंक पीछे रहकर रजत पदक जीतने में सफल रहीं, जबकि निवेदिता वी सी ने 6.5 अंक लेकर कांस्य पदक जीता। ओपन चैंपियन मयंक ने अपने शानदार प्रदर्शन के दम पर एक और ग्रैंडमास्टर नॉर्म हासिल किया। कांस्य पदक विजेता दक्ष गोयल फिडे मास्टर बने। उन्होंने इंटरनेशनल मास्टर नॉर्म भी हासिल किया। महिला चैंपियन प्रतीति ने महिला इंटरनेशनल मास्टर का खिताब भी अपने नाम किया। इसके साथ ही उन्होंने महिला ग्रैंडमास्टर नॉर्म भी हासिल किया।

# एलिना स्वितोलिना और गेल मोनफिल्स यूएस ओपन के मिश्रित युगल सेमीफाइनल में

न्यूयॉर्क। एलिना स्वितोलिना और गेल मोनफिल्स दोनों यूएस ओपन टेनिस टूर्नामेंट में कभी खिताब नहीं जीत पाए हैं लेकिन इस बार हो सकता है कि यह विवाहित जोड़ा एक साथ कोई ट्रॉफी जीत सके। पति-पत्नी की यह जोड़ी कैटेरीना सिनियाकोवा और हेनरी पैटन को 5-4 (6), 4-5 (3) (10-8) से हराकर मिश्रित युगल सेमीफाइनल में पहुंचने वाली पहली टीम बन गई। सेरेना विलियम्स और कार्लोस अल्काराज़ ने अपना पहला दौर का मैच तो जीत लिया, लेकिन बेलिंडा बेनसिच और फ्लेवियो कोबोली से 5-4 (4), 4-1 से हारने के बाद वे टूर्नामेंट से बाहर हो गए।

सेमीफाइनल में स्वितोलिना और मोनफिल्स का मुकाबला बेनसिच और कोबोली से होगा, जबकि दूसरे सेमीफाइनल में मिरा एंड्रीवा और एंड्री रुबलेव का सामना कैरोलिना मुचोवा और जैकब मेनसिच से होगा। विजेता टीम को 10 लाख डॉलर मिलेंगे। संन्यास लेने से पहले अपने आखिरी ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट में खेल रहे मोनफिल्स के लिए यह एक शानदार कमाई होगी जिसे वह अपनी पत्नी के साथ साझा कर सकेंगे। कोर्ट पर एक दूसरे को चूमने और गले लगाने के बाद मोनफिल्स ने कहा पत्नी खुश तो जीवन खुशहाल।

# दलीप ट्रॉफी: उत्तर क्षेत्र ने पश्चिम क्षेत्र को हराया, सेमीफाइनल में दक्षिण क्षेत्र से भिड़ेगा

बेंगलुरु। बाएं हाथ के स्पिनर आबिद मुश्ताक और निशांत सिंधु ने पश्चिम क्षेत्र के निचले क्रम के बल्लेबाजों को चौथे दिन सुबह 6.3 ओवरों में ही पवेलियन भेज दिया, जिससे उत्तर क्षेत्र ने 52 रन से जीत हासिल करके दलीप ट्रॉफी के सेमीफाइनल में प्रवेश किया जहां उसका मुकाबला दक्षिण क्षेत्र से होगा। पश्चिम क्षेत्र ने टर्न ले रही पिच पर 287 के मुश्किल लक्ष्य का पीछा करते हुए अंतिम दिन की शुरुआत सात विकेट पर 220 रन से की लेकिन उसकी टीम 234 रन पर सिमट गई।

उर्विल पटेल (25) और भरोसेमंद तनुष कोटियन (00) ने पश्चिम क्षेत्र की पारी आगे बढ़ाई। मुश्ताक (22 ओवर में सात रन लेकर चार विकेट) ने जल्दी ही कोटियन को आउट कर दिया और उसके बाद तुषार देशपांडे (05) का विकेट भी लिया। इसके बाद सिंधु ने उर्विल को आउट करके मैच का अंत किया। मुश्ताक ने मैच में 99 रन देकर नौ विकेट लिए और उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। इस मैच का निर्णायक मोड़ निश्चित रूप से पश्चिम क्षेत्र के कप्तान रुतुराज गायकवाड़ (70 गेंदों पर 66 रन) का रन आउट होना रहा।








# क्रेमलिन का आदेश मरम्मत के लिए दबाव

## पुतिन ने यूक्रेनी ड्रोन हमलों के बीच प्रमुख प्रतिष्ठानों पर सरकारी नियंत्रण का रास्ता खोला

एजेंसी



मॉस्को। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने एक ऐसे आदेश पर हस्ताक्षर किये हैं, जिसके तहत यदि निजी मालिक यूक्रेनी ड्रोन हमलों से अहम बुनियादी ढांचे की सुरक्षा करने या हमलों के बाद उसे फिर से खड़ा करने में विफल रहते हैं तो सरकार अस्थायी रूप से उनका नियंत्रण अपने हाथ में ले सकती है। इसे युद्ध के बढ़ते दबाव के बीच मॉस्को की मुश्किलों का एक और संकेत माना जा रहा है। रूस कई महीनों से बढ़ते, दूर तक पहुंचने वाले और अधिक सटीक यूक्रेनी हमलों के कारण आर्थिक और राजनीतिक दबाव का सामना कर रहा है।

यूक्रेन ने घरेलू स्तर पर विकसित लंबी दूरी के ड्रोन के जरिए महत्वपूर्ण तेल प्रतिष्ठानों को निशाना बनाया है, जिससे ईंधन की कमी पैदा हुई है। राष्ट्रपति पुतिन ने भी सार्वजनिक रूप से ईंधन की कमी को स्वीकार किया है। इन हमलों में बड़े वाणिज्यिक केंद्र भी निशाना बने हैं, जिससे रूसी नेतृत्व को असहज स्थिति का सामना करना पड़ा है। वहीं, यूक्रेन भी लगातार हो रहे रूसी हवाई हमलों से प्रभावित हुआ है। रूसी हमलों ने सर्दी से पहले यूक्रेन के बिजली ढांचे को भारी नुकसान पहुंचाया है और बड़ी संख्या में घर क्षतिग्रस्त हुए हैं। रूस-यूक्रेन के टकराव का यह पांचवा साल है। सरकार का यह नया आदेश मरम्मत के लिए मालिकों पर दबाव डाल सकता है।

सोमवार देर रात घोषित पुतिन के आदेश के पीछे क्रेमलिन की मंशा अभी स्पष्ट नहीं है। हालांकि, यह ऊर्जा और ईंधन संरचनाओं, औद्योगिक प्रतिष्ठानों, संचार, परिवहन और रसद केन्द्रों समेत कई क्षेत्रों पर लागू होता है। क्रेमलिन के प्रवक्ता द मित्री पेस्कोव ने मंगलवार को कहा कि अक्सर कारोबारी मालिक सुरक्षा सुनिश्चित करने, खासकर ड्रोन रोधी सुरक्षा के उपाय करने पर पर्याप्त ध्यान नहीं देते। पेस्कोव ने कहा कि अहम आर्थिक ढांचे के खिलाफ ड्रोन हमलों के खतरे को देखते हुए हमें कदम उठाने होंगे और अपनी सुरक्षा सुनिश्चित करनी होगी। उप प्रधानमंत्री डेनिस मंतुरोव ने सोमवार शाम एक बयान में कहा कि इस आदेश का मतलब कंपनियों का राष्ट्रीयकरण या उनके स्वामित्व में बदलाव नहीं है।

## रूस पर यूक्रेनी हमले में वाइल्डबेरीज का गोदाम जलकर खाक

मॉस्को। यूक्रेन के लंबी दूरी तक हमला करने वाले ड्रोन ने एक महीने से कुछ अधिक समय में दूसरी बार रूस की सबसे बड़ी ऑनलाइन खुदरा कंपनी वाइल्डबेरीज के एक बड़े गोदाम को निशाना बनाया। स्थानीय अधिकारियों ने बुधवार को बताया कि हमले के बाद लगी भीषण आग में गोदाम पूरी तरह नष्ट हो गया। यूक्रेनी बलों ने इससे पहले 18 जुलाई को मॉस्को के दक्षिण-पूर्व में तांबोव क्षेत्र स्थित इस गोदाम पर हमला किया था, जो यूक्रेन की सीमा से कई सौ किलोमीटर दूर है। तब इस हमले में सात लोगों की मौत हुई थी। इसके बाद यूक्रेन ने रूस की ई-कॉमर्स कंपनी वाइल्डबेरीज को लगातार निशाना बनाने का हवाई अभियान शुरू किया। कंपनी के बड़े आकार और व्यावसायिक महत्व के कारण इसकी तुलना अमेजन जैसी कंपनियों से की जाती है। रूस द्वारा फरवरी 2022 में किए गए हमले के बाद यूक्रेन ने अपनी अत्याधुनिक ड्रोन क्षमताओं को विकसित किया है। इनकी मदद से उसने हाल के हफ्तों में रूस में वाइल्डबेरीज की कई सुविधाओं को निशाना बनाया है। कीव के अधिकारियों का कहना है।

## ट्रंप ने सऊदी अरब के साथ हुए असैन्य परमाणु समझौते को समीक्षा के लिए कांग्रेस को भेजा



वाशिंगटन। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सऊदी अरब के असैन्य परमाणु कार्यक्रम को मजबूत करने के उद्देश्य से किए गए समझौते को समीक्षा के लिए कांग्रेस को भेज दिया है। हालांकि, ट्रंप प्रशासन अब भी इस बात पर जोर दे रहा है कि यदि सऊदी अरब इजराइल के साथ संबंध सामान्य नहीं करता है तो यह समझौता आगे नहीं बढ़ेगा। ट्रंप प्रशासन के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। प्रशासन के अधिकारी, कांग्रेस के एक सहयोगी और मामले से परिचित दो अन्य लोगों के अनुसार, परमाणु ऊर्जा अधिनियम के तहत जरूरी प्रक्रिया के तहत यह गोपनीय दस्तावेज सोमवार को कांग्रेस को सौंपा गया। इस समझौते पर पिछले महीने वाशिंगटन में अमेरिकी ऊर्जा मंत्री क्रिस राइट और उनके सऊदी समकक्ष ने हस्ताक्षर किए थे।

हालांकि, इसके अगले ही दिन ट्रंप ने घोषणा की कि समझौते के तहत सऊदी अरब को अब्राहम समझौते के जरिए इजराइल के साथ संबंध सामान्य करने होंगे। उनकी इस घोषणा के बाद समझौते के लागू होने को लेकर संदेह पैदा हो गया था। प्रशासन के अधिकारी और मामले से परिचित अन्य लोगों ने इस बारे में टिप्पणी करने से इनकार कर दिया कि क्या सऊदी अरब के अब्राहम समझौते में शामिल होने की ट्रंप की मांग को कांग्रेस को भेजे गए गोपनीय दस्तावेज में भी शामिल किया गया है। कानून के तहत कांग्रेस को सत्र के दौरान 90 दिनों तक इस समझौते की समीक्षा करनी होगी। यदि इस अवधि के दौरान कांग्रेस समझौते को खारिज करने वाला संयुक्त प्रस्ताव पारित नहीं करती है तो दोनों सदनों में मतदान के बिना ही समझौता प्रभावी हो सकता है। इस तरह के समझौतों की पूरी सामग्री का इतने उच्च स्तर पर गोपनीय रखा जाना असामान्य है। अन्य देशों के साथ किए गए पिछले असैन्य परमाणु समझौते, जिन्हें 123 समझौते के नाम से जाना जाता है, सार्वजनिक किए गए थे। हालांकि, इनमें से कुछ में ऐसे गोपनीय परिशिष्ट शामिल थे जिन्हें सार्वजनिक नहीं किया गया था।

## त्यौहारों से पहले महंगाई से ध्यान भटकाने वाले स्टंट में जुटी भाजपा : मल्लिकार्जुन



नयी दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने त्योहारों से पहले आवश्यक खाद्य वस्तुओं की कीमतों में बढ़ोतरी को लेकर बुधवार को भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए दावा किया कि ध्यान भटकाने वाले स्टंट और बेतुकी बातों में उलझाकर महंगाई के मुद्दे से बचने की कोशिश की जा रही है। खरगे ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि कांग्रेस और जनता महंगाई को लेकर सवाल पूछती रहेगी। उन्होंने खाद्य वस्तुओं की बढ़ी हुई कीमतें दर्शाने वाला एक चार्ट भी साझा किया और आम आदमी की रसोई का जिक्र करते हुए प्याज, चीनी और सरसों तेल की बढ़ती कीमतों को लेकर सरकार पर निशाना साधा।

उन्होंने दावा किया कि प्याज के दाम सालभर में 59 प्रतिशत तक बढ़ गए हैं और कई शहरों में यह 50 से 60 रुपये प्रति किलोग्राम तक बिक रहा है। उन्होंने कहा कि चीनी की कीमत 60-70 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई है और कुछ जगहों पर यह 72 रुपये प्रति किलोग्राम तक बिक रही है। उनके मुताबिक, सरसों के तेल की कीमत 200 रुपये प्रति लीटर से अधिक हो चुकी है। खरगे ने खाद्य मुद्रास्फीति के 5.52 प्रतिशत और थोक मुद्रास्फीति के 9.78 प्रतिशत हो जाने का उल्लेख करते हुए कहा कि महंगाई आम आदमी के घरेलू बजट को प्रभावित कर रही है। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा सरकार के करीब 12 साल के कार्यकाल में अच्छे दिनों की स्थिति यह है।

## 84 विषयों के लिए यूजीसी-नेट के नतीजे इस हफ्ते होंगे घोषित

एजेंसी

नयी दिल्ली। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने बुधवार को कहा कि यूजीसी-नेट के 84 विषयों के परिणाम इस सप्ताह घोषित किए जाएंगे। एनटीए ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा, यूजीसी-नेट (84 विषय), सीएसआईआर-नेट और आईसीएआर एआईईईए (पीजी) तथा एआईसीई (पीएचडी) 2026 की अंतिम उत्तर कुंजी और परिणाम इस सप्ताह एनटीए की वेबसाइट पर प्रकाशित किए जाएंगे।

उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे केवल एनटीए की आधिकारिक सूचनाओं पर भरोसा करें। एनटीए ने इस साल जून में अंग्रेजी, वाणिज्य और समाजशास्त्र के प्रश्नपत्रों की परीक्षा देने वाले उम्मीदवारों के लिए दोबारा परीक्षा कराने का आदेश दिया था। एक विशेषज्ञ समिति ने प्रश्नपत्रों में तथ्यात्मक, टाइपिंग, अनुवाद और भाषा संबंधी त्रुटियां पाई थीं। एनटीए ने परीक्षा के करीब दो महीने बाद 16 अगस्त को यूजीसी-नेट की उत्तर कुंजी जारी की थी और समाजशास्त्र, वाणिज्य तथा अंग्रेजी के प्रश्नपत्रों के संबंध में एक विशेष नोटिस जारी किया था। बाद में उसी दिन उसने त्रुटियों का हवाला देते हुए इन तीनों परीक्षाओं को सितंबर में दोबारा कराने की घोषणा की थी।

दोबारा परीक्षाएं नौ और 10 सितंबर को निर्धारित हैं और उम्मीदवारों को इसके लिए कोई अतिरिक्त परीक्षा शुल्क नहीं देना होगा। राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा (नेट) एनटीए द्वारा भारतीय विश्वविद्यालयों और कॉलेजों में सहायक प्रोफेसर तथा जूनियर रिसर्च फेलोशिप (जेआरएफ) के लिए भारतीय नागरिकों की पात्रता निर्धारित करने के लिए आयोजित की जाती है।

## बिहार के छात्र सवाल पूछते रहेंगे, अब सिर्फ जवाब नही, जवाबदेही चाहिए



नयी दिल्ली। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) परीक्षाओं से जुड़ी मांगों को लेकर छात्रों के विरोध-प्रदर्शन पर बुधवार को कहा कि छात्र सवाल पूछते रहेंगे और अब उन्हें केवल जवाब नहीं, बल्कि जवाबदेही चाहिए। उन्होंने प्रदर्शन के दौरान पुलिस द्वारा एक छोटे बच्चे को अपने साथ ले जाने के वीडियो को एक्स पर साझा करते हुए यह भी कहा कि सरकार जवाब देने के बजाय लाठी और वॉटर कैनन चला रही है और छात्रों को हिरासत में ले रही है।

गांधी ने कहा, बिहार के छात्र सवाल पूछते रहेंगे। और अब सिर्फ जवाब नहीं - जवाबदेही चाहिए। उन्होंने कहा, बिहार के छात्रों का सवाल बहुत सीधा है- भर्ती परीक्षाओं में गड़बड़ी क्यों? पेपर लीक के आरोपों पर कार्वाई क्यों नहीं? और युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ कब तक? कांग्रेस नेता ने कहा कि बीपीएससी की परीक्षाओं को लेकर विवाद नया नहीं है और छात्र लंबे समय से भर्ती प्रक्रिया, परीक्षा पैटर्न, देरी तथा पारदर्शिता को लेकर सड़कों पर हैं।

उन्होंने दावा किया, सीवान में तो प्रदर्शनकारियों पर एके 47 से गोलीबारी तक सामने आई। उनका कहना है, यह सिर्फ पुलिस की कार्वाई का सवाल नहीं। यह उस भाजपा सरकार की मानसिकता का सवाल है, जिसके पास जवाब नहीं हैं, इसलिए वह पुलिस को जवाबदेही से बचने का हथियार बना रही है। राहुल गांधी ने कहा भाजपा सरकार यह समझ ले कि लाठी से सवाल नहीं रुकते। डराकर किसी का भविष्य नहीं छीना जा सकता।




Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com